RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 32
नई दिल्ली, बुधवार, 06 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

स्पोर्ट्स-12


www.dailypioneer.com


# मुख्यमंत्रियों के नाम पर भाजपा में मंथन

● मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत के बाद आलाकमान नामों पर कर रहा विचार

**राजेश कुमार** । नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की हिंदी भाषी राज्यों मध्य प्रदेश (एमपी), राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत के बाद, भाजपा आलाकमान अब मुख्यमंत्रियों के नाम को लेकर मंथन कर रही है। जानकारों के अनुसार सीएम पद के लिए निर्णायक नाम आने में अभी कुछ दिन और लग सकते हैं। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा रविवार को हुई थी। पार्टी सूत्रों ने कहा कि पिछले दो दिनों में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं के बैठकों का दौर जारी है।

इस दौड़ में इन प्रदेशों में कई बार के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह भी मजबूती के साथ मैदान में हैं। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की ओर से संभावित मुख्यमंत्री पद को लेकर किसी भी तरह का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन माना जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के नाम तय किए जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि पार्टी सूत्रों ने कहा कि तीनों जीतने वाले राज्यों में मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम भी हो सकते हैं जैसा कि भाजपा योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाले उत्तर प्रदेश में कर रही है। भाजपा सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठकों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करेगा, जहां वे अपने नेताओं का चुनाव करेंगे। पार्टी निश्चित रूप से छह महीने के भीतर होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखेगी। राजस्थान में शीर्ष पद के लिए दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, संत महंत बाबा बालक नाथ, राजसमंद से सांसद दीया कुमारी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के नाम चर्चा में हैं।

हालांकि वसुंधरा इस दौड़ में सबसे आगे हैं। रविवार को नतीजे घोषित होने के बाद से ही वसुंधरा केंद्रीय नेतृत्व को प्रभावित करने की कोशिश कर रही हैं और अपने वफादारों के साथ बैठकें कर रही हैं। दूसरी ओर मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह ने लो प्रोफाइल बनाए रखा है और फैसला पीएम मोदी गृहमंत्री शाह पर छोड़ दिया है। वसुंधरा खेमे के सूत्रों ने दावा किया कि तब से अब तक करीब 50 विधायक उनसे उनके आवास पर मुलाकात कर चुके हैं। वह वर्ष 2003 से वर्ष 2008 और वर्ष 2013 से 2018 तक दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। जबकि वह पहले के चुनावों में मुख्यमंत्री पद का चेहरा थीं, पार्टी ने इस पद के लिए किसी भी नेता को सामने किए बिना चुनाव में जाने का फैसला किया और पीएम मोदी ने अभियान का नेतृत्व किया। भाजपा सूत्रों ने कहा कि पार्टी वसुंधरा को मुख्यमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल देने के लिए बहुत ज्यादा उत्सुक नहीं है। राजस्थान के लिए पार्टी के प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पद के बारे में पार्टी के संसदीय बोर्ड का निर्णय सभी को स्वीकार्य होगा, हालांकि नवनिर्वाचित विधायकों का दौरा जारी है। अलवर से लोकसभा सांसद बाबा बालक नाथ रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ के प्रमुख हैं। वह विधानसभा चुनाव में तिजारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार थे।

राजस्थान के योगी के नाम से मशहूर बालकनाथ बाबा मस्त नाथ मठ के आठवें महंत (मठ के मुख्य पुजारी) हैं। राजस्थान में शीर्ष पद के लिए एक और नाम जिस पर विचार किया जा सकता है वह है गायत्री देवी की पोती और राजसमंद लोकसभा क्षेत्र से सांसद दीया कुमारी का। पहले वह सवाई माधोपुर से सांसद थीं। वह सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती हैं और शुरुआत में उन्हें सवाई माधोपुर में एक बाहरी व्यक्ति माना जाता था। मध्य प्रदेश में सीएम पद के लिए जिन संभावित नामों को उछाला जा रहा है उनमें निवर्तमान पसंदीदा शिवराज सिंह चौहान, कैलाश विजयवर्गीय और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। एक वीडियो संदेश में चौहान ने मंगलवार को कहा कि वह पहले भी सीएम पद के दावेदार नहीं थे, न ही अब हैं। चौहान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में, वह हमेशा अपनी (शेष पेज 9)

# इंडिया गठबंधन नेताओं की बैठक दिसंबर के आखिर में

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

● घटक दलों के नेताओं के नहीं आ पाने के कारण लिया गया फैसला

**विपक्षी** गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कुछ घटक दलों के प्रमुख नेताओं की अनुपलब्धता के चलते अब इनकी बैठक इस महीने के तीसरे सप्ताह में होगी। हालांकि, गठबंधन के घटक दलों के संसदीय दल के नेता बुधवार शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर होने वाली समन्वय बैठक में शामिल होंगे।

खड़गे के कार्यालय से संबद्ध और कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य गुरदीप सप्पल ने कहा कि अब छह दिसंबर की शाम छह खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के (घटक दलों) के संसदीय दल के नेताओं की समन्वय बैठक होगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, इंडिया गठबंधन के (घटक दलों) के संसदीय दल के नेताओं की समन्वय बैठक 6 दिसंबर 2023 को शाम छह बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर होगी। इसके बाद पार्टी अध्यक्षों प्रमुख नेताओं की बैठक दिसंबर के तीसरे सप्ताह में सभी के लिए सुविधाजनक तिथि को निर्धारित करने के बाद आयोजित की जाएगी। कांग्रेस सूत्रों ने बताया, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक के नेता एमके स्टालिन चक्रवात के कारण पैदा हुए हालात के चलते बैठक में शामिल नहीं हो सकते थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अस्वस्थ हैं तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम है। ऐसे में आगे की तिथि के लिए बैठक को स्थगित किया गया है। यह बैठक ऐसे समय होने वाली थी, जब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के हालिया विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है।

कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत दर्ज की है। बैठक को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वह बुधवार की बैठक में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, उन्होंने दावा किया है कि हाल में चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद इंडिया गठबंधन और मजबूत होगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत इंडिया गठबंधन की हार नहीं है, क्योंकि विपक्षी दलों ने साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ा था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुल्का ने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। चुनावी हार के बाद इंडिया गठबंधन के कुछ घटक दलों ने कांग्रेस पर सवाल खड़े किए। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने सोमवार को कहा था कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के साझेदारों के साथ कोई तालमेल नहीं कर अकेले चुनाव लड़कर गलती की।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को दावा किया था कि तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने वाली कांग्रेस आत्ममुग्धता से पीड़ित है और उससे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले अपनी आंतरिक कलह से निपटने का आह्वान किया। अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन की अब तक तीन बैठक पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी हैं। गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की (शेष पेज 9)

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# आरएसएस अतिथियों की सूची कर रहा फाइनल

● देश भर के साधु-संतों समेत 7,000 मेहमानों को आमंत्रित किया गया

**विश्वजीत बनर्जी** । लखनऊ



**अयोध्या** में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को शुभ मुहूर्त में रामलला को मंदिर में विराजमान कराया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयार की गई अतिथि सूची का खुलासा कर दिया है।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रधामंत्री नरेंद्र, और देश भर के साधू, संतों समेत लगभग 7,000 मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। बिना किसी रूकावट और सौहार्दपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने के लिए, ट्रस्ट ने सभी उपस्थित संतों और धार्मिक नेताओं से विशेष अपील की है कि वे समारोह में दंड, छत्र और पादुका जैसे पारंपरिक प्रतीकों को लेकर नहीं आएं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के चार प्रांतों के पदाधिकारी अयोध्या में एकत्र हुए थे। बैठक से पहले अधिकारियों ने राम जन्मभूमि स्थल पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही मूर्ति निर्माण और बाग बिजेसी में बसाई जा रही टेंट सिटी की प्रगति का आकलन किया। इसके बाद रामकोट में ट्रस्ट कार्यालय में दो घंटे की बैठक हुई जिसमें मेहमानों के लिए आवास, परिवहन और बड़े पैमाने पर भोजन मुहैया करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

अतिथि सूची को विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों को शामिल करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था, जिसमें देश भर से विभिन्न परंपराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 2,500 साधु-संतों का गर्मजोशी से स्वागत करने पर विशेष जोर दिया गया था। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को देखने के लिए केदारनाथ, बद्रीनाथ, बाबा विश्वनाथ धाम और वैष्णो देवी मंदिर के प्रतिनिधियों सहित लगभग 7,000 मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। हालांकि प्रमुख मंदिरों के पुजारियों की भागीदारी पर अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन इन मंदिरों के प्रतिनिधियों के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।

अतिथि देवो भव के सिद्धांत पर जोर देते हुए, ट्रस्ट सम्मानित मेहमानों का भव्य स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुरक्षा के मद्देनजर, ट्रस्ट संतों और संतों से अपील किया है कि वे समारोह में कोई धार्मिक प्रतीक न लाएँ। आरएसएस के पूर्व सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने अयोध्या में पदाधिकारियों के साथ बैठक की और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। इसमें भक्तों के लिए रहने, भोजन, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और टेंट सिटी के प्रावधानों (शेष पेज 9)

# रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री

● कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी मुख्यालय में की घोषणा, 7 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**तेलंगाना** कांग्रेस के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण 7 दिसंबर को हैदराबाद में होगा।

वेणुगोपाल ने कहा, पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करने और वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता के रूप में रेवंत रेड्डी को चुनने का फैसला किया है। तेलंगाना में बीआरएस को पछाड़कर 64 सीटें जीतकर विधानसभा चुनावों में पार्टी की शानदार जीत के बाद रेवंत रेड्डी राज्य में शीर्ष पद की दौड़ में सबसे आगे थे। वेणुगोपाल ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस विधायक दल ने सर्वसम्मति से अपनी बैठक में सीएलपी नेता की नियुक्ति का निर्णय लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत करने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने चार पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं जिनमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दीपा दासमुंशी, अजॉय कुमार और केजे जॉर्ज के अलावा एआईसीसी प्रभारी महासचिव माणिकराव ठाकरे शामिल हैं। जब वेणुगोपाल ने जब तेलंगाना के मुख्यमंत्री के लिए पार्टी आलाकमान के फैसले (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या

**नई दिल्ली**। जयपुर मे अज्ञात हमलावरों ने मंगलवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी पर गोली मारकर हत्या कर दी। इस गोलीबारी मे एक हमलावर की भी मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने पुलिस से अपराधियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घटना के बाद राज्य मे पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। जयपुर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि मंगलवार दोपहर तीन लोग गोगामेड़ी के आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने उनके सुरक्षाकर्मियों से कहा कि वे गोगामेड़ी से मिलना चाहते है। सुरक्षाकर्मी उन्हें अंदर ले गए जहां आरोपियों ने गोगामेड़ी से दस मिनट तक बातचीत की। इसके बाद, उन्होंने उन पर गोलियां चला दी। गोलियों की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। इस गोलीबारी में एक सुरक्षाकर्मी को भी गोली लगी, जबकि तीन आरोपियो मे से एक नवीन सिंह शेखावत की गोलीबारी मे मौत हो गई। इस दौरान गोगामेड़ी के घर के बाहर से एक व्यक्ति की स्कूटी छीनकर फरार हुए दोनों आरोपियो की पहचान कर ली गई है। उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# सैनिक फार्म हाउस में तेंदुए की तलाश पूरी

● वन अधिकारियों ने जानवर के अपने प्राकृतिक आवास में लौटने की जताई संभावना

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**दक्षिणी** दिल्ली के सैनिक फार्म इलाके में घुसे तेंदुए का मंगलवार को भी कोई सुराग नहीं मिला। वन विभाग और पुलिस की टीम ने सुबह से शाम तक जंगल में उसकी तलाश की लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

उपवन संरक्षक मनदीप मित्तल ने संभावना जताई है कि तेंदुआ वापस अपने प्राकृतिक आवास में चला गया होगा, हालांकि उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम अब भी इलाके में मौजूद है। उन्होंने स्थानीय लोगों से तनाव मुक्त रहने के साथ कुछ दिन और ऐहतियातन सावधानी बरते का अनुरोध किया है। मनदीप मित्तल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि वन विभाग के दल इलाके में खोजबीन कर रहे हैं। तेंदुआ शनिवार शाम से नहीं दिखा है। वह उम्मीद कर रहे हैं कि वह वापस चला गया होगा, हालांकि हमारी टीम अब भी इलाके में मौजूद है। उन्होंने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा अब भी मौजूद है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, पुलिस, वन विभाग, वेस्टर्न एवेन्यू रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और गैर सरकारी संगठन के एक संयुक्त दल ने दोपहर में इलाके में एक घंटे तक खोजबीन अभियान चलाया, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। तेंदुआ एक फार्महाउस के पास शुक्रवार रात और शनिवार सुबह दिखा था। सोमवार को, इलाके में फिर से गहन खोजबीन अभियान चलाया गया, लेकिन यह वन्य जीव नहीं दिखा। तीन ओर से निकास बंद कर दिया गया है और केवल जंगल की ओर जाने वाला रास्ता ही खुला हुआ है। संभव है कि तेंदुआ अरावली के जंगलों में वापस चला गया होगा, लेकिन वन विभाग समेत अन्य विभागों की टीम अब भी सतर्क हैं।

अधिकारी ने कहा कि रविवार को, वन विभाग की टीम ने ड्रोन का उपयोग कर खोजबीन अभियान चलाया था, लेकिन तेंदुआ कहीं नजर नहीं आया। हालांकि स्थिति पर नजर रखने के लिए लगभग 50 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। क्षेत्र की कई मुख्य सड़कें अवरुद्ध हो गईं। बेल ए टेल एनजीओ के वन्यजीव विशेषज्ञ सुशील जैन ने बताया कि खोज अभियान मंगलवार शाम को समाप्त कर दिया गया है। पुलिस बल, वन विभाग, वेस्टर्न एवेन्यू रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और एक गैर सरकारी संगठन (शेष पेज 9)

# अडाणी के शेयरों में 20 प्रतिशत तक की उछाल

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

● एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिंडरबर्ग रिसर्च समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप प्रासंगिक नहीं थे इसके बाद आई तेजी

● नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया

**स्थानीय** शेयर बाजारों में तेजी मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी दिन भी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 431 अंक उछलकर नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बिजली, बैंक समेत अन्य क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। साथ ही अडाणी समूह के शेयरों में मंगलवार दोपहर को 20 प्रतिशत तक का उछाल आया। एक रिपोर्ट सामने आने के बाद कंपनी के शेयर में उछाल आया है, जिसमें दावा किया गया कि हिंडरबर्ग रिसर्च के समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप प्रासंगिक नहीं थे। रिपोर्टों के अनुसार, यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्प या डीएफसी ने श्रीलंका में भारतीय समूह की बंदरगाह परियोजना के लिए ऋण देने से पहले अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच की। अडाणी समूह की सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों ने शुरुआती कारोबार में तेज बढ़त के साथ कारोबार किया। समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 13 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े पर पहुंच गया। बीएसई पर अडाणी एनर्जी के शेयर में 20 प्रतिशत, अडाणी (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 6 दिसंबर, 2023



# एसआईटी ने 700 फाइलों को खंगाला

## ● नोएडा प्राधिकरण में 2015-16 में सबसे ज्यादा बरती गई अनियमितता




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बीते 12 घंटों से एसआईटी की टीम फाइलों को खंगालने का काम कर रही है। फाइलों पर वित्त नियंत्रक एसके गुप्ता, एसीईओ संजय खत्री व सीईओ लोकेश एम जवाब दे रहे है। मंगलवार को भी सुबह करीब 11 बजे के आसपास बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के चेयरमैन एवं एसआईटी के हेड हेमंत राव, मेरठ मंडल की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे और एडीजी मेरठ राजीव सभरवाल पहुंचे। बोर्ड रूम में हेमंत राव खुल फाइलों को देख रहे है। अब तक करीब 700 से ज्यादा फाइलों के दस्तावेजों को खंगाला गया। इसकी एक सूची तैयार की गई और जमीन अधिग्रहण, आपसी समझौते और न्यायालय के आदेश पर कितना मुआवजा दिया गया।

इसका मिलान प्राधिकरण की सालाना बैलेंस शीट से कराया जा रहा है। ये बैलेंस शीट प्राधिकरण की वित्तीय बैठक में प्रस्तुत की जाती है। इसमें साल भर का प्राप्तियां और आय व्यय, मुआवजा का विवरण होता है।

कुछ कमियां निकलकर सामने आई है। हालांकि एसआईटी की टीम जनवरी 2015.2016 की फाइलों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में जो मामला गया है वो इन्ही तरीखों में किया गया घोटाला है। इस दौरान 15 मामलों में करीब 100 करोड़ रुपए अतिरिक्त बांटा गया था। तत्कालीन सीईओ से लेकर भू लेख विभाग, वित्त, नियोजन विभाग के अधिकारियों के हस्ताक्षरों का मिलान भी किया जा रहा है। इन सभी को नोटिस जारी किया जा सकता है। इनसे पूछताछ भी हो सकती है। बता दे इस मामले में प्राधिकरण ने एक एफआईआर 8 अक्टूबर को की थी। जिसमें 11 प्रकरणों का जिक्र करते हुए कुल 82 करोड़ रुपए राजस्व नुकसान की जानकारी दी गई।

इसमें किसान दलीप सिंह, भुल्लड़, गोपी, विद्ययावति, सोहनलाल, रामरिख, महेंद्र, रामे, हंसराज, राम रतन और हो राम है। इन सभी के अलावा इस सत्र से जुड़ी मुआवजे की फाइलों को खंगाला जा रहा है। इनके वारिसनों से रकम वापस लाने के लिए प्राधिकरण आरसी जारी की है। इसके अलावा उच्च न्यायालय में लंबित और जिन फाइलों पर आदेश हुए उन सभी प्रकरणों को सूचिबद्ध करते हुए जांच की जा रही है।

### पकड़ी गई थी अनियमितता

| | | |
|---|---|---|
| ■ 5 नवंबर | 2015 | 91712426 |
| ■ 7 जनवरी | 2016 | 72680427 |
| ■ 3 नवंबर | 2015 | 21582527 |
| ■ 10 अगस्त | 2015 | 41639607 |
| ■ 10 अगस्त | 2015 | 15350397 |
| ■ 4 सितंबर | 2015 | 23899744 |
| ■ 9 सितंबर | 2015 | 194026437 |
| ■ 2 नवंबर | 2015 | 3342825 |
| ■ 9 अक्टूबर | 2015 | 10761110 |
| ■ 11जनवरी | 2016 | 19966711 |
| ■ 7 जनवरी | 2016 | 38066690 |
| ■ 19 अक्टूबर | 2016 | 9641365 |

# आईपीएल के लिए तैयार होगा नोएडा का क्रिकेट स्टेडियम

**नोएडा।** नोएडा क्रिकेट स्टेडियम को आईपीएल के लिए तैयार किया जा रहा है। सेक्टर.21ए में स्थित ये स्टेडियम अगले साल होने वाले आईपीएल तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। स्टेडियम को बीसीसीआई और आईसीसी के मानकों के अनुसार बदला जा रहा है। इसमें फ्लड लाइट लगाई जाएंगी। जिससे डे.नाइट मुकाबले यहां हो सकेंगे।

40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले नोएडा क्रिकेट स्टेडियम का इन्फ्रास्ट्रक्चर अंतरराष्ट्रीय मैचों को देखते हुए तैयार किया गया था। लेकिन फ्लड लाइट सबसे बड़ी बाधा थी। इसके चलते यहां इंटरनेशनल मुकाबले कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण आगे नहीं आ रहा था।

अब स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाई जाएंगी। इसके अलावा 30 हजार कुर्सियों के साथ 15 वीआइपी बॉक्स लगाए जाएंगे। प्रैक्टिस पिच समेत अन्य सुविधाओं पर भी काम होगा। इसका टेंडर हो चुका है

# नोएडा में नहीं मिली अतीक की संपत्ति

## ● दस फाइलों की जांच हुई, अधिकारियों को शक- किसी दूसरे नाम पर खरीदी गई प्रॉपर्टी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

माफिया अतीक अहमद ने कितनी प्रॉपर्टी बनाई थी, ये सवाल अब भी कायम है। क्योंकि प्राधिकरण की जांच में नोएडा में अतीक की संपत्ति का विवरण नहीं मिला है।

अधिकारियों को शक है कि अतीक और उसके परिवार के नाम पर यहां संपत्ति न होकर किसी और नाम से ली गई हो सकती है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। हालांकि प्रयागराज कमिश्नरेट को नोएडा प्राधिकरण की ओर से जवाब भेज दिया गया है। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने बताया कि प्रयागराज कमिश्नरेट की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्राधिकरण के लैंड, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री, कॉमर्शियल में अतीक और उससे जुड़े 9 लोगों की संपत्ति का विवरण तलाश किया गया। करीब 10 दिन तक फाइलों को खंगाला गया।

लेकिन, एक भी संपत्ति का विवरण इन लोगों से संबंधित नहीं मिला। हालांकि वह इस बात से इनकार नहीं कर रहे कि इन लोगों से जुड़ी संपत्ति नोएडा में नहीं है।

हो सकता है वह किसी और नाम से ली गई हो। इसलिए प्रयास अब भी जारी है। इस साल अप्रैल में भाई अशरफसंग अतीक के मारे जाने के बाद अतीक का परिवार इन बची हुई संपत्तियों को मैनेज करने के लिए परेशान है।

पता चला है कि पिछले कुछ समय से परिवार नोएडा की प्रॉपर्टी बेचने की फिराक में है। अतीक के बेटों के दोस्त सौदा तय कर रहे हैं। कई रिश्तेदार भी इसमें लगे हैं। उधर, पुलिस अवैध रूप से अर्जित करोड़ों की जमीन की तलाश में है। इस क्रम में ये पत्र नोएडा प्राधिकरण को भेजा गया था। पत्र में स्पष्ट था कि अतीक समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर 14 आई एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

इस क्रम में अतीक अहमद, अशरफ अतीक की पत्नी शाइस्ता, अशरफ की पत्नी जैनम और अतीक के पुत्र अली, उमर, असद, एहजम और आबान की संपत्ति का विवरण तलाशने के लिए कहा गया था। बता दें अतीक और उसके गैंग आईएस–227 से जुड़े गैंग मेंबरों की अवैध तरीके से अर्जित नामी.बेनामी संपत्ति जब्त करने का सिलसिला जारी है। पुलिसए ईडी ने अब तक अतीक, अशरफ और उसके परिवार की 12 हजार करोड़ की संपत्ति को चिह्नित कर कार्रवाई की है।

अतीक की ज्यादातर संपत्ति दूसरे के नामों पर रही हैं। अब परिवार के लोग चुपके से उस जमीन को बेच रुपए अर्जित करने में लगे हैं ताकि करोड़ों की इस जमीन को भी कुर्क न कर लिया जाए। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। बैनामी संपत्ति पर निगाह बनाये हुए है।

# 'लोकसभा चुनाव में पार होगा 400 सीटों का आंकड़ा'

## ● मंत्री जितिन प्रसाद पहुंचे ग्रेटर नोएडा, 36 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ग्रेटर नोएडा पहुंचे। दादरी के आनंदपुर गांव में उन्होंने 36 करोड़ की योजना का शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में जीत केवल झांकी है। 2024 में हम 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ग्रेटर नोएडा पहुंचे। दादरी विधानसभा के आनंदपुर गांव में एक कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दो सड़कों का शिलान्यास किया।

करीब 36 करोड़ की लागत से इन दो सड़कों का चौड़ीकरण होगा। इन कार्यक्रम में राज्य मंत्री बृजेश सिंह, स्थानीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया रहे। इन दोनों सड़कों के कार्य पूरा होने से दादरी के गांव को ग्रेटर नोएडा से कनेक्टिविटी मिलेगी। दादरी विधानसभा के दर्जनों गांव के लोगों को ग्रेटर नोएडा जाने में काफी राहत मिलेगी। इस दौरान जितिन प्रसाद ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में इस समय विकास हो रहा है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार सड़कें बना रही है। आम जनता के हित में कार्य हो रहा है। तीन राज्यों में जीत पर उन्होंने कहा कि अभी तो यह केवल झांकी है। 2024 में हम लोकसभा की 400 से ज्यादा सीट जीतेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्य हो रहे हैं। देश आगे बढ़ रहा है और आगामी 2024 के चुनाव में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी और 400 से ज्यादा सीट इस बार जीतेंगे।

# ग्रेटर नोएडा में छात्र गुटों में मारपीट

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कोतवाली दादरी क्षेत्र में स्थित सुपरटेक जार सोसाइटी में चल रही एक पार्टी में 6 लोगों ने हमला बोल दिया। मारपीट कर एक छात्र को अगवा करने का प्रयास किया। इस हंगामा के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को हिरासत में लिया है। छात्रों के दो गुटों में हुए विवाद को कारण बता रही ह। पुलिस ने युवक के अगवा होने की बात से इनकार किया है। कुछ युवक एक युवक के साथ मारपीट कर उसे जबरन कार में ले जाते हुए लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना सोमवार की है।

सुपरटेक जार सोसाइटी में रहने वाले उज्जवल भाटी के घर पर पार्टी चल रही थी।

# रैपिड रेल के दूसरे फेज की तैयारियां तेज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर का पहला खंड साहिबाबाद–दुहाई शुरू होने के बाद दूसरे खंड दुहाई डिपो मेरठ दक्षिण की तैयारियां तेज कर दी हैं।

इस कड़ी में मुरादनगर रिसीविंग सब स्टेशन से मुरादनगर स्टेशन के सहायक सब स्टेशन में 33केवी क्षमता पर बिजली सप्लाई मंगलवार से आरंभ कर दी गई है। इस सब स्टेशन से मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ, मेरठ साउथ और परतापुर रैपिड रेल स्टेशन तक बिजली आपूर्ति की जाएगी। इस सब स्टेशन की क्षमता 70 मेगावाट की है।

यहां कुल 4 ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने कहा, रैपिड रेल की बिजली सप्लाई के लिए उप्र पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड से करार किया गया है। ग्रिड सबस्टेशन से 220 केवी वोल्टेज पर बिजली मुरादनगर रिसीविंग सब स्टेशन में आ रही है।

## संक्षिप्त समाचार



लोनी बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपा।

### वकीलों ने कलक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले की लोनी बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने मंगलवार को एक ज्ञापन कलक्ट्रेट में सौंपा। वकीलों ने कहा कि लोनी नगर पालिका को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल करने की तैयारी चल रही है। लेकिन हम चाहते हैं कि लोनी नगर पालिका एकदम अलग नगर निगम बने। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने कहा लोनी पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाली नगर पालिका परिषद है। ये क्षेत्र दिल्ली से एकदम सटा हुआ है। भाजपा अपने तमाम प्रयासों के बावजूद यहां पर अपना चेयरमैन नहीं बना पाई है। ऐसे में लोनी सहित गैर भाजपा शासित नगर पंचायतों–पालिकाओं की संवैधानिक लोकतंत्र जनमत व्यवस्था को खत्म करने की साजिश की जा रही है। इसके तहत लोनी नगर पालिका को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल करने की तैयारी चलने की खबरें चर्चाओं में हैं। जनहित में ये प्रस्ताव निरस्त किया जाए और लोनी नगर पालिका को ही अलग से नगर निगम बनाया जाए। लोनी बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम ये ज्ञापन एडीएम को सौंपा और इस पर अमल करने की मांग की। वकीलों ने कहा कि अगर लोनी नगर पालिका को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल किया जाता है तो इसके खिलाफवे आंदोलन करेंगे। क्योंकि ये जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ होगा।

### गाजियाबाद में यू–टर्न पर 3 कार आपस में भिड़ी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 09 पर यू टर्न पर तीन गाड़ियां आपस में भिड़ गई। सुबह के समय सर्दी के चलते कोहरा छाया हुआ था। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। साथ ही किसी ने कोई शिकायत थाने में नहीं दी है। गाजियाबाद में सर्दी के कोहरे का साइड इफेक्ट दिखाई दिया है। यहां थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक के क्षेत्र में नेशनल हाईवे 09 पर एबीएस कॉलेज के सामने यू टर्न पर तीन कार आपस में भिड़ गई। कारों के भिड़ने का कारण सुबह छाया हुआ कोहरा बताया जा रहा है। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी रवि बालियान ने बताया कि सुबह तीन गाड़ियों के आपस में टकराने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पुलिस पहुंची थी। गनीमत रही की इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।

### मजदूरों को बचाने वाले नौशाद पहुंचे अपने गांव

**गाजियाबाद।** उत्तरकाशी टनल में फंसे 41 मजदूरों को निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नौशाद अपने पैतृक गांव मसूरी पहुंचे। गांव पहुंचने के बाद उनका भव्य स्वागत किया गया। आसपास के लोग, पुलिस, राजनीतिक दलों के नेता और उनके परिवार इस मौके पर मौजूद थे। नौशाद अली ने उस ऑगर मशीन को चलाया था जिससे पहले तो 41 श्रमवीरों को ऑक्सीजन और खाने का सामान भेजा गया था। उसके बाद इस मशीन से दूसरी टलन बनाने में भी मदद हुई थी। नौशाद ने बताया कि जब मजदूर बाहर निकले तो उन्होंने एनडीआरएफसमेत उन सभी का दिल से धन्यवाद किया। साथ ही उस समय सबकी आंख नम हो गई थी।

### मोहित पांडे अयोध्या में राम मंदिर में बनेंगे पुजारी

**गाजियाबाद।** श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के मोहित पांडे अयोध्या के राम मंदिर में पुजारी बनेंगे। वहीं दो आचार्य प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मौजूद रहेंगे। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत और जूना अखाड़े के प्रवक्ता नारायण गिरी ने यह जानकारी दी। श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के महंत और श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरि ने बताया कि दूधेश्वर वेद विद्यापीठ को एक और बडी उपलब्धि हासिल हुई है। श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के विद्यार्थी मोहित पांडे का चयन अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के पुजारी के रूप में हुआ है।

AXIS BANK LTD.

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई–नीलामी दिनांक 16–12–2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बी.ओ. : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 1 | पंकज कुमार | XXXXXXXXXXX5857 | RS. 34,355.42 | 30-05-2023 | 9.300 | 8.700 |
| 2 | पंकज कुमार | XXXXXXXXXXX3350 | RS. 116,627.05 | 30-05-2023 | 35.100 | 33.700 |
| 3 | जितेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX3905 | RS. 459,970.13 | 30-05-2023 | 139.900 | 131.550 |
| | बी.ओ. : बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 4 | रश्मि तनेजा | XXXXXXXXXXX7347 | RS. 368,485.36 | 08-02-2023 | 157.100 | 141.500 |
| | बी.ओ. : बल्लभगढ़ (एचआर) | | | | | |
| 5 | सुमन लता | XXXXXXXXXXX5865 | RS. 210,782.00 | 30-05-2023 | 80.010 | 74.410 |
| | बी.ओ. : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 6 | उपेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX8135 | RS. 46,399.00 | 28-02-2023 | 13.000 | 12.600 |
| 7 | अमिताभ कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX8323 | RS. 79,917.63 | 25-10-2023 | 32.100 | 30.800 |
| 8 | सेहज कौर पनेसर | XXXXXXXXXXX1936 | RS. 124,517.00 | 17-10-2022 | 103.600 | 100.450 |
| 9 | कविता गुप्ता | XXXXXXXXXXX3441 | RS. 299,684.00 | 03-09-2022 | 117.200 | 104.300 |
| | बी.ओ. : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 10 | सानू राय | XXXXXXXXXXX9114 | RS. 41,817.00 | 08-02-2023 | 11.800 | 11.340 |
| 11 | सागर | XXXXXXXXXXX8960 | RS. 85,884.00 | 07-01-2023 | 88.000 | 82.000 |
| 12 | मोनू | XXXXXXXXXXX0932 | RS. 139,768.00 | 28-08-2023 | 47.300 | 45.200 |
| 13 | लोकेश | XXXXXXXXXXX4270 | RS. 172,928.78 | 22-06-2022 | 85.700 | 81.100 |
| 14 | जितेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX9641 | RS. 273,218.00 | 08-02-2023 | 77.900 | 74.200 |
| 15 | अक्षय पांडे | XXXXXXXXXXX6881 | RS. 273,445.00 | 12-10-2022 | 81.900 | 80.400 |
| 16 | क्षितिज शर्मा | XXXXXXXXXXX0659 | RS. 317,657.49 | 25-08-2023 | 122.700 | 102.780 |
| 17 | अनिल शर्मा | XXXXXXXXXXX9080 | RS. 473,420.00 | 30-05-2023 | 150.100 | 138.900 |
| | बी.ओ. : गीता कालोनी नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 18 | इंदरजीत सिंह | XXXXXXXXXXX7720 | RS. 27,229.59 | 10-10-2023 | 13.000 | 12.800 |
| | बी.ओ. : जनकपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 19 | अनीस रावत | XXXXXXXXXXX1668 | RS. 118,962.00 | 30-09-2023 | 30.200 | 28.900 |
| | बी.ओ. : ज्योति नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 20 | शबनम | XXXXXXXXXXX5396 | RS. 60,325.49 | 10-10-2023 | 31.400 | 30.500 |
| | बी.ओ. : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 21 | रोहित शर्मा | XXXXXXXXXXX0171 | RS. 169,973.72 | 20-10-2023 | 50.500 | 45.500 |
| | बी.ओ. : मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 22 | गुड़िया देवी | XXXXXXXXXXX1438 | RS. 96,299.00 | 08-02-2023 | 31.400 | 27.200 |
| | बी.ओ. : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 23 | सन्नी कुमार | XXXXXXXXXXX4045 | RS. 56,790.24 | 25-08-2023 | 23.400 | 22.430 |
| 24 | संजय सिंह | XXXXXXXXXXX7825 | RS. 65,642.00 | 28-08-2023 | 18.700 | 18.160 |
| 25 | दानवीर सिंह | XXXXXXXXXXX2512 | RS. 94,043.00 | 28-10-2023 | 26.300 | 25.520 |
| | बी.ओ. : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 26 | पंकज कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX0371 | RS. 36,436.43 | 30-09-2023 | 12.200 | 11.500 |
| 27 | रोहित | XXXXXXXXXXX3941 | RS. 97,902.00 | 15-06-2023 | 36.200 | 25.200 |
| | बी.ओ. : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 28 | अदीबा जमील | XXXXXXXXXXX4501 | RS. 210,513.50 | 30-05-2023 | 58.400 | 57.480 |
| | बी.ओ. : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| 29 | रजाउद्दीन | XXXXXXXXXXX3620 | RS. 65,528.90 | 28-02-2023 | 20.800 | 19.800 |
| 30 | रामकृपाल सिंह | XXXXXXXXXXX1463 | RS. 276,908.92 | 30-05-2023 | 93.300 | 88.700 |
| 31 | मिठ्ठन यादव | XXXXXXXXXXX1680 | RS. 468,144.00 | 28-02-2023 | 141.000 | 135.400 |
| | बी.ओ. : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 32 | रूबल राणा | XXXXXXXXXXX8849 | RS. 33,346.39 | 30-09-2023 | 8.000 | 8.000 |
| 33 | अजायब सिंह | XXXXXXXXXXX1571 | RS. 54,388.92 | 28-10-2023 | 19.800 | 18.100 |
| 34 | गौरव शर्मा | XXXXXXXXXXX2456 | RS. 83,959.00 | 30-05-2023 | 28.100 | 24.500 |
| | बी.ओ. : पालम, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 35 | मंदाकिनी बाजपेयी | XXXXXXXXXXX1705 | RS. 147,746.00 | 30-05-2023 | 43.000 | 41.000 |
| | बी.ओ. : आरके मिशन नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 36 | मान सिंह यादव | XXXXXXXXXXX6821 | RS. 34,338.00 | 30-09-2023 | 11.600 | 11.100 |
| 37 | मोहम्मद आमिर | XXXXXXXXXXX9811 | RS. 602,134.00 | 07-01-2023 | 199.400 | 191.650 |
| | बी.ओ. : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 38 | रितु | XXXXXXXXXXX5205 | RS. 294,750.00 | 30-05-2023 | 78.900 | 76.000 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 39 | परदीप | XXXXXXXXXXX4823 | RS. 38,516.00 | 05-09-2023 | 12.670 | 11.870 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 40 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX9395 | RS. 70,537.00 | 18-07-2023 | 17.800 | 17.800 |
| 41 | मोनिका | XXXXXXXXXXX4672 | RS. 153,444.00 | 25-08-2023 | 42.100 | 40.200 |
| 42 | शिराज बकार | XXXXXXXXXXX2655 | RS. 155,554.00 | 18-07-2023 | 48.200 | 45.700 |
| 43 | शिराज बकार | XXXXXXXXXXX9960 | RS. 191,574.00 | 10-10-2023 | 50.000 | 50.000 |
| 44 | शिराज बकार | XXXXXXXXXXX4432 | RS. 212,124.00 | 18-07-2023 | 61.300 | 60.300 |
| | बी.ओ. : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 45 | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX5141 | RS. 66,197.44 | 27-06-2023 | 15.100 | 14.800 |
| | बी.ओ. : शाहदरा, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 46 | श्री राम | XXXXXXXXXXX7113 | RS. 71,400.00 | 20-10-2023 | 24.800 | 23.500 |
| | बी.ओ. : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 47 | राजेश कुमार कुंदनानी | XXXXXXXXXXX5007 | RS. 109,578.63 | 28-02-2023 | 35.800 | 34.400 |
| 48 | नागेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX5979 | RS. 117,629.00 | 18-07-2023 | 31.100 | 29.550 |
| | बी.ओ. : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 49 | ध्रुव चौहान | XXXXXXXXXXX6262 | RS. 37,373.00 | 28-10-2023 | 11.500 | 10.700 |
| | बी.ओ. : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 50 | नीतीश | XXXXXXXXXXX6753 | RS. 32,693.00 | 30-09-2023 | 10.200 | 9.600 |
| 51 | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX0683 | RS. 126,319.35 | 25-08-2023 | 53.600 | 50.500 |
| | बी.ओ. : उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 52 | आशीष कुमार साहू | XXXXXXXXXXX0589 | RS. 35,604.00 | 20-10-2023 | 10.900 | 10.500 |
| | बी.ओ. : वैशाली, गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 53 | निशांत अम्बास्थ | XXXXXXXXXXX3557 | RS. 207,810.51 | 05-09-2023 | 59.300 | 54.300 |
| 54 | आलोक सक्सेना | XXXXXXXXXXX1455 | RS. 685,187.00 | 20-09-2023 | 181.300 | 171.600 |
| | बी.ओ. : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 55 | हिमांशु चढा | XXXXXXXXXXX5313 | RS. 73,927.85 | 10-10-2023 | 23.200 | 22.000 |
| | बी.ओ. : डीएलएफ, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 56 | सैफ अली | XXXXXXXXXXX2187 | RS. 53,762.00 | 25-08-2023 | 20.000 | 19.500 |
| | शाखा का नाम : वैभव खंड (यूपी) | | | | | |
| 57 | वीरेन्द्र प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX4839 | RS. 36,634.00 | 20-10-2023 | 11.230 | 10.630 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।
स्थान : दिल्ली , तिथि : 06–12–2023 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005.

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टेक्नोक्रेट्स टूलिंग प्राइवेट लिमिटेड/ उमेशकुमार सिंह/ प्रवीण राव/ एसपीएस टेक्नोलॉजी/ रीना सिंह/विनोद कुमार दहिया/ विजय शर्मा/ 002105023126/ 002155000039/ 002155000045 | फ्लैट नंबर एनजीएच 051, 5वीं मंजिल, टॉवर एच, न्यू टाउन हाइट्स, सेक्टर 90, गुड़गाँव 122001/ नवंबर 30, 2023 | दिसंबर 01, 2022 रु. 64,82,277.00/– | गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 06, 2023** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : गुड़गाँव** **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली –110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | राजीव कुमार (कर्ज़दार)/ ऋण खाता संख्या LBDEL00003000725 | अपार्टमेंट नंबर 1106, 11वीं मंजिल, टॉवर के, गोदरेज समिट, सेक्टर 104, गुड़गाँव/ क्षेत्रफल : 171.31 वर्ग मीटर। | रु. 1,58,73,848/- (नवंबर 29, 2023 तक) | रु. 83,10, 000/- / रु. 8,31, 000/- | दिसंबर 11, 2023 को सु. 11:00 बजे से दोप. 01:00 बजे तक | दिसंबर 29, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली –110005** में **दिसंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **दिसंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040, 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : दिसंबर 06, 2023** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : गुड़गाँव और गाजियाबाद** **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# कर छूट के लिए संपत्ति की जियोटैगिंग अनिवार्य

## विफल रहने पर अगले वित्तीय वर्ष में टैक्स के एकमुश्त अग्रिम भुगतान पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर में छूट का लाभ उठाने के लिए सभी प्रकार की संपत्तियों की जियोटैगिंग को अनिवार्य कर दिया है। यदि कोई करदाता 31 जनवरी 2024 तक अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करने में विफल रहता है, तो वे 30 जून तक अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर के एकमुश्त अग्रिम भुगतान पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं उठा पाएंगे। एमसीडी ने संपत्ति मालिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी संपत्ति की जियो-टैगिंग की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करें और राष्ट्रीय राजधानी के विकास में योगदान दें।

गैर-आवासीय संपत्तियों के कई मामलों में, निगम अधिकारी खुद भी जियो-टैगिंग कर रहे हैं, हालांकि, यह करदाताओं को सुनिश्चित करना है कि उनकी संपत्ति की जियो-टैगिंग हो जाए। यदि किसी संपत्ति को एमसीडी अधिकारियों द्वारा पहले ही जियो-टैग किया जा चुका है, तो उसे दोबारा जियो-टैग करने की कोई आवश्यकता नहीं है। दिल्ली नगर निगम द्वारा यह भी स्पष्ट किया है कि वे सभी संपत्ति मालिक जो एमसीडी के संपत्ति कर पोर्टल पर पंजीकृ नहीं हैं, उन्हें अपनी संपत्तियों को पंजीकृत कराना होगा, यूपीआईसी जनरेट करना होगा और इसके उपरांत अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करना होगा। यदि संपत्ति स्वामी 31 जनवरी 2024 तक अपनी संपत्तियों को पंजीकृत करने में विफल रहते हैं तो, निगम कर वसूली के लिए कानूनी उपाय करेगा और ऐसे बकाएदारों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाएगा।



### जियो-टैगिंग से फायदे

*करदाताओं द्वारा संपत्तियों की जियो-टैगिंग व्यक्तिगत संपत्तियों की स्थान-वार पहचान प्रदान करेगी और दिल्ली नगर निगम द्वारा नागरिकों को सेवा वितरण के बेहतर प्रावधान को सक्षम बनाएगी। संपत्तियों की जियो-टैगिंग किसी भी यूपीआईसी के लिए वर्तमान स्थान का चयन करके जीआईएस मानचित्र पर एक संपत्ति के लिए एक अद्वितीय अक्षांश-देशांतर स्थिति (Unique Longitude-Latitude) निर्दिष्ट करने को संदर्भित करती है ताकि सभी संपत्तियों को उनके स्थान को एक अद्वितीय अक्षांश-देशांतर स्थिति द्वारा पहचाना जा सके।*

### प्रक्रिया के लिए मोबाइल ऐप लांच

एमसीडी ने सभी आवासीय और गैर-आवासीय संपत्तियों की जियो-टैगिंग के लिए एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। संपत्ति मालिकों को प्ले स्टोर से या वेबसाइट http://mcdonline.nic.in/mcdapp.html पर जाकर यह मोबाइल ऐप डाउनलोड करना होगा। सबसे पहले यूनिफाइड मोबाइल ऐप (यूएमए) खोलें और विकल्प चुनें। उसके बाद संपत्ति मालिक को प्रक्रिया में लॉग इन करना होगा, और फिर एक पंजीकृत मोबाइल नंबर का उपयोग करके जियो-टैगिंग के लिए यूपीआईसी का चयन करना होगा। उसके बाद, संपत्ति यूपीआईसी का चयन करें और एक्शन बटन पर जाएं और मानचित्र स्थान को पॉप अप करने के लिए जियो-टैगिंग पर क्लिक करें (जिन संपत्ति मालिकों के पास उनकी संपत्तियों का यूपीआईसी नंबर नहीं है, उन्हें पहले यूपीआईसी जेनरेट करना होगा और फिर निर्देशित चरणों का पालन करना होगा)। इसके बाद, जियो कोऑर्डिनेट्स कैप्चर करें। कैप्चर जियो कोऑर्डिनेट्स बटन पर क्लिक करें, प्रॉपर्टी की तस्वीरें जोड़ें। प्रॉपर्टी के लिए तस्वीरें जोड़ें पर क्लिक करें और तस्वीरों के सामने एक कैप्शन जोड़ें। उसके बाद, जियो टैग और फोटो सबमिट करें। विवरण सबमिट करने के लिए हां बटन पर क्लिक करें।



# ट्रेन में ऑडियो विज्ञापन शुरू करेगा डीएमआरसी

**● वायलेट लाइन पर छह ट्रेनों में परियोजना को किया जाएगा शुरू**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) वायलेट लाइन पर छह ट्रेनों में शुरुआती परियोजना के रूप में ऑडियो विज्ञापन शुरू करेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ए विज्ञापन इस महीने से कश्मीरी गेट और बदरपुर बॉर्डर के बीच चलने वाली ट्रेनों पर एक साल के लिए प्रसारित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नई सुविधा को आवश्यक सेवा उद्घोषणाओं के साथ सहजता से संचालित करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यात्रियों के लिए कुल मिलाकर मेट्रो में सफर का अनुभव अच्छा रहे। डीएमआरसी के एक अधिकारी ने कहा, ये ऑडियो विज्ञापन यात्रा में एक सुखद और आकर्षक आयाम जोड़ने को तैयार हैं, जो यात्रियों की दिनचर्या में एक स्वागत योग्य बदलाव लाएंगे। उन्होंने कहा, प्रायोगिक परियोजना को लेकर मिले फीडबैक के आधार पर, राजस्व पैदा करने वाले इस माध्यम का अन्य लाइनों तक विस्तार किया जा सकता है।

# विदेशियों के खिलाफ अपराधों में हुई बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में वर्ष 2022 में विदेशियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में दिल्ली में विदेशियों के खिलाफ अपराध के कुल 40 मामले दर्ज हुए, जो 2021 में दर्ज किए गए 27 मामलों से अधिक हैं। हालांकि ये 2020 में दिल्ली में दर्ज विदेशियों के खिलाफ अपराध के 62 मामलों की तुलना में कम हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में विदेशियों द्वारा किए गए अपराधों में 20 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली में 2022 में विदेशियों द्वारा किए गए अपराधों के कुल 256 मामले दर्ज हुए, जबकि 2021 में यह संख्या 322 और 2020 में 168 थी।

# दिल्ली पुलिस की पेट्रोलिंग यूनिट को मिले 400 नए वाहन

**● जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए मिली गाड़ियां पीसीआर के बेड़े में हुई शामिल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में संपन्न हुए जी20 शिखर सम्मेलन के कारण दिल्ली पुलिस की गश्ती इकाई पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को 400 नए गश्ती वाहन मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने जी20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले 850 चार पहिया वाहन - मारुति सुजुकी अर्टिगा, महिंद्रा स्कॉर्पियो, टोयोटा इनोवा और महिंद्रा बोलेरो नियो-- खरीदे थे। उक्त सम्मेलन में शामिल होने के लिए 19 देशों के गणमान्य लोग दिल्ली आए थे और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बैठकें की थीं।

इन वाहनों को अब बल की विभिन्न इकाइयों में वितरित किया गया है, जिसमें पीसीआर, सुरक्षा और जिला पुलिस शामिल हैं। दिल्ली में 15 पुलिस जिले हैं। पुलिस उपायुक्त (प्रोविजनिंग और लॉजिस्टिक्स) विनीत कुमार ने संपर्क किए जाने पर इसकी पुष्टि की। अधिकारी ने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नए खरीदे गए वाहनों को ज्यादातर गणमान्य व्यक्तियों के काफिले में तैनात किया गया था, लेकिन सम्मेलन के समाप्त होने के बाद इन वाहनों को दिल्ली पुलिस की इकाइयों में वितरित कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि पीसीआर इकाई को कुल 400 वाहन, सुरक्षा इकाई को 150 वाहन मिले हैं और अन्य 300 वाहन 15 पुलिस जिलों और बल की अन्य इकाइयों में वितरित किए गए हैं। एक अधिकारी के मुताबिक दिल्ली पुलिस में कुल करीब एक लाख कर्मचारी हैं और उनके पास करीब 9,000 वाहन हैं जिनमें ट्रक, चार पहिया और दोपहिया वाहन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन वाहनों को सेवा से हटाने की शर्त औसत सेवा अवधि 6.5 वर्ष या 1.5 लाख किलोमीटर की दूरी, जो भी पहले पूरी हो।



### महिला सुरक्षा को राजनीति से दूर रखें : मालीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को कहा कि महिला सुरक्षा एक ऐसा मुद्दा है जिसे राजनीति से दूर रखने की जरूरत है और सरकारों तथा पुलिस को शहर को सुरक्षित बनाने के लिए एकजुट होना चाहिए।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए मालीवाल ने कहा कि आयोग ने पिछले आठ वर्षों में महिलाओं की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। इन आंकड़ों में, 2022 में 19 बड़े शहरों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दिल्ली में सर्वाधिक हैं।

# ईडब्ल्यूएस कोटा में सालाना आय 5 लाख करें : हाईकोर्ट

**● अदालत ने स्कूलों में प्रवेश के लिए सालाना आय एक लाख से बढ़ाने का दिया आदेश**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटा के तहत राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों में प्रवेश के लिए सरकार के कोई संशोधन करने तक मौजूदा आय सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये सालाना करने का आदेश दिया। इसने कहा कि प्रासंगिक कानून कहता है कि आय संबंधी मानदंड योजना के इच्छित लाभार्थियों के जीवन स्तर से मेल खाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह माता-पिता द्वारा आय की स्व-घोषणा की व्यवस्था को तुरंत खत्म करे और स्कूलों में ईडब्ल्यूएस के लिए नि:शुल्क सीट जारी रखने के लिए एक उचित ढांचा तैयार करे। इसने कहा कि दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय आय सत्यापन और पात्रता मानदंड की नियमित निगरानी के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेगा। उच्च न्यायालय का फैसला उस मामले में आया जिसमें एक व्यक्ति ने जन्म और आय प्रमाणपत्रों में हेराफेरी करके अपने बेटे का दाखिला ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत शहर के प्रतिष्ठित संस्कृति स्कूल में कराने में कामयाबी हासिल की थी। अदालत ने लड़के की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने स्कूल द्वारा अपना प्रवेश रद्द किए जाने को चुनौती दी थी। हालाँकि, इसने उसे सामान्य श्रेणी के छात्र के रूप में वहाँ पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दे दी। अदालत ने कहा कि बच्चा, जो 2013 से अपनी पढ़ाई जारी रख रहा है, उसकी कोई गलती नहीं है और उसे उसके पिता की गलती के लिए दंडित नहीं किया जाएगा। इसने लड़के के पिता पर अवैध तरीके से अपने बेटे का दाखिला कराने के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।



# डायनासोर पार्क 25 तक जनता के लिए खुलने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगम का सराय काले खां स्थित कबाड़ से बनी कलाकृतियों बनाने वाला डायनासोर पार्क 25 दिसंबर के आसपास जनता के लिए खुलने की संभावना है, नगर निगम के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, पार्क के उद्घाटन को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

डायनासोर पार्क को 13.72 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है जो भारत में अपनी तरह का पहला पार्क है। इसके निर्माण में लगभग 250 टन स्क्रैप उपयोग करके डायनासोर की आकृतियों को तैयार किया गया है। इसमें डायनासोर की 15 प्रजातियां शामिल होंगी। ये मूर्तियां स्क्रैप धातु, टायर, कार के अवशेष और बागवानी कचरे का उपयोग करके बनाई गई हैं और यहां सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियां भी होंगी। 3.5 एकड़ में फैले इस पार्क को सजावटी रोशनी से भी रोशन किया जाएगा और इसमें सौंदर्यपूर्ण ध्वनि की सुविधा भी होगी।

# महंगाई-बेरोजगारी पर विपक्ष एकजुट हो : आप

**● इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने सभी को एक साथ आने की जरूरत पर जोर दिया**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन (के घटक दलों) के संसदीय दल के नेताओं की बुधवार को होने वाली समन्वय बैठक से पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के मद्देनजर विपक्षी दलों के एक साथ आने की जरूरत पर मंगलवार को जोर दिया।

इंडिया के कुछ घटक दलों के प्रमुख नेताओं की अनुपलब्धता के चलते बुधवार को होने वाली गठबंधन की बैठक फिलहाल स्थगित कर दी गई है तथा यह अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय के संबद्ध और कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य गुरदीप सप्पल का कहना है कि अब छह दिसंबर की शाम छह खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन के (घटक दलों) के संसदीय दल के नेताओं की समन्वय बैठक होगी।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, इंडिया गठबंधन के संसदीय दल के नेताओं की समन्वय बैठक 6 दिसंबर 2023 को शाम छह बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी के आवास पर होगी। इसके बाद पार्टी अध्यक्षों प्रमुख नेताओं की बैठक दिसंबर के तीसरे सप्ताह में सभी के लिए सुविधाजनक तिथि को निर्धारित की जाएगी। आप विधायक दुर्गेश पाठक से संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी बुधवार की बैठक में हिस्सा लेगी।

# 12 कॉलेजों को डीयू से अलग करने की साजिश: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार पर प्रहार करते हुए कहा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के 20 नए कॉलेज खोलने का वादा करने वाले अब दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 वर्तमान कॉलेजों का ही वित्तीय प्रबंधन नहीं संभाल पा रहे।

एक तरफ आप सरकार कहती है कि दिल्ली में पैसे की कोई कमी नहीं है और दूसरी तरफ इन 12 कॉलेजों के शिक्षकों और कर्मचारियों को आज तक समय पर वेतन नहीं मिला और कॉलेज की सारी गतिविधियां भी पैसे की कमी से ठप पड़ी हैं। अब इन कॉलेजों को डीयू से असंबद्ध करने की साजिश रची जा रही है। बिधूड़ी ने कहा कि जब 1993 में मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के बारह नए कॉलेजों को खोलने का फैसला लिया था। उस समय की कांग्रेस शासित केंद्र सरकार ने इन कॉलेजों के लिए फंड देने से इनकार कर दिया था लेकिन खुराना ने साहसिक फैसला लेते हुए कहा था कि दिल्ली सरकार इन सभी कॉलेजों को 100 फीसदी फंड देगी।



# दिल्ली विवि अकादमिक परिषद ने कुलपति को लिखा पत्र

**● परिषद ने शिक्षा मंत्री आतिशी द्वारा 12 कॉलेजों में उजागर की गई अनियमितताओं पर चर्चा के लिए बैठक बुलाने का किया अनुरोध**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद के सदस्यों और एक शिक्षक निकाय ने मंगलवार को कुलपति योगेश सिंह को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी द्वारा केंद्र को लिखे हालिया पत्र में 12 कॉलेजों में उजागर की गई अनियमितताओं पर चर्चा करने के लिए तत्काल बैठक बुलाने का आह्वान किया गया।

आतिशी के पत्र की निंदा करते हुए, भारतीय राष्ट्रीय शिक्षक कांग्रेस (आईएनटीईसी) ने कहा कि इन 12 कॉलेजों से संबंधित एक महत्वपूर्ण नीतिगत मामला हितधारकों से परामर्श किए बिना केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आतिशी ने प्रधान को पत्र लिखकर शहर सरकार द्वारा वित्त पोषित डीयू के 12 कॉलेजों में सरकारी खजाने से सैकड़ों करोड़ रुपए की अनियमितताओं और प्रक्रियात्मक खामियों को उजागर किया।



उन्होंने कहा कि ए कॉलेज क्योंकि सीधे डीयू से संबद्ध हैं, इसलिए वे धन के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए दिल्ली सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि कॉलेजों का या तो विलय किया जा सकता है और दिल्ली सरकार के अधीन लाया जा सकता है या केंद्र उन्हें असंबद्ध कर सकता है और उनका पूरा नियंत्रण ले सकता है और उस स्थिति में, दिल्ली सरकार उन्हें धन आवंटित करना बंद कर देगी। ज्ञापन में कहा गया है, पत्र में गलती से इन 12 कॉलेजों को संबद्ध के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जबकि वास्तव में, वे दिल्ली विश्वविद्यालय के घटक कॉलेज हैं और विश्वविद्यालय से अविभाज्य हैं।

नई शिक्षा नीति के खंड 10.3 के तहत इन कॉलेजों को स्वायत्त डिग्री प्रदान करने वाले कॉलेजों में बदलने की दिल्ली सरकार की मंशा स्पष्ट रूप से निजीकरण के एजेंडे का संकेत देती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा को अनुपलब्ध बना देता है। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करने और निर्णायक समाधान पर पहुंचने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा तत्काल एक विशेष कार्यकारी बैठक बुलाई जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार



जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह में सांसद मनोज तिवारी व अन्य।

### जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली।** राजधानी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इण्डिया में भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मशाल सोशल वेल्फेयर सोसायटी के मोहन बड़ाईक राष्ट्रीय अध्यक्ष के संयोजन व निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद व अभिनेता मनोज तिवारी एवं राज्यसभा सांसद सह भाजपा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष समीर उरांव शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वैज्ञानिक मृत्युंजय सिन्हा, डॉ. ए. कच्छप, प्रोफेसर डॉक्टर विकास शर्मा, अभिषेक राठौर, युवराज बोध, प्रदीप कन्नौजिया, सनमुगन नारायणन, नरेन्द्र कश्यप, तोताराम भील, सौदानी आदिवासी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### कथाकार राजू शर्मा को सेतु पाण्डुलिपि पुरस्कार

**नई दिल्ली।** सेतु प्रकाशन की ओर से श्रेष्ठ पाण्डुलिपि पर दिया जाने वाला वार्षिक पुरस्कार इस साल जाने-माने कथाकार राजू शर्मा को दिया जाएगा। पुरस्कार अर्पण समारोह आज त्रिवेणी कला संगम के सभागार में आयोजित होगा। इसी दिन सेतु प्रकाशन का स्थापना दिवस भी है। सेतु पाण्डुलिपि पुरस्कार योजना (2023) के लिए आयी सौ से अधिक पांडुलिपियों में से राजू शर्मा की पांडुलिपि 'मतिभ्रम' को पुरस्कार के लिए चुना गया। चयन समिति में शामिल वरिष्ठ कथाकार ममता कालिया, प्रख्यात कथाकार तथा तद्भव पत्रिका के संपादक अखिलेश, सुप्रसिद्ध कवि मदन कश्यप और सेतु प्रकाशन समूह की प्रबंधक अमिता पाण्डेय ने सर्वसम्मति से मतिभ्रम को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। राजू शर्मा ने नौकरशाही की पृष्ठभूमि पर लिखे अपने इस नए उपन्यास में समकालीन भारत की विसंगतियों को बड़े तीखे ढंग से उजागर किया है। पुरस्कृत कृति के लोकार्पण के साथ आयोजित परिचर्चा में मुख्य रूप से ममता कालिया, मदन कश्यप, अखिलेश, रवीन्द्र त्रिपाठी और संजीव कुमार अपने विचार रखेंगे।



# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वैज्ञानिक क्षमता की बड़ी भूमिका: डॉ. जितेंद्र

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने एनडीएमसी विद्यालयों के वार्षिक विज्ञान मेले का किया उद्घाटन

**● मेले में लगभग 60 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतंत्र प्रभार), राज्य मंत्री - डॉ. जितेंद्र सिंह ने एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद विद्यालयों के वार्षिक विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। विज्ञान मेले का उद्घाटन करने के बाद, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि युवा दिमाग विज्ञान और प्रौद्योगिकी और इनोवेशन के साथ भारत के भविष्य के विकास को आगे बढ़ाएंगे।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारत की वैज्ञानिक क्षमता की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि, हमारी सबसे बड़ी संपत्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनकी न केवल विज्ञान के प्रति स्वाभाविक रुचि है, बल्कि वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित पहलों और परियोजनाओं को समर्थन और बढ़ावा देने में भी आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर, पालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, सदस्य एनडीएमसी, विशाखा शैलानी, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित थे।



फोटो: रंजन डिमरी

एनडीएमसी विद्यालय के वार्षिक विज्ञान मेले का उद्घाटन करते मंत्री जितेंद्र सिंह।

दो दिवसीय एनडीएमसी स्कूलों के वार्षिक विज्ञान मेले का आयोजन कर रही है। इसमें अपने स्कूलों के उभरते वैज्ञानिकों द्वारा मॉडल और चार्ट के रूप में इस मेले का आयोजन किया गया है।

विज्ञान मेले का विषय प्रौद्योगिकी और खिलौने है। विज्ञान खेल, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, स्वास्थ्य मेला, विज्ञान खिलौने आदि भी इस विज्ञान मेले के मुख्य आकर्षण हैं। पालिका परिषद के इस विज्ञान मेले में 60 से अधिक मॉडल्स प्रदर्शित किये गये है, जो भविष्य के वैज्ञानिकों के वैज्ञानिक स्वभाव, योग्यता और नवीन दिमाग को प्रदर्शित करते हैं। विज्ञान/गणित के आविष्कारी प्रदर्शन, पालिका टिंकरिंग लैब/अटल टिंकरिंग लैब के प्रदर्शन, और विज्ञान के साथ मनोरंजन, चमत्कारों के पीछे का विज्ञान पर छात्रों के लिए इंटरैक्टिव कार्यशालाएं और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के साथ विज्ञान के चमत्कारों की खोज भी विज्ञान में शामिल किये गये हैं।

विज्ञान मेलें में डिजिटल इंडिया मिशन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लिखित उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया है। यह विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम सभी स्कूलों के छात्रों, माता-पिता, अभिभावकों, शिक्षकों, स्कूल प्रशासकों और विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों के लिए नि:शुल्क खुला है।

एनडीएमसी जीवन के सभी क्षेत्रों से लोगो को एक साथ आने और युवा वैज्ञानिकों की प्रतिभा को देखने और स्थायी भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का जश्न मनाने का आग्रह करता है। यह आयोजन सीखने और जुड़ाव के लिए एक अनूठा अवसर होने का वादा भी करता है।

# नवीन गोयल ने शूटिंग खिलाड़ी ईशान को किया सम्मानित

### 25 मीटर पिस्टल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है ईशान का चयन


गुरुग्राम में शूटिंग खिलाड़ी ईशान यादव का सम्मान करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रतिभाओं** को आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहने वाले पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने राष्ट्रीय स्तर के पिस्टल शूटिंग खिलाड़ी ईशान यादव को सम्मानित किया।

ओपन स्काई सेक्टर-5 में पढ़ रहे इशान यादव का 25 मीटर पिस्टल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। ईशान को पौधा भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही पर्यावरण के प्रति सकारात्मक कार्य करने का भी आह्वान किया। नवीन गोयल ने कहा कि ईशान के नाना जीत सिंह यादव की आशीर्वाद और उनकी शिक्षाओं पर चलते हुए ईशान जैसे अनेक युवा अपने बुजुर्गों का मस्तक ऊंचा कर रहे हैं। ऐसा होना भी चाहिए। बुजुर्गों की शिक्षा और आशीर्वाद उनके जीवन का बड़ा तजुर्बा होता है। हर व्यक्ति को यह लेना चाहिए। नवीन गोयल ने ईशान के पिता संदीप यादव, माता माध्वी यादव, दादी उर्मिला यादव, दादा सुभाष चंद्र यादव, बहन इशिका यादव, कोच दिनेश कुमार यादव, बिट्टू यादव, रोहित पान्नू, राहुल यादव समेत सभी परिवारजनों को ईशान की इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही भविष्य में मेडल लेकर लौटने पर भव्य स्वागत करने की बात कही।

नवीन गोयल ने कहा कि खिलाड़ी चाहे ग्रामीण स्तर का हो या फिर जिला, राज्य या राष्ट्रीय। हमें हर खिलाड़ी का हौंसला बढ़ाना चाहिए। उनकी प्रतिभा को निखारने में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। सुविधाओं के अभाव और समय पर जरूरतों की कमी से किसी भी खिलाड़ी की प्रतिभा खत्म नहीं होनी चाहिए। जिस तरह से एक सैनिक पूरे देश और समाज का होता है, इसी तरह से खिलाड़ी भी देश और समाज के होते हैं। जब वे अपनी प्रतिभा दिखाकर राष्ट्रमंडल, ओलंपिक समेत बड़े खेलों में मेडल लेकर लौटते हैं तो सभी को खुशी होती है। उस समय हमें कोई धर्म, जात नजर नहीं आती, सिर्फ अपना देश और देश का खिलाड़ी नजर आता है। किसी भी खिलाड़ी का हौंसला इसी से बढ़ता है कि उसे उनके देश में कितना प्रोत्साहन मिलता है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**सोहना।** बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर गांव मंडावर के निकट कार की सीधी टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गए। घायल दंपति को फरीदाबाद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। सोहना सदर थाना पुलिस ने पीडित पति की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

फरीदाबाद का गांव लोधीपुरा निवासी ईरफान ने पुलिस को बताया कि वह 29 नवंबर को निमौठ से अपने घर जा रहा था। वह और उसकी पत्नी साहनी बाइक पर थे। जब वे मांग मंडावर के पास पहुंचे। तभी सामने से तेज गति से लहराती हुई बाइक और उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक और पत्नी समेत सड़क पर गिर गए।

सड़क पर गिरने से उसे, उसकी पत्नी को चोटें आई और बाइक को काफी नुकसान हो गया। सड़क पर आने जाने वालों ने उन्हे निजी वाहन की मदद से निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहा से डॉक्टरों ने उन्हे फरीदाबाद के बीके अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन उन्होने अन्य अस्पताल में दाखिल होकर उपचार लिया। वह और उसकी पत्नी खतरे से बाहर है।

# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार दो सेंटर से तीन आरोपी गिरफ्तार

### फर्जी ग्राहक भेजकर देह व्यापार का किया भंडाफोड़




पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्पा** सेंटर की आड़ में देह व्यापार कराने की सूचना पर पुलिस ने दो स्पा सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान वहां से तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुब प्लाजा मार्केट डीएलएफ फेज-1 गुरुग्राम में 2 स्पा सेंटर में वेश्यावृत्ति/देह व्यापार कराया जाता है। वहां पर आने वाले ग्राहकों से रेट फिक्स करके महिलाओं से देह व्यापार करवाया जाता है। सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय सुशीला के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा कानून की औपचारिकताओं को पूरा करते हुए पुलिस टीम द्वारा अपने बोगस/फर्जी ग्राहक बनाकर कुतुब प्लाजा मार्केट में स्थित लोट्स स्पा व यूनिक स्पा में भेजा गया। वहां रेट फिक्स करके देह व्यापार के लिए लड़कियों की मांग की गई। पुलिस के फर्जी/बोगस ग्राहकों को उपरोक्त दोनों सेंटर्स के मैनेजर्स/संचालकों द्वारा रुपए लेकर देह व्यापार के लिए लड़कियां उपलब्ध करवाई गई। इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा हिदायत देकर भेजे गए फर्जी/बोगस ग्रहकों द्वारा हिदायत अनुसार पुलिस टीम को सूचित किया। दो स्पा सेंटर से तीन आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस टीम द्वारा काबू किए गए आरोपी की पहचान लोट्स स्पा सेंटर के मैनेजर सुजीत निवासी गांव जरमपुर जिला नदिया (प.बंगाल) व मेहर मिस्त्री उर्फ प्रीतम मिस्त्री निवासी खटीमा झनकईया, उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) तथा यूनीक स्पा सेंटर से लुम्मिलासटगंता उर्फ आलम निवासी चकरपुर गुरुग्राम के रूप में हुई। आरोपियों ने पूछताछ में रुपए लेकर देह व्यापार कराने की बात स्वीकार की है। उनके खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू की गई है।

## गुरुग्राम में बिछाए जा चुके हैं 489 भूमिगत स्मार्ट फीडर: अग्रवाल

DHBVN

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति हो रही है। बिजली निगम गुणवत्ता पूर्ण बिजली आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है और निरंतर प्रयासरत है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मुख्य अभियंता वीके अग्रवाल ने मंगलवार को जानकारी दी कि बिजली उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत गुरुग्राम में 11 केवी के 489 फीडरों को भूमिगत बिछाया जा चुका है। इसमें से 482 फीडरों पर लोड चार्ज कर उन्हें चालू भी किया जा चुका है।

औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-37 और उसके आसपास के क्षेत्रों में इस समय 17 फीडर मौजूद हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए मौजूदा फीडरों के ओवर लोडिंग और लोड के विभाजन से बचने के लिए 17 फीडर से बढ़ाकर 25 फीडरों के माध्यम से आपूर्ति करने का प्रस्ताव है। आठ फीडरों का काम पूरा हो चुका है। इनमें से 5 को लोड पर ले लिया गया है। कार्यान्वयन कर्ता फर्म मेसर्स टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की प्रतिबद्धता के अनुसार शेष फीडरों को पूरा करने का लक्ष्य तिथि 31 मार्च 2024 है। उन्होंने बताया कि बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए और औद्योगिक क्षेत्र को समस्या से बचाने के लिए शटडाउन रविवार को ही लिया जाता है। यह थोड़े समय का शटडाउन उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर बिजली आपूर्ति करने का प्रयास है।

# एसडीएम को पत्र लिख प्रधानाचार्य ने राजकीय स्कूल के लिए की मांग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के पुरानी तहसील परिसर को स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल प्रशासन ने एसडीएम को पत्र लिखते हुए छात्राओं को क्रीड़ा स्थल बनाए जाने के लिए मांग की है। खेल का मैदान न होने से छात्राएं स्कूल स्तर से लेकर खंड, जिला और प्रदेश स्तरीय खेलों में भाग नहीं ले पाती है।

स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रधानार्य जयबीर सिंह ने एसडीएम प्रदीप सिंह को पत्र लिखते हुए शिक्षा प्राप्त कर रही करीब 2500 छात्राओं के लिए खेल का मैदान न होने की बात कही है। प्रधानाचार्य जयबीर सिंह ने एसडीएम को पत्र के माध्यक से मांग करते हुए बताया कि स्कूल के साथ लगता पुरानी तहसील परिसर की खाली जमीन को दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा जमीन की कमी होने के कारण छात्राओं के बैठने के लिए भी प्रयाप्त मात्रा में कमरें नहीं है। शिक्षा विभाग और राजनीति स्तर पर छात्राओं के लिए कैमरें बनाएं जाने की मांग की जाती रही है। लेकिन जमीन न होने के कारण कमरों की मांग श्रेय नहीं चढ़ पा रही है।

> **छात्राओं** को खेलों को जोड़ने और स्कूल की जमीन की कमी को पूरा करने के लिए पुरानी तहसील जमीन की मांग की जा रही है। उक्त परिसर में मिलने से छात्राओं खेलने के लिए मैदान और कमरों की कमी की समस्या दूर हो जाएगी।
>
> **( जयबीर सिंह-प्रधानाचार्य राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल )**

**छात्राएं खेलों से दूर :** एक तरफ प्रदेश सरकार खेलों में बढ़ावा देने के लिए खेल स्टेडियम ग्राम पंचायतों में बना रही है। लेकिन स्थानीय स्कूल में जमीन न होने के कारण कबड्डी खेलने के लिए भी मैदान तक नहीं है। छात्राएं स्कूल में मैदान न होने के कारण खेलों के क्षेत्र में अपने अंदर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। छात्राएं जबकि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है।

**शहरवासी कर चुके हैं विधायक से मांग :** इससे पहले एक दिसंबर को शहरवासी विधायक संजय सिंह के साथ हुई बैठक में छात्राओं के लिए पुरानी तहसील परिसर के खाली मैदान को दिए जाने की मांग कर चुके है। विधायक संजय सिंह ने शहरवासियों को पुरानी तहसील परिसर को स्कूल के नाम कराए जाने का आश्वासन दिया है।

## सारथी फाउंडेशन व भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने वितरित किए खाद्य पदार्थों के 11 हजार पैकेट

### स्कूलों और एनजीओ में पढ़ने वाले बच्चों को भी वितरित की गई खाद्य सामग्री


गुरुग्राम के बंधवाड़ी स्थित अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन में खाद्य पदार्थों के पैकेट वितरित करते संस्थाओं के सदस्य।

**गुरुग्राम।** सारथी फाउंडेशन, भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संयुक्त तत्वावधान में सीडी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-71 के प्रांगण से की गई शुरुआत के साथ ही एक सप्ताह में 11000 खाद्य पदार्थों के पैकेट वितरण अभियान पूरा हो गया है। ये खाद्य पदार्थों के पैकेट स्कूली बच्चों और एनजीओ के बच्चों को वितरित किए गए। समापन अवसर पर अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन परिसर में लावारिस बुजुर्गों व अन्य को खाद्य पदार्थ वितरित किए गए।

सारथी फाउंडेशन के महासचिव एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत संयोजक अमित गोयल व सारथी फाउंडेशन की अध्यक्ष लता सिंह के मुताबिक समाज में एक जिम्मेदारी संस्था होने का फर्ज निर्वहन करते हुए उन्होंने इस कार्य में कदम बढ़ाया। बच्चों के प्रति हम सबका अच्छा नजरिया होना चाहिए। यह भी संदेश इस अभियान में दिया गया। अमित गोयल ने कहा कि समाज के प्रति कुछ देने की सोच के साथ यह कदम बढ़ाया गया। उन्हें खुशी है कि उनके प्रयासों से 11 हजार बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आई। ऐसी मुस्कान किसी कीमत पर खरीदी नहीं जा सकती।

इस अभियान के पूर्ण होने पर स्कूलों, संस्थाओं के मुखियाओं ने सारथी फाउंडेशन के महासचिव एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत संयोजक अमित गोयल तथा सारथी फाउंडेशन की अध्यक्ष लता सिंह के प्रयासों को सराहा। वरिष्ठ पत्रकार राज वर्मा, आईसीएआई के चेयरमैन अमित गुप्ता, इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के सचिव गुंजन मेहता, शिव सिंघल, निशांत अहलावत, रवि बंसल, राजीव मित्तल, हरि गोयल तलवाड़िया, जितेंद्र राठौर, रामनिवास सैनी आदि ने भी संस्थाओं के इस संयुक्त अभियान की सराहना की।

## ओडिसी नृत्यांगना श्रुति बरुआ के समर्पण ने शहर के दर्शकों का दिल जीत लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**कलात्मकता,** लालित्य और अभिनय कौशल के एक मनमोहक प्रदर्शन में, प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना श्रीमती सरस्वती बरुआ द्वारा निर्देशित और उनके निपुण शिष्यों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक ओडिसी नृत्य प्रदर्शन ''समर्पण'' ने नई दिल्ली के बिपिन चंद्र पाल मेमोरियल भवन में सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मनमोहक कार्यक्रम ने श्रीमती श्रुति बरुआ के ओडिसी नृत्य संस्थान, नृत्यनर्ता की 21 वर्षों की विरासत की परिणीति को चिह्नित किया।

''समर्पण'' जिसका अर्थ है ''पूर्ण समर्पण'', ने ओडिसी नृत्यांगनाओं की अपने कला, अपने गुरु, अपने देवताओं, अपने माता-पिता और दर्शकों के प्रति अटूट भक्ति के सार को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। प्रदर्शन उत्कृष्ट रूप से नृत्यरचनाओं की एक श्रृंखला के साथ प्रकट हुआ

7 से 20 वर्ष की आयु के नर्तकियों के प्रदर्शन की शुरुआत पूज्य गुरु, गुरुवे न मह के स्तुतिगान के साथ हुई, उसके बाद शुभ मंगलाचरण हुआ, जिसने आध्यात्मिक और कलात्मक अन्वेषण की यात्रा के लिए मंच तैयार किया। इसके बाद नर्तकियों ने बद्ध, चंदन चर्चिता, मोक्ष, श्री राम चंद्र, बसंत पल्लवी, जटा कटा और गुरु वश्टकम के अपने प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक रचना ने नर्तकियों की ओडिसी की जटिल बारीकियों में महारत को प्रदर्शित किया, जिससे वे लय, मुद्रा और चेहरे के भावों को सहजता से मिलाकर भावनाओं की एक सिम्फनी को व्यक्त कर सकें।

इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्रीमती गीता मित्तल (सेवानिवृत्त), श्रीमती सीमा जेरे बिष्ट, आईआरएस महानिदेशक, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और विश्व प्रसिद्ध कथक नर्तकियों पद्मश्री नलिनी और कमलिनी सहित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से धन्य थे। शास्त्रीय ओडिसी नृत्य में तीन दशकों के अनुभव के साथ एक प्रतिष्ठित कलाकार और कोरियोग्राफर, श्रीमती श्रुति बरुआ ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। ''संस्कृति हमारी पहचान की आधारशिला है, जो हमें व्यक्तियों के रूप में और एक राष्ट्र के रूप में गढ़ती है। हमारे शास्त्रीय नृत्य और संगीत रूप अमूल्य खजाने हैं जिन्हें हमें पोषित करना चाहिए।

# इनड्राइव आउटस्टेशन के द्वारा यात्री अन्य शहरों के लिए अपनी कीमत खुद तय करे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**छुट्टियों** के मौसम की शुरुआत होने वाली है, इस लोग घूमना-फिरना पसंद करते हैं, या तो अपने माता-पिता या दोस्तों से मिलने दूसरे शहर जा रहे हैं, व्यापारिक यात्राओं के लिए जा रहे हैं या देश में घूम घूम कर नए स्थानों की खोज कर रहे हैं। इनड्राइव आउटस्टेशन तेजी से और निष्पक्ष तरीके से इंटरसिटी यात्राएं आयोजित करने के लिए बनाया गया है, जहां यात्री यात्रा के लिए अपनी कीमत खुद तय कर सकते हैं।

इनड्राइव के आंकड़ों के अनुसार, कुछ स्थान ऐसे भी हैं जहां त्योहार के सीजन के दौरान मांग में उछाल आ जाता है। उदाहरण के लिए, 2022 में दिल्ली से लखनऊ और दिल्ली से चंडीगढ़ के ऑर्डर में 3 गुना वृद्धि हुई। दिल्ली से कानपुर तक दोगुना और दिल्ली से चंडीगढ़ तक 2.5 गुना अधिक ऑर्डर दिए गए। भारत में, त्योहार परिवारों के मिलने का और उत्सव का समय होता हैं। इनड्राइव.आउटस्टेशन के साथ, लोग सैकड़ों अलग-अलग शहरों में घूम सकते हैं, एक वेरीफाइड ड्राइवर चुन सकते हैं और अपना किराया खुद आगे से बता सकते हैं।

दक्षिण एशिया पीआर मैनेजर पवित नंदा आनंद ने कहा, ''इनड्राइव.आउटस्टेशन छुट्टियों के मौसम और साल के बाकी दिनों में शहरों के बीच और लंबी दूरी के लिए ऐसी आरामदायक और सुरक्षित यात्रा को सरल बनाता है। परिवार से मिलने या किसी नई जगह पर आराम से छुट्टियां बिताने का अवसर एक शानदार 'सेट योर ओन प्राइस' मॉडल के साथ आते हैं। यात्री पहले अपनी कीमत बताता है और ड्राइवर या तो इसे स्वीकार कर सकते हैं या मोल भाव कर सकते हैं। यात्री किराया, ड्राइवर रेटिंग और जिस प्रकार की कार में वे यात्रा करना चाहते हैं, उसके आधार पर सवारी चुन सकते हैं। इनड्राइव आउटस्टेशन के साउथ




एशिया बिजनस डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट आकार कुमार ने कहा, ''इनड्राइव आउटस्टेशन हमारे अनूठे मॉडल के कारण भारत भर में विस्तार कर रहा है - सबसे पहले, हमारे यात्री अपनी कीमत खुद निर्धारित कर सकते हैं। दूसरा, हम अधिक कवरेज प्रदान देते हैं जो सार्वजनिक परिवहन केंद्रों तक सीमित नहीं है।

## रक्त दान से बचाई जा सकती है जरूरतमंद लोगों की जान: सत्यप्रकाश जरावता


फरुखनगर स्थित गति कंपनी के वेयर हाउस में आयोजित रक्त दान शिविर का शुभारंभ करते पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता व सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव।

**गुरुग्राम।** पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। दुनिया में हर चीज को बनाया जा सकता है, लेकिन रक्त की एक बूंद को किसी भी तकनीक से नहीं बनाया जा सकता है। वे मंगलवार को फरुखनगर स्थित गति कंपनी के वेयर हाउस में आयोजित रक्तदान शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को रक्त की पूर्ति होगी और रक्त दाता भी स्वस्थ रहेगा। विधायक ने कहा कि रक्तदान करने को लेकर लोगों के बीच भ्रांतियां फैली रहती हैं कि इससे हमारा शरीर कमजोर होता है। ऐसा कुछ नहीं होता। कोई भी व्यक्ति डॉक्टर की देखरेख में अगर रक्तदान करता है तो उसे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। शिविर में सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सुंदर लाल यादव ने कहा कि कोरोना काल में लोगों ने मौत को करीब से देखा है। हमें यह प्रण लेना चाहिए कि मानव की भलाई के लिए हमें कार्य करना है। हम रक्तदान कर न जाने कितने लोगों को जीवनदान दे सकते हैं। इसलिए हमें नियमित समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। इस दौरान 100 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान एनसीआर के ऑपरेशन हेड वरुण आहूजा, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर फरुखनगर जयदीप शर्मा, जयप्रकाश, नरेंद्र शर्मा, दिनेश वालिया और जितेंद्र भी मौजूद रहे।

## डाबर वाटिका ने लॉन्च किया 'रोजमैरी हेयर ग्रोथ ऑयल, हिबिस्कस और कोकोनट ऑयल के साथ'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**देश** की प्रमुख नैचुरल पर्सनल केयर कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज अपने ब्राण्ड वाटिका के तहत नए हेयर ऑयल के लॉन्च के साथ हेयर केयर की दुनिया में एक और बड़े इनोवेशन की घोषणा की। डाबर वाटिका की ओर से लॉन्च किया यह हेयर ऑयल रोजमैरी, हिबिस्कस और कोकोनट के गुणों से भरपूर है।

'हमारी वाटिका फैमिली में नया 'डाबर वाटिका रोज़मैरी हेयर ग्रोथ ऑयल विद हिबिस्कस एंड कोकोनट ऑयल' लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह नया हेयर ऑयल रोज़मैरी, कोकोनट ऑयल और हिबिस्कस के गुणों से भरपूर है। हेयर केयर की बदलती ज़रूरतों को देखते हुए हम अपनी मौजूदा प्रोडक्ट रेंज में यह नया एडीशन लेकर आए हैं। आजकल आहार, जीवनशैली, प्रदूषण और तनाव की वजह से बालों की समस्याएं बढ़ रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए डाबर वाटिका ने डर्मेटोलोजिस्ट्स की मदद से यह स्पेशल प्रोडक्ट तैयार किया है। डर्मेटोलोजिस्ट की मदद से तैयार किया गया और जांचा-परखा गया यह हेयर ऑयल शक्तिशाली समाधान है जो आपके बालों की पूरी देखभाल करेगा।' डाबर इंडिया लिमिटेड में हेयर केयर के मार्केटिंग हैड अंकुर कुमार ने कहा। नया वाटिका रोजमैरी हेयर ऑयल 200 एमएल- प्रीमियम मोनो कार्टून पैक में 550 रुपए की कीमत पर उपलब्ध है। इस हेयर ऑयल के नियमित इस्तेमाल से आपके बाल मजबूत और चमकदार हो जाएंगे। इस ऑयल को गहन आर एण्ड डी के बाद तैयार किया गया है, जो बालों की समस्याओं को दूर कर इन्हें प्राकृतिक रूप से स्वस्थ बनाएगा।'

'डाबर वाटिका रोज़मैरी हेयर ग्रोथ ऑयल, एक आम हेयर केयर प्रोडक्ट से कहीं बढ़कर है। यह उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उनके बालों को प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बना देगा। तो डाबर वाटिका के साथ पाएं, मजबूत, घने और खूबसूरत बाल!''

# पीपीपी में सुधार व सदस्यों के नाम जोड़ने, हटाने की सुविधा फिर से शुरू: मंगतराम बागड़ी

**गुरुग्राम।** पूर्व निगम पार्षद, मंगत राम बागड़ी ने हरियाणा सरकार के परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में सुधार और पारिवारिक सदस्यों के नाम जोड़ने व डिलीट करने की सुविधा पुनः शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि यह गुरुग्राम सहित प्रदेश के अन्य जिला के निवासियों की मांग थी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनहित में यह निर्णय लिया है जो स्वागत योग्य है।

भाजपा नेता मंगतराम बागड़ी ने कहा कि इस संबंध में इस योजना के स्टेट कोर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला द्वारा मीडिया को जारी सूचना से लोगों को बड़ी राहत मिली है। इस नई व्यवस्था से हजारों परिवारों की कठिनाई दूर होगी, जिन्हें इसके कारण सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। बागड़ी ने कहा कि उन्होंने पीपीपी में जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप सुधार करने की सुविधा मुहैया करवाने की मांग कई बार प्रशासन से की थी।


मंगतराम बागड़ी।

अब प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनहित में यह निर्णय लेकर प्रदेश की जनता को बड़ी राहत देने का काम किया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। पूर्व पार्षद का कहना है कि सामाजिक सुरक्षा के नाम पर पिछली सरकारों के जमाने में होने वाले घोटाले पर रोक लगाने के लिए पीपीपी एक अच्छी व्यवस्था है।

## सेल्सफोर्स रन 2023 : एक बड़ी सफलता जिसने दिलों और 'सोल्स' को संगठित किया!

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**सेल्सफोर्स** रन 2023 के सार में है - रोमांच, हँसी, आशा, भाईचारा और एक संयुक्त लक्ष्य के साथ और बहुत कुछ। सेल्सफोर्स के 3500 से ज़्यादा कर्मचारियों, उनके परिवार, फ्यूचरफोर्स के सहकर्मियों, हमारे स्टार्टअप प्रोग्राम के सदस्यों और ग्राहकों ने एक उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ते हुए रनिंग में हिस्सा लिया, जिसमें संबंध और समुदाय का महत्व सबसे ज़्यादा है।

एक संगठित सेल्सफोर्स परिवार के रूप में, हमने मिलकर 1.8 लाख किलोमीटर और 40,000 वीटीओ घंटे से ज़्यादा समय तक इस रन में अपना योगदान दिया। इसकी सबसे अच्छी बात क्या थी? हर कदम ने न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का स्मरण कराया, बल्कि एक महत्वपूर्ण व सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी अपना योगदान दिया।

**1. मुस्कान के लिए मील : एक उद्देश्य के लिए दौड़ना**

इस रन के लिए उठाया गया हर कदम किसी के सपने पूरे करने की ओर उठाया गया एक बड़ा कदम था। हमारे कर्मचारियों या हमारे प्रियजनों द्वारा दौड़कर या चलकर तय किए गए हर किलोमीटर के लिए, सेल्सफोर्स ने चुने गए चैरिटेबल कार्यों के लिए अपना योगदान दिया। सेल्सफोर्स इंडिया परिवार के इस सामूहिक प्रयास द्वारा इन दो उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण योगदान मिला।

**2. बाल शिक्षा**

टीच फॉर इंडिया के साथ साझेदारी में, हमारा उद्देश्य 200 वंचित विद्यार्थियों का सहयोग करना और उसके विकास को कक्षा के अंदर एवं उसके बाद संभव बनाकर उन्हें सफलता की ओर ले जाना है।

**3. जैव विविधता का संरक्षण**

ग्रीन यात्रा के साथ साझेदारी में, हम मियावाकी वन क्षेत्र में 9,000 स्थानीय पौधे लगाएंगे, ताकि विभिन्न वनस्पतियों और जंतु जीवन के लिए एक अभयारण्य केस विकास हो सके।

# संसद का शीत सत्र

## हंगामी शुरुआत

**संसद के शीत सत्र** की हंगामी शुरुआत हुई है जिसमें कई प्रमुख विधेयकों के मंजूर होने की आशा है। भारतीय जनता पार्टी–भाजपा हालिया विधानसभा चुनावों में विजयों से उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की है कि विपक्ष अपनी हार की कड़वाहट सदन में नहीं घोलेगा। उन्होंने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील की है। भाजपा शीत सत्र में दोनों सदनों में आक्रामक कांग्रेस से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सत्र खासकर कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह चुनावों में पराजय के बाद अपनी छवि सुधारने तथा विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में वर्चस्व बनाए रखने का प्रयास कर रही है। चूंकि यह संसदीय चुनाव से पहले अंतिम सत्र से पहले वाला सत्र है, इसलिये सरकार इसमें यथासंभव अधिकाधिक विधेयकों को मंजूर कराना चाहती है। वर्तमान संसद का अंतिम सत्र बजट सत्र होगा और उसमें मुख्यत: लोकसभा चुनाव तथा बजट पर ध्यान केन्द्रित होगा। इस सत्र ने महत्वपूर्ण चर्चाओं और बहसों के लिए मंच सजा दिया है जो लोकसभा चुनाव के बाद देश का विधायी परिदृश्य निर्धारित करेंगी। 22 दिसंबर को समाप्त होने वाले वर्तमान शीत सत्र के हंगामी होने की आशा है। इसमें बदले हुए राजनीतिक परिवेश में 21 विधेयकों पर विचार का समग्र एजेंडा रखा गया है। लोकसभा की 'इथिक्स कमेटी' ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की 'सवालों के लिए नकद' शिकायत पर सदस्यता समाप्त करने की संस्तुति की है जिसे सदन में इस सत्र में रखा जाएगा। इस पर हंगामा स्वाभाविक है। हालांकि, इसे सोमवार को भोजनावकाश के पहले उस दिन के एजेंडे में पांचवें स्थान पर होने के बावजूद नहीं रखा गया, जिससे विपक्षी दलों



को अनुमान लगाने के अवसर मिले। कांग्रेस ने संसदीय समितियों के कामकाज पर चिन्ता जताते हुए नियमों एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा का अनुरोध किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि महुआ मोइत्रा प्रकरण में आगे क्या होता है।

शीत सत्र का एक मुख्य विधायी बिंदु भारतीय दंड संहिता–आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता–सीआरपीसी तथा भारतीय साक्ष्य कानून का स्थान लेने वाले तीन विधेयक होंगे। यह विधिक ढांचे में एक बड़े परिवर्तन का संकेत हैं जिन पर दोनों सदनों में तीखी बहस की उम्मीद है। एक और विवादास्पद मुद्दा मुख्य निर्वाचन आयुक्त–सीईसी व निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक है। आशंका है कि विपक्षी सांसद इस विधेयक का घोर विरोध करेंगे। संसदीय कामकाज की सूची में 19 विधायी कार्य तथा दो वित्त विधेयक हैं। इसके साथ ही सत्र में 2023–24 की पूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, उन पर चर्चा और मतदान होगा। इसके अलावा 2020–21 के अतिरिक्त अनुपूरक अनुदानों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा तथा संबंधित विनियोग विधेयक को स्वीकार किया जाएगा। एजेंडे में अनेक विधेयकों के शामिल होने तथा उन पर होने वाली संभावित राजनीति के चलते यह सत्र राजग सरकार के विधायी एजेंडे तथा विपक्षी दृढ़ता की कठोर परीक्षा लेगा। देश की जनता इस संसदीय सत्र की कार्यवाहियों पर कड़ी नजर रखेगी क्योंकि उसके द्वारा चुने नीति–निर्माता अनेक ऐसे मुद्दों पर विचार करेंगे जिनसे देश का विधिक एवं राजनीतिक परिदृश्य निर्धारित होगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या संसद के शीत सत्र में कामकाज सुचारु ढंग से चलेगा अथवा यह बहिर्गमन व शोरशराबे का शिकार बन जाएगा? यदि संसदीय सत्र के कामकाज में बाधा आती है तो यह सामान्य रूप से पूरे देश का तथा खासतौर से लोकतंत्र का नुकसान होगा।

# सही मुख्यमंत्रियों की तलाश

हालिया राज्य विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद अब अनुमान लगाए जा रहे हैं कि इन राज्यों में नए मुख्यमंत्री कौन होंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों इस बारे में विचार–विमर्श कर रही हैं।




**कल्याणी शंकर**

(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




पांच राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम आने के पहले एक्जिट पोल इन राज्यों में कांटे की टक्कर का अनुमान लगा रहे थे। अधिकांश एक्जिट पोलों ने कांग्रेस और भाजपा की दो–दो राज्यों में विजय का अनुमान लगाया था। लेकिन राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कठोर संघर्ष के बाद कांग्रेस पार्टी केवल तेलंगाना में चुनाव जीतने में सफल हुई। इसके उलट भाजपा ने न केवल मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बनाए रखने, बल्कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से सत्ता छीनने में सफलता प्राप्त की है। हालिया परिदृश्य पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि कठोर दलबदल–विरोधी कानूनों के बावजूद विधायकों को भारी मात्रा में धनराशि व अन्य प्रलोभनों से ललचाने का काम जारी था। इसके परिणामस्वरूप वे पालाबदल करने में सफल होते थे और उत्तर भारत में जीती हुई पार्टी की सरकारें गिर सकती थीं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के साथ ऐसा ही हुआ था। लेकिन इसके बावजूद भाजपा को दक्षिण भारत में पैर जमाने में कठिनाई हो रही थी। हालांकि, हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा की चुनावी रणनीति सफल रही है। इस रणनीति के चलते वह अपने समर्थकों को एकजुट रखने तथा आंतरिक विरोध न्यूनतम करने में सफल रही है। इसी रणनीति के अंतर्गत उसने अपने कई सांसदों को उम्मीदवारों के रूप में मैदान में उतार दिया था। इससे पार्टी में भीतरी तोड़फोड़ रोकने और समर्थकों को एकजुट करने में सफलता मिली।

कांग्रेस को अपने मजबूत स्थानीय नेतृत्व के कारण तेलंगाना में लाभ मिला और वह यहां चुनाव जीतने में सफल हुई। कांग्रेस पार्टी को दूसरी पार्टियों के अनेक नेताओं को साथ लाने में भी भारी सफलता मिली क्योंकि वे कांग्रेस को बेहतर विकल्प के रूप में देख रहे थे। यह स्थिति खासकर कांग्रेस की कर्नाटक में विजय के बाद बनी थी। खासकर तेलंगाना में कांग्रेस को इसलिए भारी सफलता मिली क्योंकि मतदाता इसे सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र दल–बीआरएस को हराने में सक्षम शक्ति की तरह देख रहे थे। इससे बड़ी संख्या में मतदाता बीआरएस का साथ छोड़ कर कांग्रेस के पक्ष में आ गए। यह तथ्य खासतौर से उल्लेखनीय है कि भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव के पहले अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की थी। अब विधानसभा चुनाव परिणाम आ जाने के बाद कांग्रेस और भाजपा को तय करना होगा कि वे स्थापित नेताओं को स्थान देंगे या नए नेताओं की तलाश करेंगे। तेलंगाना में कांग्रेस को तय करना होगा कि वह रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाए या इस पद पर किसी नए चेहरे को लाए।

कांग्रेस और भाजपा के पास मुख्यमंत्री पद के उपयुक्त अनेक संभावित उम्मीदवार हैं। ऐसे में मुख्य सवाल यह है कि दोनों पार्टियां इन महत्वपूर्ण राज्यों में मुख्यमंत्री पद किसे सौंपती हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भाजपा पुराने नेताओं के स्थान पर नए नेता लाने की इच्छुक है। इसे देखते हुए वह राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान तथा छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के स्थान पर नए नेताओं को पद देने का प्रयास कर सकती है। वसुंधरा राजे कई बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान बीच का कुछ समय छोड़ कर मुख्यमंत्री के रूप में चार कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह भी भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में तीन कार्यकाल का समय पूरी करने के बाद पिछले चुनाव में हार गए थे। मुख्यमंत्री पद के लिए नए उम्मीदवार चुनते समय उनकी जाति का ध्यान रखना भी जरूरी होगा। सफल राजनीति के लिए विभिन्न जातियों का सही मिश्रण बनाना जरूरी है और ऐसे में सत्ता को केवल राजपूतों या सवर्ण हिंदू जातियों तक सीमित रखना शायद संभव नहीं होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पद पर लाए जाने वाले संभावित नए नेताओं की क्षमता पर भी गौर करना होगा। हालांकि, राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा ने इस बार मुख्यमंत्री उम्मीदवार का कोई चेहरा मतदाताओं के समक्ष नहीं रखा था और तीनों राज्यों में चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर लड़े गए थे। लेकिन इसके बावजूद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीनों राज्यों में उपयुक्त मुख्यमंत्री चाहते हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों की अधिकांश लोकसभा सीटें भाजपा के खाते में डाल सके। प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार 2024 में लोकसभा चुनाव जीतने के लिए हर कदम फूंक–फूंक कर रख रहे हैं और इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री का चयन इस दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

मध्य प्रदेश की स्थिति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान अभी इस पद पर बने रहने के इच्छुक हैं। मध्य प्रदेश में हुए एक आयोजन में शिवराज सिंह चौहान ने जनता से इस बारे में राय भी मांगी थी कि उनको निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री के पद पर बने रहना चाहिए या नहीं। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए अनेक संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें तीन केन्द्रीय मंत्री–नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद पटेल शामिल हैं। इनके साथ ही भाजपा के पास अनेक अन्य विकल्प भी हैं जिनमें पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय तथा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया को इसलिए संभावित मुख्यमंत्री उम्मीदवार माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने अपने साथियों के साथ कांग्रेस से विद्रोह कर कमलनाथ सरकार गिराई थी। इसी प्रकार राजस्थान में भी मुख्यमंत्री पद के अनेक संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के साथ केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव व अश्विनी वैष्णव तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला शामिल हैं। इसके साथ ही मंत्री अर्जुन मेघवाल व महंत बालकनाथ भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौर एक राजपूत हैं और कई बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। सतीश पुनिया उस समय राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष थे जब पार्टी सत्ता में नहीं थी। हालांकि, 2023 की शुरुआत में दो बार सांसद रह चुके ब्राह्मण सी.पी. जोशी को पुनिया के स्थान पर राज्य भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत नई पीढ़ी के भाजपा नेता हैं और वे भी राजस्थान के संभावित मुख्यमंत्री उम्मीदवार हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ में भी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। बीएएमएस डाक्टर रमन सिंह 2018 तक 15 साल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे राज्य में पार्टी के सर्वाधिक लोकप्रिय चेहरा हैं। 2003 में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बनने के पहले वे केन्द्रीय मंत्री थे। लेकिन उनको पिछले पांच साल से हाशिए पर रखा गया है। विष्णु देव साव भी मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। उनकी छवि स्वच्छ है और वे आरएसएस परिवार से संबद्ध हैं। प्रमुख आदिवासी नेता और केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह भरतपुर–सोनहाट क्षेत्र से सांसद हैं और वे भी विकल्प हो सकती हैं।

कांग्रेस को तेलंगाना में ऐसा नेता चुनना चाहिए जो पार्टी को एकजुट रख सके। बीआरएस नेता के. चंद्रशेखर राव दूसरी पार्टियों के नेताओं को ललचाने में माहिर माने जाते हैं। ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस अपने नेताओं को एकजुट रखने में विफल रही है। इसके प्रमाण गोवा, कर्नाटक व अन्य राज्यों में देखने को मिले हैं। तेलंगाना में रेवंत रेड्डी सर्वाधिक संभावित उम्मीदवार हैं। वे सबसे तेजतर्रार नेताओं में शामिल हैं और पार्टी के भीतर कामकाज की शैली को लेकर होने वाली आलोचना के बावजूद उनको कांग्रेस नेतृत्व का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। उन्होंने छात्र के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एबीवीपी से की थी और फिर ऊंचाइयों तक पहुंचे। रेड्डी के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं जिनमें 2024 में लोकसभा की अधिकाधिक सीटें जीतना शामिल है। लेकिन उनके लिए पार्टी को एकजुट रखना ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। हालिया वर्षों में दलबदल से अस्थिरता पैदा होने की अनेक घटनायें सामने आई हैं जो सरकार गठन के बाद फौरन शुरू हो जाती हैं। कठोर दलबदल–विरोधी कानूनों के बावजूद विधायक भारी मात्रा में पैसा लेकर पाला बदलते रहे हैं जिससे विजेता पार्टी सरकार गिर सकती है। भाजपा विधानसभा चुनावों में अपनी विजय से उत्साहित है और 2024 चुनाव की रणनीति बनाने लगी है। विपक्षी समूह 'इंडिया' में अभी भाजपा की भारी विजय के बाद प्रतिबद्धता नहीं दिख रही है।

# जलवायु परिवर्तन : चुनौतियां और कॉप28




**विवेक सक्सेना**

(लेखक, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में महानिदेशक हैं)


जलवायु परिवर्तन और उसके दुष्प्रभावों से पूरी दुनिया चिंतित है। जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर सभी पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक विचार–विमर्श में केंद्र स्तर हासिल कर लिया है। इसी क्रम में एक बार फिर 30 नवंबर से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू हुए जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) से संबंधित सीओपी (कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज) के 28वें सत्र के दौरान 190 से ज्यादा देश विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श कर रहे हैं। इस सम्मेलन में दुनिया भर के देश जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा कर रहे हैं और वैश्विक मंथन के साथ–साथ पिछले सम्मेलनों में लिए गए निर्णयों में हुई प्रगति की समीक्षा भी कर रहे हैं। भारत ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए हाल के वर्षों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई ठोस पहल की हैं। इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए, भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अक्टूबर 2023 में ग्रीन क्रेडिट योजना (जीसीपी) और नियमों को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति और समुदाय को स्वस्थ और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है- मैत्रीपूर्ण जीवनशैली।

ग्रीन क्रेडिट योजना की अवधारणा पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल परिस्थितियों से लाभ उठाने की एक बहुत ही सरल प्रक्रिया पर आधारित होगी। इसलिए, आम लोगों, सामुदायिक संगठनों, उद्योगों और निगमों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के तहत पर्यावरण–सकारात्मक कार्यों को अपनाने और समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत को राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने में भी सक्षम बनाएगा। ), यूएनएफसीसीसी को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न हितधारकों के स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों के लिए प्रोत्साहन की परिकल्पना की गई है। वर्तमान में वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों के लिए दिशा–निर्देश एवं नियम अधिसूचित किये गये हैं। सतत




कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण में कमी, मैंग्रोव संरक्षण और बहाली, निर्माताओं द्वारा इकोमार्क–आधारित व्यापार, सतत भवन और बुनियादी ढांचा अन्य क्षेत्र हैं जिन्हें वित्तीय प्रोत्साहन के लिए ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के तहत भी शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत, विभिन्न हितधारकों को ग्रीन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रतिस्पर्धी बाजार–आधारित व्यापार को प्रोत्साहित करके स्वेच्छा से पर्यावरण–अनुकूल गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की दृष्टि से सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करना है ताकि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना किया जा सके। इसका उद्देश्य गतिविधि के अनुसार ऋण आवंटित करना और मापने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना है। गतिविधि की प्रगति की पुष्टि करना और बड़े पैमाने पर जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और मिशन जीवन के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए पर्यावरण–सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करना। यह पर्यावरण–अनुकूल जीवन शैली अपनाने और मूल्यों और नीतियों के आधार पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने में भी सहायता करेगा। जीसीपी व्यक्तियों, किसान उत्पादक संघों, पर्यावरण–अनुकूल कृषि, उद्योगों, शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों, निजी क्षेत्र, उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों आदि को व्यापार योग्य ग्रीन क्रेडिट के रूप में पर्यावरण–अनुकूल सकारात्मक कार्यों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

जिसके लिए कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार आधारित प्रणाली की परिकल्पना की जा रही है। ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अधिसूचित प्रारूप के अनुसार प्रमाणित ग्रीन क्रेडिट को कार्यक्रम प्रशासक द्वारा एक इकाई के रूप में सत्यापित किया जाएगा, जिसका लाभ बाजार के अनुसार निर्धारित किया जाएगा- आधारित मूल्यांकन. पात्र इकाई को ग्रीन क्रेडिट इकाइयाँ उत्पन्न करने के लिए पंजीकरण करना होगा। हरित ऋण की इकाइयों के रूप में पंजीकृत इकाइयों की गतिविधियों को प्रमाणित करने के लिए तृतीय–पक्ष प्रमाणीकरण की व्यवस्था होगी। इसके तहत, उपभोक्ता या समुदाय द्वारा ग्रीन क्रेडिट प्राप्त करने या खर्च करने की कोई भी गतिविधि बाजार–आधारित सत्यापन के अधीन है।

हरित ऋण की मात्रा और मूल्य अधिकृत एजेंसी द्वारा निर्धारित किया जाएगा और गतिविधि से जुड़े पर्यावरणीय सकारात्मक लाभों पर निर्धारित किया जाएगा। ग्रीन क्रेडिट की मात्रा और मूल्य केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और मानदंडों के अनुसार अधिकृत एजेंसी द्वारा निर्धारित की जाएगी। ग्रीन क्रेडिट को बढ़ावा देने से कई लाभ होंगे, जैसे हरित उद्योगों को बढ़ावा, और प्रदूषण नियंत्रण जो सुनिश्चित करेगा हवा और पानी की गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता की सुरक्षा।

सामुदायिक और व्यक्तिगत तौर पर वृक्षारोपण की गति बढ़ेगी। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का भी समाधान किया जाएगा। ग्रीन क्रेडिट योजना प्रधान मंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक नवीन और अनूठी पहल है। पर्यावरण–अनुकूल जीवनशैली को समायोजित करके इस अनूठी पहल को वैश्विक स्तर पर अन्य देशों द्वारा भी अपनाया जा सकता है।

## आप की बात

### संसद में हंगामा

**संसद** के शीतकालीन सत्र में 16 से अधिक विधेयक पेश किए जाने हैं। यह विधेयक अत्यंत महत्वपूर्ण है। मगर हाल ही के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष द्वारा संसद की कार्यवाही में रोड़ा डालने के लिए पूरी मुस्तैदी से तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहले ही दिन कह दिया कि हार का गुस्सा संसद में नहीं निकले। मगर अभी तक का अनुभव यही बताता है कि इन सभी विधेयकों इन पर संसद में पर्याप्त बहस होने की गुंजाइश कम है। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष में रचनात्मक दृष्टिकोण से इतने महत्वपूर्ण मुद्दों और विधेयकों पर विचार होना चाहिए ताकि उनमें उचित सुधार किया जा सके। यदि ऐसा नहीं होता है तो बिना बहस के यह विधेयक पारित हो जाएंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि जनता द्वारा सदन में भेजे विपक्षी सदस्यों क्या उपयोगिता है? इन तीन राज्यों की हार के बाद कांग्रेस सहित विपक्षी इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को सकारात्मक राजनीति करना चाहिए और अपनी तर्कसंगत बहस से चर्चा में भाग लेकर जनता के दिल पर अपना प्रभाव छोड़ना चाहिए। जनता ने बता दिया है कि अब केवल मुफ्त की रेवड़ियों का लालच देने से ही राज्यों या केन्द्र में सत्ता नहीं मिलने वाली है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिलाओं का समर्थन

**मध्य प्रदेश**, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने में महिलाओं का विशेष हाथ है। भाजपा के पक्ष में युवाओं और बुजर्गों ने तो बढ़चढ़ कर वोट डाले, साथ ही महिलाओं ने भी भाजपा को तकरीबन 50 फीसदी मतदान किया। ध्यान देने वाली बात है कि लंबे समय तक नेताओं का महिलाओं की तरफ कोई खास ध्यान नही था। इंदिरा गांधी ने महिलाओं को हर क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद भाजपा ने पिछड़ी व दलित महिलाओं को अहमियत देनी शुरू की और उनके हित के लिए विभिन्न योजनाओं को शुरू किया। जिसके चलते उन्हें 2014 और 2019 में सत्ता भी मिल गई। भाजपा द्वारा शुरू जनधन योजना के तहत महिलाओं को अहसास दिलाया गया कि उनके पास भी पैसे हैं। इससे उन्हें सुरक्षित, स्वाभिमानी और पहले से बेहतर जिंदगी का अहसास हुआ। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली बहिना योजना के चलते भाजपा को उम्मीद से कहीं ज्यादा वोट और सीटें भी मिली। महिलाओं के समर्थन से किसी भी राजनीतिक दल का कल्याण हो सकता है।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

### पराजय से सबक

**अमेरिकी** राष्ट्रपति कैनेडी ने कहा था कि जीत के सौ बाप होते हैं और हार अनाथ होती है। यह कथन मौजूदा भारतीय सन्दर्भ में बिलकुल फिट है। रविवार को हुई मतगणना से देश की मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी भी बिलकुल अनाथ जैसी हो गयी है। कुछ विशेषज्ञ इस परिणाम को 2024 का सेमीफाइनल मानते हुए बीजेपी को 400 से ज्यादा लोकसभा सीट देने की बात करने लगे हैं। अभी से ऐसी भविष्यवाणी ठीक नहीं होगी। यह चुनाव 28 विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए अंतिम बार गंभीरता से अपने भविष्य के बारे में सोचने का अवसर है। गठबंधन ने राज्यों के चुनाव में न उतर कर भारी भूल की है। इन राज्यों के चुनावों में आप, सपा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ व भारत आदिवासी पार्टी आदि को अपने साथ लेना चाहिए था। इसकी शुरुआत होने पर शायद परिणाम कांग्रेस के लिए उतना बुरा नहीं होता। देखना होगा कि अब इंडिया गठबंधन किस दिशा में चलता है। कांग्रेस को अब हर क्षेत्रीय पार्टी को समुचित अवसर देना होगा, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी केवल क्षेत्रीय दलों के कल्याण हेतु अपना बलिदान नहीं दे सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मतों का महत्व

**शाजापुर** से भाजपा उम्मीदवार ने केवल 28 वोट से जीत हासिल की। बहुत कम वोटों से हार–जीत के अनेक उदाहरण हैं। ऐसे में जनता को अपने मतों का महत्व पहचानना चाहिए। प्रत्येक मतदाता को अपने मतदान का फर्ज पूरा करना चाहिए। दुखद है कि ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। पढ़े–लिखे शहर वासियों को आत्म मंथन की जरूरत है। लेकिन इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों को मतदान प्रक्रिया अधिकाधिक सहज, सुलभ व गतिशील बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आधुनिक डिजिटल युग में जब कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से लाखों रुपयों का लेन–देन कर सकता है तथा दुनिया में कहीं से भी संपर्क कर सकता है तो वह इतनी आसानी से मतदान क्यों नहीं कर सकता है? अनिवासी भारतीय नागरिकों को भी डिजिटल माध्यम से मतदान की सुविधा मिलनी चाहिए। अमेरिका की तरह डाक से मतदान की सुविधा से हम बिना लाइनों के शत–प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने की ओर बढ़ सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# गांव-गांव तक जाएगी भाजपा की 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

● मंडल स्तर पर गठित 15 सदस्यीय टीम यात्रा को जनमानस से जोड़ने का माध्यम बनेगी

● उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ में करेंगे यात्रा की अगुवाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**'विकसित** भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से भाजपा गांव-गांव में जनमानस को जोड़ने का काम करेगी। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के स्वागत की तैयारी करेगें। गरीब के आवास, निशुल्क राशन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा, हर रसोई तक गैस, किसान का सम्मान, श्रमिक को काम तथा देश की आर्थिक व सामरिक समृद्धि की गारन्टी के साथ यात्रा प्रदेश के प्रत्येक गांव तक पहुंचकर विकसित भारत के संकल्प को जनमानस के सामने प्रस्तुत करेगा। पार्टी की मंडल स्तर पर गठित 15 सदस्यीय टीम गांव, गली मोहल्ले, मजरे, टीले तक पहुंचकर यात्रा को जनमानस से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित प्रदेश सरकार के सभी मंत्री विकसित भारत का लेखा-जोखा लेकर यात्रा का नेतृत्व करेगें। प्रदेश के सभी प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में यात्रा का नेतृत्व करेगें। सभी सांसद, वधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के साथ लोक दरबार में पहुंचेगें। प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बुधवार 6 दिसम्बर को गौतमबुद्ध नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का नेतृत्व करेगें। वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुलन्दशहर तथा ब्रजेश पाठक लखनऊ में यात्रा की अगुवाई करेगें। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी बुलन्दशहर में मौजूद रहेगें। बुधवार को प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना लखनऊ, सूर्य प्रताप शाही आजमगढ़, स्वतंत्र देव सिंह प्रयागराज, लक्ष्मी नारायण चौधरी अलीगढ, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी कानपुर, जेपीएस राठौर हरदोई, बेबी रानी मौर्या आगरा, गुलाब देवी बदायूं, बलदेव ओलख पीलीभीत, विजय लक्ष्मी गौतम संतकबीरनगर, अजीत पाल सिंह फ़िरोजाबाद, सतीश शर्मा कुशीनगर तथा जसवन्त सैनी बागपत में यात्रा में सम्मिलित रहेगें।

यदुवंश ने बताया कि 500 से अधिक रथ प्रदेश के प्रत्येक गांव तक जन संवाद का माध्यम बनें हैं। प्रत्येक रथ एक दिन में 2 से अधिक गांवों में पहुंचेगें। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के संकल्प में गरीब का आर्थिक व सामाजिक विकास समाहित है, इसलिए प्रत्येक गांव में मोदी सरकार व योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा तथा अब तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से छूटे पात्र लोगों की सूची भी तैयार की जाएगी। भाजपा कार्यकर्ता गांव में यात्रा पहुंचने के एक दिन पूर्व स्वच्छता अभियान से ग्रामीणों को जोड़ने का कार्य करेगें।

# सीएम ने 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को दिखाई हरी झंडी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## 674 अन्य एबुंलेस को भी किया रवाना

**सीएम** योगी ने मंगलवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत जहां निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स, 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। वहीं उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने के लिए आपातकालीन एंबुलेंस सेवा के अंतर्गत 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस को हरी झंडी भी दिखाई।

एएलएस एम्बुलेंन्स सेवा का संचालन मेड केयर प्राइवेट लिमिटेड, विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ स्थित कार्यालय से विगत 25 माह से कुशलतापूर्वक करती आ रही है। इस सेवा के तहत संचालित एम्बुलेंन्सों ने अब तक ढाई लाख से अधिक (276900) गंभीर मरीजों को उच्चकृत अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई है। एएलएस सेवा का संचालन करने वाली संस्था मेडकेयर के प्रोजेक्ट हेड (यूपी) दीपक खरबंदा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रदेश वासियों को बेहतर और त्वरित एम्बुलेंन्स सेवा उपलब्ध कराने के लिए हमारी संस्था आगे भी प्रयासरत रहेगी। वर्तमान में इस एम्बुलेंन्स सेवा के तहत 250 एम्बुलेंन्स संचालित है। उद्धघाटन समारोह के दौरान संस्था के डायरेक्टर एवं प्रमोटर नरेश जैन, हैड पब्लिक सेक्टर जितेन्द्र शर्मा, प्रोजेक्ट हेड यूपी दीपक खरबंदा सहित कई पदाधिकारी और काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पारदर्शिता से मिली नौकरी, युवाओं ने कहा कर्म के साथ रोगियों की सेवा ही लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की देन है कि नौकरियां सिर्फ और सिर्फ पात्रता और पारदर्शिता के आधार पर ही मिल रही है। ऐसी धारणा के साथ मंगलमय भविष्य की कामना पूरी होने पर नवचयनित युवा मुख्यमंत्री के प्रति आभार जता रहे हैं। युवाओं का मानना है कि पारदर्शिता से नौकरी मिली है, लिहाजा अपने कार्य के प्रति पूरी हमारा भी दायित्व बढ़ गया है। हम पूरी तरह से कार्य के प्रति समर्पित रहकर रोगियों की सेवा करेंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन व अन्य जिलों में जनप्रतिनिधियों के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मंगलवार को कुल 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स व 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र दिए गए। तीन दिन के भीतर सीएम योगी ने दूसरी बार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। रविवार को भी सीएम ने लोकभवन में 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र दिया था।

डॉ. वेदप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि नियुक्ति पत्र कॉलेज में भी दिया जा सकता था लेकिन यहां बुलाकर नियुक्ति पत्र देने से गौरव की अनुभूति हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन से प्रेरणा मिलती है कि मेहनत, इलाज के साथ बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान देना है। यह उद्बोधन हमें समर्पण की भावना के साथ कार्य करने को लेकर प्रेरणा देता रहेगा। बाराबंकी की रहने वालीं सरोजिनी देवी का चयन प्रतापगढ़ में स्टाफ नर्स पद पर हुआ है। कम समय में पारदर्शिता के आधार पर नौकरी मिली। सरोजिनी कहती हैं कि किसी भी विभाग में नियुक्ति हो, यूपी में अब पारदर्शिता के आधार पर ही नौकरी मिलती है। इस प्रक्रिया के हम सभी कायल हैं। नियुक्ति पत्र पाने वालीं डॉ. अंजलि चौधरी का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर सुल्तानपुर में हुआ है। निष्पक्ष रूप से चयन के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। अंजलि ने कहा कि निष्पक्ष प्रक्रिया के आधार पर मिली भर्ती से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा रहता है और नित नया करने की प्रेरणा मिलती है। नियुक्ति पत्र लेने पहुंचे मो.फैजान अंसारी की नियुक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर कानपुर देहात के पद पर हुई है। वे नियुक्ति प्रक्रिया की निष्पक्षता के कायल हैं। उन्होंने इसके लिए योगी सरकार के प्रति आभार जताया।

फैजान ने कहा कि ईमानदारी से हुई नियुक्ति प्रक्रिया ने हमारी भी जिम्मेदारी बढ़ा दी है। हमें मेहनत से काम करके अच्छे परिणाम देने हैं। देवरिया की रहने वाली श्वेता सिंह नियुक्ति पत्र पाकर फूले नहीं समा रही थीं। इनका चयन बस्ती में हुआ है। हम गर्व से कह रहे हैं कि बिना किसी सिफारिश सिर्फ और सिर्फ निष्पक्षता से चयन के आधार पर नौकरी मिली है। यूपी में सिर्फ पात्रता ही चयन का पैमाना है। इस पैमाने पर उतरने पर ही हमें नौकरी मिली। इसके लिए योगी सरकार का धन्यवाद।

# भाजपा लोगों को नमो एप से जोड़कर विकसित भारत एम्बेस्डर बनाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## नमो एप हमारी संगठनात्मक क्रियाशीलता के प्रदर्शन का सशक्त प्लेटफार्मः भूपेन्द्र

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लोगों को नमो एप से जोड़कर विकसित भारत एम्बेसडर बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 7 दिसम्बर को नमो एप पर 'विकसित भारत एम्बेसडर' नामक मॉड्यूल लांच करने के साथ ही अभियान प्रारम्भ होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह तथा मोदी एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने वर्चुअल माध्यम से क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष तथा जिला प्रभारियों तथा सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, ब्लाक प्रमुखों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो एप से जोड़ना है। इसके साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा अधिक से अधिक लोगो को विकसित भारत एम्बेसडर बनाना है। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि नमो एप हमारी संगठनात्मक क्रियाशीलता के प्रदर्शन का सशक्त प्लेटफार्म है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सात दिसम्बर से लांच होने वाले विकसित भारत एम्बेसडर मॉड्यूल के माध्यम से एक-एक कार्यकर्ता तथा नागरिकों के द्वारा किए जाने वाले संगठनात्मक कार्यों तथा रचनात्मक कार्यों को बड़ा कैनवास मिलेगा। जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता के मल्टीमीडिया मोबाइल में नमो एप डाउनलोड कराना है। इसके साथ ही 07 दिसम्बर से ही अभियान चलाकर विकसित भारत एम्बेसडर मॉड्यूल से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेशए क्षेत्रए जिलाए मंडल से लेकर बूथ तक के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा सांसद विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि प्रदेश द्वारा लिए गए दो करोड़ लोगों को अभियान से जोड़ने के लक्ष्य से अधिक परिणाम देने में सहभागी बनेंगे। मोदी एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने कहा कि जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विकसित भारत एम्बेसडर से लोगों को जोड़ने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## एक हजार अत्याधुनिक बसों के जरिए परिवहन का परिदृश्य बदलेगी प्रदेश सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में रोडवेज बसों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने व नई 1000 बसों को बेड़े में जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएम योगी के विजन के अनुसारए वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के बेड़े में 1000 अत्याधुनिक बसों को जोड़े जाने के लिए 400 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। ऐसे मेंए हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में बसों के बेड़े के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मंजूरी देते हुए अब 400 करोड़ रुपए के सापेक्ष दूसरी किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे पहले, पहली किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए का धनवांटन किया जा चुका है। ऐसे में कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए अवशेष धनराशि जारी होने के बाद अब अत्याधुनिक बसों की खरीद व फ्लीट में शामिल होने की प्रक्रिया में तेजी आएगी, साथ ही पुरानी बसों के रखरखाव व मरम्मत प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

# विधानसभा चुनावों के परिणाम से इंडिया गठबंधन और होगा मजबूत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सपा प्रमुख ने कहा, यूपी में एनडीए को पीडीए सभी 80 लोकसभा सीटों पर हराएगा चुनाव



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि हाल के चुनावों के जो परिणाम आए हैं उससे इंडिया गठबंधन और मजबूत होगा और ये परिणाम भाजपा के चिंता का विषय होना चाहिए। जनता का मूड परिवर्तन का है। कल जब केन्द्र की सरकार के लिए चुनाव होगा तो जनता परिवर्तन क्यों नहीं चाहेगी, उत्तर प्रदेश में एनडीए को पीडीए 80 की 80 लोकसभा सीटों पर हरायेगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार के पास गिनाने को अपना एक भी विकास कार्य नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने लघु एवं मध्यम उद्योगों के हित में कुछ नहीं किया है। भाजपा ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपया बैंक कर्ज माफ कर दिया है लेकिन किसानों का 2 लाख करोड़ रुपए बैंक कर्ज नहीं माफ किया है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो किसानों का सारा बैंक कर्ज माफ किया जाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में क्या किसानों के धान की कीमत दोगुनी हुई, क्या अब कोई बेरोजगार नहीं बचा। सबको रोजगार मिल गया, भाजपा बताए कि उत्तर प्रदेश में रियल इन्वेस्टमेंट कहां हुआ है, और अगर हुआ है तो लोगों को नौकरी और रोजगार कहां मिला है, इसी प्रदेश में सैकड़ों शिक्षामित्रों ने आत्महत्या कर ली है। भाजपा सरकार बताए इनके आंकड़े कहां है सच्चाई तो यह है कि आज घर-घर बेरोजगार बैठा हुआ है। प्रदेश में पूंजी निवेश के जो एमओयू साइन हुए हुए थे वे तो जमीन पर कहीं उतरे नहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की विद्वेषपूर्ण नीतियों के कारण पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक सभी के साथ अन्याय, अत्याचार हो रहा है। पीडीए वर्ग को कितने नौजवानों को नौकरी मिली सरकार बताये। कितने विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर इस वर्ग से है। विभिन्न विभागों में कितने अधिकारी पीडीए वर्ग के है। भाजपा सरकार सामाजिक न्याय की दुश्मन है। जातीय जनगणना से भाजपा इसलिए मुंह चुरा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का दावा किया जा रहा था। अब मुख्यमंत्री और दूसरे मंत्री इस पर क्यों नहीं बोलते हैं, उत्तर प्रदेश बड़ा प्रदेश है यहां सरकार आम बजट का ही 70 प्रतिशत खर्च नहीं कर पाई तो अनुपूरक बजट लाने की क्या जरूरत थी। अखिलेश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में चौपट हैं अस्पतालों में मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। भाजपा के ही एक पूर्व सांसद के पौत्र को समय से सही इलाज नहीं मिलने पर उसकी तड़प.तड़प कर मौत हो गयी। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, झांसी में मेट्रो चलाने की बात कहीं थी, कहीं मेट्रों नहीं चली। लखनऊ में समाजवादी सरकार में मेट्रो जितनी दूर चली थी भाजपा सरकार उससे आगे मेट्रो नहीं चला पाई। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के कामकाज से निराश है। डिफेंस एक्सपो से क्या हासिल हुआ, मिसाइल बनाने का दावा था, सुतली बम तक नहीं बना पाए। चाईना से आयात बढ़ा है। लोकल के लिए वोकल कहने भर की बात है। चीन को फायदा पहुंच रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की फसल की खरीद के लिए मंडिया कहां बनी है, डेयरी सेक्टर में समाजवादी सरकार में अमूल, पराग के प्लांट लगे। कन्नौज में काऊ मिल्क प्लांट लगाया। उसको बंद कर दिया गया। भाजपा सरकार में गौवंश और गौशालाओं की दुर्दशा है। गौवंश संरक्षण और गौशालाओं के लिए अनुपूरक बजट बहुत कम है। गौवंश और गौशालाओं के लिए 5 हजार करोड़ रूपए का बजट होना चाहिए था। सांड से लोगों की जाने जा रही है लेकिन भाजपा सरकार में कोई संवेदना नहीं है।

# कांग्रेस सहारनपुर से सीतापुर तक निकालेगी 'परिवर्तन यात्रा'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




● नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में तैयार किया गया यात्रा का एजेंडा

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर से 'परिवर्तन यात्रा' निकालने का एजेंडा तैयार किया है।

राय मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारियों की अहम बैठक करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से हम प्रदेश के सभी जनपदों में पांव-पांव गांव-गांव और शहरों में डगर-डगर नगर-नगर पैदल यात्रा कर प्रदेश की जनता को भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों एवं विचारधारा से अवगत कराएंगे। इस यात्रा में जनपद के पदाधिकारी के साथ समस्त कांग्रेस जन शामिल होंगे। और यह यात्रा उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर के नैमिषारणय धाम में सम्पन्न होगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने बताया कि इससे पहले मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी तौकीर आलम भी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में नवनियुक्त पदाधिकारियों के परिचय के साथ-साथ उनके सुझाव को लिया गया बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने एक-एक कर अपने सुझाव प्रस्तुत किये जिस पर गंभीरतापूर्वक विचार कर अमल करने का आश्वासन दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अजय राय ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे विश्वास ही नहीं बल्कि पूरा यकीन है कि आपको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है आप उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाते हुए कांग्रेस संगठन को धार देने का काम करेंगे। राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हमारे पास सिर्फ अब पांच माह का समय शेष रह गया है ऐसी स्थिति में हम सभी को मिलकर पूरी ताकत के साथ कांग्रेस संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए गतिशीलता प्रदान करनी है। हमें इस चुनाव को चुनौती के रूप में स्वीकारते हुए दिन-रात युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्कता है। अभी हाल ही पांच राज्यों के चुनावी नतीजों से हमें हताश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि पूरी ताकत के साथ पुनः खड़े होकर होकर सड़कों पर संघर्ष करने की आवश्कता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की मंशा इस देश के लोकतंत्र एवं संविधान को समाप्त करने की है और यदि वह अपने मकसद में कामयाब होती है तो हमारी आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं कर पायेंगी। इसके लिए हमें डटकर पूरी ताकत के साथ सड़कों पर उतरने की आवश्कता है और जहां मेरी आवश्कता होगी वहां मैं रात 12 बजे भी मौजूद मिलूंगा।

## एनसीआरबी ने जारी किए वर्ष 2022 के अपराध आंकड़े

# अन्य राज्यों की तुलना में यूपी में गंभीर अपराधों में दर्ज की गई भारी गिरावट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● प्रदेश में डकैती का क्राइम रेट शून्य तो हत्या के प्रयास में देश में 25 वां स्थान

## महिला संबंधी अपराधों में सजा दिलाने की दर राष्ट्रीय औसत से 180 प्रतिशत से अधिक

**प्रदेश** में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही योगी सरकार ने एक बार फि र बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। एनसीआरबी के वर्ष 2022 के आंकड़ों से साबित हो गया है कि प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। एनसीआरबी के आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 35 लाख से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए जबकि यूपी में 401787 ही मुकदमे हुए। पूरे देश के क्राइम रेट 258.1 प्रतिशत के सापेक्ष यूपी का 171.6 प्रतिशत है जबकि देश में दर्ज मुकदमों के सापेक्ष यूपी में दर्ज मुकदमों का रेश्यो 11.28 प्रतिशत रहा। देश के अन्य राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के मुकाबले यूपी दर्ज मुकदमों में 20वें स्थान पर है जबकि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला राज्य है। इसका रेश्यो 16.89 प्रतिशत है, जो यह दर्शाता है कि कई छोटे राज्यों की तुलना में यूपी में अपराधिक घटनाओं में काफी कमी आई है। इसके अलावा महिला संबंधी अपराधों में सजा दिलाने में यूपी ने बड़े राज्यों में बाजी मारी है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश में हत्या के 28522 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट (प्रति एक लाख जनसंख्या के सापेक्ष अपराधों की संख्या को अपराध दर के रूप में परिभाषित किया गया) 2.1 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में हत्या के 3491 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिसका क्राइम रेट 1.5 प्रतिशत है। ऐसे में हत्या के मामले में यूपी 28 वें स्थान पर है। वहीं उत्तर प्रदेश से अधिक झारखंड में हत्या का क्राइम रेट 4 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश का क्राइम रेट 3.6 प्रतिशत और छत्तीसगढ़, हरियाणा का 3.4 प्रतिशत है। इसी तरह देश में हत्या के प्रयास के 57256 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 4.1 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में हत्या के प्रयास के 3788 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 1.6 प्रतिशत के साथ पूरे देश में यूपी 25 वें स्थान पर है। इसी तरह देश में शीलभंग के 83344 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 12.4 प्रतिशत है। यूपी में शीलभंग के 10548 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 9.4 प्रतिशत के साथ पूरे देश में यूपी 17 वें स्थान पर है। वहीं यूपी से अधिक उड़ीसा में शीलभंग का क्राइम रेट 32 प्रतिशत, केरल का 26.6 प्रतिशत और जम्मू कश्मीर का 24.9 प्रतिशत है। देश में फिरौती के अपहरण के 615 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि उत्तर प्रदेश में महज 30 मुकदमे दर्ज किए गए। ऐसे में फिरौती के अपहरण के मुकदमे के मामले में यूपी 30 वें स्थान पर है।

देश में दुष्कर्म के 31516 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 4.7 प्रतिशत है। यूपी में दुष्कर्म के 3690 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 3.3 प्रतिशत के साथ यूपी देश में 24वें स्थान पर है। वहीं यूपी से अधिक उत्तराखंड में दुष्कर्म का क्राइम रेट 15.4 प्रतिशत, चंडीगढ़ में 13.9 प्रतिशत और राजस्थान 13.9 प्रतिशत है। इसी तरह देश में बलवा के 57082 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 4.1 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में बलवा के 4745 मुकदमे दर्ज किए, जिसका क्राइम रेट 2 प्रतिशत के साथ देश में 24वें स्थान पर है। देश में नकबजनी के 107222 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिसका क्राइम रेट 7.8 प्रतिशत है। यूपी में नकबजनी के 6906 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 3 प्रतिशत है। इसी के साथ यूपी नकबजनी के मामले में देश में 31 वें स्थान पर है। वहीं देश में लूट के 28356 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 2.1 प्रतिशत है। यूपी में 1975 मुकदर्म दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 0.8 प्रतिशत के साथ यूपी देश में 27वें स्थान पर है जबकि यूपी से अधिक लूट में दिल्ली का क्राइम रेट 8.6 प्रतिशत, उड़ीसा का 6.5 प्रतिशत है। देश में डकैती के 2666 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट 0.2 प्रतिशत है। यूपी में डकैती के 80 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसका क्राइम रेट शून्य के साथ 31वें स्थान पर है। यूपी से अधिक उड़ीसा में डकैती का क्राइम रेट 0.9 प्रतिशत, मेघालय में 0.5 और चंडीगढ़ में 0.4 प्रतिशत है। देश में पॉक्सो एक्ट के तहत 63414 मुकदमे दर्ज किए गए हैं जिसका क्राइम रेट 14.3 प्रतिशत है। यूपी में पॉक्सो एक्ट के तहत 8136 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिसका क्राइम रेट 9.5 प्रतिशत के साथ यूपी देश में 25वें स्थान पर है। वहीं यूपी से अधिक अंडमान निकोबार का क्राइम रेट 97.1 प्रतिशत, लक्षद्वीप का 55.3 प्रतिशत और सिक्किम का 50 प्रतिशत है।

## 70.8 प्रतिशत महिला संबंधी अपराधों में दिलाई गई सजा

**उत्तर** प्रदेश में जहां एक ओर गंभीर अपराधिक मामलों में गिरावट दर्ज की गई है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में महिला संबंधी अपराध में सजा दिलाने की दर राष्ट्रीय औसत से 180 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश का महिला संबंधी अपराध में सजा दिलाने की राष्ट्रीय औसत दर 25.3 प्रतिशत है। वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में 70.8 प्रतिशत महिला संबंधी अपराधों में सजा दिलाई गई है। वहीं मिजोरम में 68 प्रतिशत, बिहार में 60.9 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 59.5 प्रतिशत और मणिपुर में 56.4 प्रतिशत महिला संबंधी अपराधों में सजा दिलाई गई है।

# धान, ज्वार और बाजरा की खरीद कम हुई तो नपेंगे केंद्र प्रभारी: जिलाधिकारी

● बैठक में अनुपस्थित एफसीआई केंद्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में धान, बाजरा एवं ज्वार खरीद की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट की सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर एफ्सीआई के केंद्र प्रभारी को उन्होंने कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बैठक में सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि आज की डेट में धान खरीद कम है इसे और अधिक बढ़ाएं। उन्होंने किसानों के सत्यापन के बारे में जानकारी लिए एवं निर्देशित किया कि किसानों का पंजीकरण कराए। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि एक पत्र जारी कर सभी क्रय केंद्र प्रभारीयो को निर्देश दे पिछले वर्ष जो किसान क्रय केंद्रों पर अपने धान लेकर आए थे उनके मोबाइल रजिस्टर्ड थे उनसे बात करें की क्या समस्या है। दो दिन के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने पीसीएफसे बोरे के बारे में जानकारी लिए एवं निर्देशित किया कि बोरी की व्यवस्था पर्याप्त रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सहायक निबंधक कोऑपरेटिव को भी निर्देशित किया कि केंद्र पर जाकर निरीक्षण भी करते रहें।

बाजरा खरीद के संबंध में उन्होंने तहसील वाइज जानकारी लिए एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि बाजरा की तरह के लिए प्रचार-प्रसार कराएं। जिससे कि किसान अधिक से अधिक क्रय केंद्रों पर अपना बाजरा लेकर आएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर राम यादव, उप कृषि निर्देशक राजकुमार, जिला खाद्य विभाग अधिकारी अविनाश कुमार झा, ए आर कोऑपरेटिव राजकुमार शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी सहित क्रय केंद्र के प्रभारी उपस्थित थे।

# कबीरी उत्सव के अंतर्गत हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में संत कबीर अकादमी, संस्कृति विभाग, एवं गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में निर्गुण निधि (कबीरी उत्सव एवं प्रतियोगिता) के अन्तर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने बताया कि संगोष्ठी के दौरान कबीर निर्गुण गायन, कबीर निर्गुण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर विजय बहादुर सिंह, तथा विशिष्ट अतिथि प्रो बजरंग बिहारी तिवारी, देशबंधू महाविद्यालय, दिल्ली, डॉ0 कुमार मंगलम, इग्नू उत्तराखण्ड, आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर विजय बहादुर सिंह ने कहा कि कबीर के यहां कथनी और करनी के द्वंद्व रूपी पाटन में फंसे मनुष्य को बचाने का उपक्रम दिखायी पड़ता है। कबीर का मनुष्यता पर अडिग विश्वास था। उन्होंने अपने समय की सभी विसंगतियों पर प्रकाश डाला है। साथ ही हिन्दू-मुस्लिम की एकता पर बल दिया है तो दोनों ही धर्मों में व्याप्त आडम्बरों पर कड़ा प्रहार किया है। कबीर दोनों ही धर्मों में व्याप्त कुरीतियों का विरोध करते हुए भी लोगों के बीच समान रूप से लोकप्रिय थे।

# जैविक तथा प्राकृतिक खेती विषय पर 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

● कार्यक्रम में 10 युवा कृषकों ने भी कराया पंजीयन

● प्राकृतिक खेती की प्रासंगिकता के बारे में दी गई जानकारी

**संवाददाता।** चित्रकूट




**कृषि** संकाय ,महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में जैविक तथा प्राकृतिक खेती पर 30 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 भरत मिश्र ने किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने जैविक तथा प्राकृतिक खेती की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस खेती की आवश्यकता आज क्यों है, की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किया। वहीं राष्ट्रीय जैविक एवम प्राकृतिक खेती केंद्र गाजियाबाद के सहायक निदेशक डॉक्टर ए0के0 शुक्ला ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की संचालन योजना पर प्रकाश डालते हुए अपने तकनीकी व्याख्यान में प्राकृतिक तथा जैविक खेती की अनिवार्यता को प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का वैज्ञानिक उत्तर दिया। प्रो डीपी राय,अधिष्ठाता कृषि संकाय ने स्वागत उद्बोधन मे प्राकृतिक खेती की प्रासंगिकता तथा आज के खाद्य पदार्थो का मानव स्वास्थ्य में होने वाले कुप्रभाव को विस्तृत रूप से बताया । डॉ उमाशंकर मिश्रा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। डॉक्टर पावन सिरोठिया ने उदघाटन सत्र का संचालन किया।

कार्यक्रम में प्रो हरिशंकर कुशवाहा, डॉ शिव शंकर सिंह, डॉ सुधाकर प्रसाद मिश्रा, डॉ उमेश कुमार शुक्ला आदि प्रशिक्षण में सहभागिता कर रहे। प्रशिक्षार्थियों, एमएससी तथा पीएचडी कर रहे शोध छात्र मौजूद रहे।

# 70 महिलाओं को फैशन, डिजायनिंग का प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र बांटे गये



**जालौन, उरई।** प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं स्वरोजगार अपना सकती हैं। इससे वह आत्म निर्भर होंगी। यह बात एसडीएम ने मिशन रोजगार के अंतर्गत फैशन डिजायनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण के दौरान कही। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 70 महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। एक्शन प्वाइंट समिति लखनऊ द्वारा कौशल प्रशिक्षण व सेवायोजन के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत महिलाओं को फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

जालौन में पूर्णा देवी इंटर कॉलेज में लगाए गए प्रशिक्षण शिविर में 70 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद तहसील सभागार में प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि कोई भी प्रशिक्षण बेकार नहीं जाता है। जिन महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह इससे अपना रोजगार खोल सकती हैं। यदि लागत न हो तो प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं बैंक से आसानी से लोन ले सकती हैं। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और उन्हें अपनी आवश्यकताओं के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## योगासन प्रतिस्पर्धा में मिला गौरी नायक को गोल्ड मेडल



**उरई, जालौन।** प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित प्रदेशीय प्रतियोगिता में जनपद की गौरी नायक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त कर जालौन जिले का नाम रोशन किया हैं। योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप 2023 आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरी नायक का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। गौरी नायक के पिता शैलेंद्र नायक व माता शोभा नायक पेशे से बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षक है। साक्षी नगायच के मार्गदर्शन में योगासन की शिक्षा ग्रहण कर गौरी नायक को उच्च स्थान प्राप्त हुआ है। यदि बच्चों को उचित शिक्षा व माहौल मिले तो वह अपनी प्रतिभा को उच्च स्तर पर दिखाने में पीछे नहीं रह सकते।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अब स्कूलों की ओर किया अपना रुख

● परिषदीय विद्यालयों में खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर बच्चों को किया जागरूक

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**आम** जनमानस को खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता परक उत्पादों को उपलब्ध कराने की मंशा से खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जारी मुहिम ने अब सरकारी स्कूलों में मिड डे मील के तहत बनाए जाने वाले खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को परखने की दिशा में पहल शुरू कर दी है इसी क्रम में सोमवार को विभागीय आला अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय तिलक नगर उरई और कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम मुसमरिया में जहां खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा तो वहीं उपस्थित बच्चों को खाद्य पदार्थ व मिलावटी खाद्य पदार्थों की घरेलू जांच के तरीकों के बारे में जानकारियां दी।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ.जतिन कुमार सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय तिलक नगर उरई पहुंचकर वहां तैयार तहरी एवं दूध के नमूना संग्रहित किया इसी क्रम में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम मुसमरिया में भी टीम द्वारा खाद्य पदार्थ चने की दाल के नमूने संग्रहित किए गए। उक्त दोनों विद्यालयों में विभागीय अधिकारियों ने बच्चों और शिक्षक शिक्षकों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम गुणवत्ता परक खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल करने के लिए उन्हें प्रेरित किया और साथ में यह भी जानकारियां दी कि वह किस तरीके से खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थों को आसानी के साथ घरेलू तौर पर जांच कर सकते हैं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जानकारियां प्राप्त करने के बाद बच्चों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया।

## क्विक न्यूज

### नोडल अधिकारी ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

फतेहपुर। शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी/अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (सहकारिता) लखनऊ विनोद कुमार सिंह द्वारा आज प्रयागराज मण्डल में खुले विभिन्न धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इसी कड़ी में थरियांव स्थित सीतापुर समिति के क्रय केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया और किसानों से वार्ता कर जानकारी ली तथा समिति के सचिव अरूण श्रीवास्तव को खरीद बढ़ाने हेतु और प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। नोडल अधिकारी विनोद कुमार सिंह के साथ जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक मोहसिन जमील, क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफप्रयागराज मंडल, आरएमओ खाद्य विभाग विपणन प्रयागराज मंडल, आरएफ्सी प्रयागराज मंडल प्रयागराज, जिला प्रबंधक पीसीएफ (फ़तेहपुर) सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### एसबीआई की टाउन हाल में मीटिंग

फ़तेहपुर। भारतीय स्टेट बैंक (आरबीओ थ्री) की टाउन हाल मीटिंग में क्षेत्रीय प्रबंधक मयंक कुमार गोयल ने बैंक के ग्राहकों की थोक में आई समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। मुख्य प्रबंधक शैलेंद्र कुमार ने बैंकिंग स्कीमों (एनपीएस, पीपीएफ़ सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान निधि आदि) के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही योनो के ज़रिये डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से जुड़ने के बारे में भी बताया गया। मुख्य रूप से स्थानीय शाखा के मुख्य प्रबंधक अनुराग निगम, एडीबी शाख़ा के प्रबंधक राजेश कुमार शुक्ला एवं सिटी शाखा प्रबंधक दीपक गुप्ता समेत बैंकर्स, ग्राहक एवं पेंसनर्स आदि मौजूद रहें।

### मां से गाली गलौज करने का विरोध करने पर पति व पत्नी को पीट कर किया घायल

कायमगंज ् फर्रुखाबाद । परिवार की मर्यादा को तार . तार करते हुए अपनी ही मां को उसके ही बेटे गाली गलौज कर प्रताड़ित कर रहे थे । इस व्यवहार को गलत बताते हुए एक भाई ने इसका विरोध किया और अपने भाइयों को हिदायत देते हुए कहा कि मां के साथ यह व्यवहार भूल कर भी मत करना । इसका विरोध किया और अपने भाइयों को हिदायत देते हुए कहा कि मां के साथ यह व्यवहार भूल कर भी मत करना । बस इसी बात को लेकर गाली गलौज करने वाले भाइयों ने मां का पक्ष लेने वाले अपने भाई तथा उसकी पत्नी को पीट कर लहूलोहन कर डाला ।क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी मनोज कुमार शर्मा 5 दिसंबर को अपने भाईयो को मां के साथ मारपीट करने को लेकर समझा रहा था। इतने में ही उसके भाई संजय शर्माए संदीप के अलावा विनय कुमार शर्मा, मुनेश गाली गलौज करने लगे। जब मनोज ने विरोध किया तो आरोपितो ने लाठी व राड से हमला कर दिया । जिसमें मनोज घायल हो गए। उसकी पत्नी साधना मौके पर पहुंची तो आरोपितो ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया और जानमाल की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा323,504,506 के अन्तर्गत मुकदमा किया है ।

### सपा कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक

**फर्रुखाबाद।** आज आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैनिक प्रकोष्ठ एवं पिछड़ा वर्ग के जिला संगठन की बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा की गई। इस बैठक की समीक्षा फर्रुखाबाद लोकसभा के प्रभारी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने की। विनीत कुशवाहा ने कहा की इस बैठक में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ एवं पिछड़ा वर्ग के संगठन को बुलाया गया था जिसमें सैनिक प्रकोष्ठ के कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति उगेखनीय रही । समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा ने कहा कि जो व्यक्ति अपने पद और पार्टी के साथ न्याय नहीं करेगा उसे शीघ्र ही पद मुक्त कर दिया जाएगा साथ ही कहा जिन जिला अध्यक्षों की कमेटी अभी तक नहीं बनी है उन्हें शीघ्र ही पूर्ण कर उसकी एक प्रतिलिपि उन्हें उपलब्ध कराए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन

**संवाददाता।** फतेहपुर




**विकसित** भारत संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद प्रभारी/पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने शिरकत की। संचालन जिला उपाध्यक्ष यात्रा के संयोजक शैलेंद्र रघुवंशी ने किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लोक कल्याण की विभिन्न योजनाओं में अभी तक वंचित पात्र लोगों को लाभ दिलाकर, अंत्योदय की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में पार्टी की प्रचंड विजय पर शुभकामनाएं प्रदान की। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह एवं जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, पूर्व विधायक बिंदकी करण सिंह पटेल ने यात्रा को सफ्ल बनाने का आह्वान किया। बैठक में डॉ. शिव प्रसाद त्रिपाठी, यात्रा के सहसंयोजक कुलदीप भदौरिया, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, उदय लोधी, धनंजय द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

### कारागार के बाहर चला मतदाता जागरूकता अभियान



**फतेहपुर।** स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला कारागार के बाहर देश का फार्म-6 व मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक मो. अकरम खान व सदर तहसीलदार इवेंद्र कुमार ने फीता काटकर व सर्वप्रथम मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर कर किया। तहसीलदार ने सभी कर्मचारियों व आमजनमानस को मतदाता शपथ भी दिलाई। जेल अधीक्षक ने कहा कि कैदियों को वोट का अधिकार नहीं होता है इसलिए कैदियों से मिलने आने वाले परिजनों को मतदान व मतदाता बनने हेतु जागरूक करना आवश्यक है।

### समस्याएं हल न होने पर पुनः आंदोलन की भाकियू ने दी चेतावनी

**बिंदकी, फतेहपुर।** यदि समस्याएं हल नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा पुन: आंदोलन शुरू किया जाएगा। यह निर्णय यूनियन की बैठक में लिया गयो। कहा गया कि अधिकारियों के आश्वासन के बाद तीन दिन तक चला धरना प्रदर्शन समाप्त तो कर दिया गया है लेकिन यदि समस्या हल नहीं हुई तो यूनियन के लोग चुप बैठने वाले नहीं है। नगर के ललौली रोड समिति परिसर में हुई बैठक में यूनियन के तहसील अध्यक्ष बबलू सिंह ने कहा कि धान व्यापारियों द्वारा टीडीएस कटौती करने के विरोध में तथा फ़िरोजपुर गांव में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर मंडी समिति परिषद में तीन दिन तक धरना प्रदर्शन चला। इस मौके पर तहसील प्रचार मंत्री सुखीराम ने कहा कि धरना प्रदर्शन समाप्त तो कर दिया गया है लेकिन मांग पूरी नहीं हुई तो पुन: अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा।

# सीपीएस ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में रचा इतिहास



**फतेहपुर।** हिंदी विकास संस्थान दिल्ली की ओर से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता व केंद्रीय हिंदी संस्थान निदेशक प्रोफेसर सुनील बाबूराव कुलकर्णी, सीबीएसई शिक्षा मंत्रालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने तीन मूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली के सभागार में चिल्ड्रेन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा बानी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने की उपलब्धि पर राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया जो कि सीपीएस के इतिहास में एक और उपलब्धि के रूप में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित हो गया।

इस समारोह में यूएई से दुबई, कतर एवं केंद्र शासित प्रदेश से दमन द्वीप और दादर हवेली अन्य प्रदेशों से झारखंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, उडीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र इत्यादि से लगभग पाँच सैकड़ा विद्यालयों के विद्यार्थियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

# पेज एक का शेष

## मुख्यमंत्रियों के...

पूरी क्षमता, समर्पण और ईमानदारी के साथ भाजपा द्वारा उन्हें जो भी काम सौंपा जाएगा उसे पूरा करेंगे। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सीएम के नाम को लेकर उलझन में फंसी हुई है कि रमन सिंह को सीएम के रूप में चौथा कार्यकाल दिया जाए या बदलाव किया जाए। छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष अरुण कुमार साव, विपक्ष के नेता धरमलाल कौशिक और पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी को शीर्ष पद के लिए अन्य दावेदारों के रूप में देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को भी आदिवासी बहुल राज्य में मुख्यमंत्री पद के लिए संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है।

## इंडिया गठबंधन...

मुंबई में हुई बैठक में गठबंधन के भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया था। समन्वय समिति विपक्षी गठबंधन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में कार्य करेगी।

## आरएसएस अतिथियों...

पर विस्तार से चर्चा शामिल थी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि काशी के 21 वैदिक आचार्य राम मंदिर का अभिषेक करेंगे। भगवान रामलला के लिए आठ फीट लंबा और चार फीट चौड़ा सिंहासन तैयार किया है, जिस पर सोने की चादर चढ़ाना बाकी है। उन्होंने कहा, ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान रामलला को इस स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी कर रहा है।

## रेवंत रेड्डी...

की घोषणा की तो उस समय शिवकुमार और ठाकरे मौजूद थे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राज्य में कितने मंत्री शपथ लेंगे और क्या कोई उपमुख्यमंत्री होगा। डिप्टी सीएम के लिए संभावित नामों में मल्लू भट्टी विक्रमार्क सबसे आगे हैं। भट्टी निवर्तमान विधानसभा में सीएलपी नेता थे और उन्होंने पिछले साल राहुल गांधी के नेतृत्व में 1400 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की रणनीति बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तेलंगाना की राजनीति पर निर्णय लेने वाले एआईसीसी नेता ने कहा, वह एक दलित चेहरा हैं और पार्टी अगले साल लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट गठन में जाति और समुदाय के संयोजन को संतुलित करना चाहेगी।

## सैनिक फार्म...

की एक संयुक्त टीम ने दोपहर क्षेत्र में एक घंटे तक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन जानवर नहीं मिला। पिछले दो दिनों से तेंदुआ नजर नहीं आया। इसीलिए हमने ऑपरेशन खत्म करने का फैसला किया। सर्च ऑपरेशन के बाद सैनिक फार्म के रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने एक एडवाइजरी जारी कर जानकारी दी कि वन विभाग के अधिकारियों ने अपनी सर्च पूरी कर ली है। ऐसा लगता है कि जानवर अपने प्राकृतिक आवास में लौट गया है। यह राहत देने वाली जानकारी है। फिर भी कुछ और दिनों सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने एसएचओ सुरिंदर राणा और उनकी टीम समेत वन विभाग के अधिकारियों को इस संकट की घड़ी में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया है। साथ ही सुरक्षा गार्डों को सलाम करते हैं जिन्होंने समय त्वरित कार्रवाई की। असोला वन्यजीव अभयारण्य की सीमा संगम विहार, छतरपुर, सैनिक फार्म और फतेहपुर बेरी जैसी घनी आबादी वाले इलाकों और फरीदाबाद के मंगर और पाली जैसे गांवों से लगती है। वर्ष 2021 में, दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में एक तेंदुए को कई कैमरों में कैद किया गया, जिसके कारण जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इससे पहले वर्ष 2016 में भी यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क में पहुंचे एक तेंदुए को पकड़ने के लिए इसी तरह की कवायद की गई थी। राज्य के वन और वन्यजीव विभाग की टीम को कोशिशों से जानवर पिंजरे में फँसा गया था। बाद में उसे शिवालिक में छोड़ दिया गया था।

## अडाणी के...

एनर्जी सॉल्यूशंस में 16.38 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस में 15.81 प्रतिशत, अडाणी एंटप्राइजेज के 10.90 प्रतिशत का उछाल आया। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के शेयर 9.47 प्रतिशत, एनडीटीवी के 8.49 प्रतिशत, अडाणी विल्मर के 7.71 प्रतिशत, अडाणी पावर के 6.68 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स के 6.17 प्रतिशत और एसीसी के 5.65 प्रतिशत चढ़े। इस बीच, बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 245.75 अंक यानी 0.36 प्रतिशत बढ़कर 69,110.87 अंक पर कारोबार कर रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 20,801.90 पर पहुंच गया।

# कमालगंज पुलिस ने वांछित अभियुक्त को आलाकत्ल सहित किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**अपराध** एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को वांछित नफर अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू पुत्र गंगाबक्स निवासी ग्राम नगला जोध थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू पुत्र गंगाबक्स नि0 ग्राम नगला जोध थाना कमालगंज ने बताया कि मेरी लगभग 12 वर्ष पहले आरती के साथ शादी हुई थी। मेरे दो लडके उत्कर्ष उम्र करीब 10 वर्ष व उत्सव उम्र करीब 08 वर्ष व एक पुत्री प्रज्ञा उम्र करीब 06 वर्ष है। मैं कभी कभार शराब पी लेता हूं। इसी कारण मेरी पत्नी मुझसे आये दिन किसी न किसी बात को लेकर लडाई झगडा किया करती थी और साहब मुझे अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका था। मैं उससे किसी कार्य के लिये मना करता था तो वह मेरा कहना नही मानती थी और मुझसे लडती थी।

इसी कारण मैने कल दिनांक 04-12-2023 की रात्रि को मेरी पत्नी मेरी पुत्री प्रज्ञा के साथ सो रही थी। तभी मैने डण्डा लेकर उसके सिर पर मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

### डीएम ने गंगा ग्रामों में दिए आरती आयोजित किये जाने के निर्देश

**कानपुर देहात।** अध्यक्ष, जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति, जिला वेटलैण्ड समिति अलोक सिंह, डीएम कानपुर देहात की अध्यक्षता में आज दिनांक 05.12.2023 को मां मुक्तेश्वरी देवी, कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की कार्यवाही में संयोजक सचिव, एके द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी के द्वारा अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि सी.एम. डैशबोर्ड प्रतिमाह वृक्षारोपण के सफलता की सूचना से संबंधित बिन्दु पर चर्चा की, जिस पर डीएम कानपुर देहात द्वारा वृक्षारोपण 2023 के संबंधित नोडल अधिकारियों को सूचनाओं को ससमय प्रेषित करने के निर्देश दिये गये, तथा यह भी निर्देश दिये गये कि रोपित पौधों का अनुरक्षण व सुरक्षा इस प्रकार की जाये कि वृक्षारोपण की सफलता शत-प्रतिशत रहे। डीएम द्वारा वेटलैण्ड संरक्षण एवं सुदृढ़ीकरण करने हेतु इटैली एवं मघई वेटलैण्ड में जलकुम्भी निकालने की समीक्षा करते हुये उपायुक्त मनरेगा को तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# नाइजीरियाई सेना के ड्रोन हमले में 85 लोग मारे गए

## धार्मिक सभा पर सेना द्वारा गलती से हमला



**भाषा।** अबुजा

**उत्तर पश्चिमी** नाइजीरिया में एक धार्मिक सभा पर सेना द्वारा गलती से किए गए ड्रोन हमले में कम से कम 85 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने मंगलवार को नाइजीरिया के संघर्ष क्षेत्रों में गलती के चलते होने वाली इस नवीनतम घटना की जांच का आदेश दिया। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने एक बयान में कहा, अब तक 85 शवों को दफनाया जा चुका है और तलाश अभी भी जारी है। मरने वालों में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। कम से कम 66 लोग घायल हुए हैं। लागोस से संचालित सुरक्षा कंपनी एसबीएम इंटेलिजेंस के अनुसार, देश के उत्तरी क्षेत्र में गंभीर सुरक्षा संकट के बीच सशस्त्र समूहों को निशाना बनाने के लिए सेना द्वारा किए जाने वाले हवाई हमलों में 2017 से लेकर अब तक लगभग 400 आम नागरिक मारे गए हैं।सरकार और सुरक्षाबलों के अनुसार, कादुना राज्य के तुदुन गांव में रविवार की रात लोग तब मारे गए, जब वे आतंकवादियों और दस्युओं को निशाना बनाने के लिए सेना द्वारा किए गए ड्रोन हमले की चपेट में आ गए। हमले की चपेट में आए लोग एक धार्मिक सभा कर रहे थे। नाइजीरिया के पूर्व उपराष्ट्रपति और इस साल के चुनाव में विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद के मुख्य उम्मीदवार अतीकू अबुबकर ने कहा, देश में गलती से होने वाले हवाई हमलों की घटनाएं चिंताजनक हैं।

## रूसी गोलाबारी ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर को निशाना बनाया, दो लोग मारे गए

**भाषा।** कीव

**रूसी सेना** ने मंगलवार सुबह यूक्रेन के दक्षिणी शहर खेरसान पर हमला किया, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सांद्र प्रोकुदीन ने हमले के बाद एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें शहर की एक सड़क पर दो शव पड़े हुए देखे जा सकते हैं। खेरसान शहर प्रशासन के प्रमुख रोमन मरोचको ने कहा कि हमले में दो चिकित्साकर्मी भी घायल हुए हैं। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने क्रीमिया पर एक अन्य यूक्रेनी हमले का जवाब दिया है, जबकि यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने रूसी सैनिकों के ड्रोन और मिसाइल हमले का जवाब दिया। दोनों में से किसी भी पक्ष ने इसमें किसी के हताहत होने या क्षति पहुंचने की सूचना नहीं दी है। वायु रक्षा प्रणाली ने मंगलवार तड़के क्रीमिया और अजोव सागर के ऊपर 22 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया और 13 को रोक दिया।

## भारत में 2022 में प्रति व्यक्ति सीओ2 उत्सर्जन वैश्विक औसत से आधे से भी कम रहा: रिपोर्ट

**भाषा।** दुबई

**भारत में** प्रति व्यक्ति कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन 2022 में लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर दो टन तक पहुंच गया, लेकिन यह अब भी वैश्विक औसत से आधे से कम है। मंगलवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक समूह ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट के अनुसार अमेरिका प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के मामले में पहले स्थान पर रहा, जहां हर व्यक्ति ने 14.9 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन किया। इसके बाद रूस 11.4 टन, जापान 8.5 टन, चीन 8 टन और यूरोपीय संघ (ईयू) में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 6.2 टन रहा। वैश्विक औसत 4.7 टन है। वर्ष 1850 से लेकर 2022 तक की संपूर्ण अवधि के दौरान अमेरिका का कुल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन 115 गीगाटन रहा, जो दुनियाभर के उत्सर्जन का कुल 24 प्रतिशत है। इस अवधि के दौरान ईयू का सीओ2 उत्सर्जन 80 गीगाटन (17 प्रतिशत) और चीन का 70 गीगाटन (15 प्रतिशत) रहा है। भारत ने 1850 से 15 गीगाटन का उत्सर्जन किया है, जो दुनियाभर के उत्सर्जन का महज तीन प्रतिशत है। ग्लोबल डाटा प्रोजेक्ट की ओर से मुहैया कराए गए आंकड़ों के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन 2022 में 5.1 प्रतिशत बढ़कर दो टन पहुंच गया। हालांकि, वैज्ञानिकों ने कहा कि भारत 2022 में (दुनियाभर के कुल आठ प्रतिशत के साथ) तीसरा सबसे बड़ा सीओ2 उत्सर्जक रहा जबकि चीन (31 प्रतिशत) पहले और अमेरिका (14) प्रतिशत दूसरे स्थान पर रहा। पिछले साल ईयू में सीओ2 उत्सर्जन 7 प्रतिशत, रूस में 4 प्रतिशत और जापान में 3 प्रतिशत रहा। वैज्ञानिकों ने दावा किया कि बिजली बनाने में इस्तेमाल होने के चलते कोयले की मांग में वृद्धि हुई है और नवीकरणीय क्षमता इस वृद्धि को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने आम चुनाव के लिए 17.4 अरब रुपए जारी किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने आगामी आम चुनावो के लिए निर्वाचन आयोग को 17.4 अरब रुपए जारी किए है। एक दिन पहले निर्वाचन आयोग ने धन मुहैया नही कराने पर चिंता जताई थी। राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की अस्थिरता का सामना कर रहे पाकिस्तान मे आठ फरवरी को आम चुनाव होना है। मंगलवार को एक बयान मे, वित्त विभाग ने कहा कि उसने देश मे आम चुनाव कराने के लिए जुलाई 2023 मे जारी किए गए 10 अरब रुपए के अलावा पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) को 17.4 अरब रुपए जारी किए है। बयान मे कहा, इससे आम चुनाव कराने के लिए कुल जारी राशि 27.4 अरब रुपए हो गई है। वित्त विभाग पाकिस्तान निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यकता पड़ने पर और धन का प्रावधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है, जब निर्वाचन आयोग ने चुनाव कराने के लिए तत्काल आवश्यक राशि जारी करने मे देरी पर चिंता जताई थी। निर्वाचन आयोग की चिंताओ का समाधान करते हुए कार्यवाहक सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी ने कहा था कि सरकार 8 फरवरी के आम चुनाव से पहले ईसीपी की वित्तीय जरूरतो को पूरा करेगी। पिछले हफ्ते, निर्वाचन आयोग ने आगामी आम चुनावो मे देरी के बारे मे मीडिया की खबरो को निराधार और भ्रामक करार देते हुए खारिज कर दिया।

### हेली, रामास्वामी को रिपब्लिकन पार्टी की चौथी बहस के लिए अर्हता प्राप्त हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ मे शामिल भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी और निक्की हेली उन चार रिपब्लिकन आकांक्षियो मे शामिल है, जिन्होंने पार्टी की बुधवार को अलबामा मे होने वाली चौथी प्राथमिक बहस के लिए अर्हता प्राप्त की है। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए रिपब्लिकन पार्टी की तीसरी बहस आठ नवंबर को फ्लोरिडा के मियामी मे हुई थी। रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) ने सोमवार को घोषणा की कि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी, साउथ कैरोलिना की दो बार की गवर्नर रही निक्की हेली और बायोटेक उद्यमी विवेक रामास्वामी 2024 मे होने वाले चुनाव के लिए चौथी प्राथमिक बहस (प्राइमरी डिबेट) मे भाग लेगे। सीबीएस न्यूज ने कहा कि यह बहस टस्कलोसा मे अलबामा विश्वविद्यालय मे होगी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बहस मे भाग लेने की उम्मीद नही है जो 60 प्रतिशत से अधिक की अनुमोदन रेटिंग के साथ रिपब्लिकन पार्टी मे सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए है।

### पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्कूल के पास विस्फोट, सात घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर मे एक स्कूल के पास मंगलवार को एक आईईडी मे विस्फोट होने से चार नाबालिग सहित सात लोग घायल हो गए।पुलिस के मुताबिक, यह विस्फोट पेशावर मे एक स्कूल और एक निजी बैक के पास भीड़भाड़ वाली वारसाक रोड पर सुबह करीब नौ बजकर दस मिनट पर हुआ। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट मे सड़क के किनारे एक सीमेंट के ब्लॉक मे रखे गए कम से कम चार किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था।मिचनी गेट पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट मे सात लोग घायल हो गए।लेडी रीडिंग अस्पताल के अधिकारियो ने बताया कि घायलो मे सात से दस साल की उम्र के चार बच्चे भी शामिल है। डॉन अखबार ने वारसाक के पुलिस अधीक्षक अरशद खान के हवाले से बताया कि विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया।पेशावर लेडी रीडिंग अस्पताल के प्रवक्ता असीम खान ने बताया कि घायलो को एक निजी अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है, जहां दो बच्चो की हालत गंभीर है।उन्होने कहा कि किसी भी बच्चे ने स्कूल की वर्दी नही पहन रखी थी।

### प्रिंस हैरी ने अमेरिका जाने पर सुरक्षा विवरण वापस लेने के ब्रिटेन सरकार के फैसले को चुनौती दी

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य का अपना दर्जा त्यागने और अमेरिका जाने के बाद उनके सुरक्षा विवरण वापस लेने के ब्रिटेन सरकार के फैसले को मंगलवार को चुनौती दी। ड्यूक ऑफ ससेक्स हैरी ने कहा कि जब वह घर का दौरा करे तो वह सुरक्षा चाहते है। उन्होने दावा किया कि यह इसलिए जरूरी है क्योंकि आक्रामक प्रेस उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा को खतरे मे डालता है। लंदन के उच्च न्यायालय मे शुरू होने वाली तीन दिन की सुनवाई हैरी के कानूनी मामलो की श्रृंखला मे हालिया मामला है। यह स्पष्ट नही है कि वह मंगलवार की सुनवाई मे शामिल होगे या नही। हैरी इस साल की शुरुआत मे एक अलग न्यायाधीश को यह समझाने मे विफल रहे कि लंदन आने पर क्या वह अपनी सुरक्षा के लिए लंदन के पुलिस बल को निजी तौर पर भुगतान करेंगे। एक सरकारी वकील ने यह दलील दी थी कि अधिकारियो को अमीरो के निजी अंगरक्षक के रूप मे इस्तेमाल नही किया जाना चाहिए। एक न्यायाधीश ने उस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

## अमेरिकी सिख सुपरहीरो पर बनी एनिमेटेड लघु फिल्म

न्यूयॉर्क। फिल्म निर्माता और शेफ विकास खन्ना व ऑस्कर विजेता गुनीत मोंगा की लघु फिल्म अमेरिकन सिख समावेशिता, दयालुता, लचीलेपन पर प्रकाश डालती है। अमेरिकी सिख सुपरहीरो पर बनी इस लघु फिल्म का निर्देशन रेयान वेस्ट्रा ने किया है तथा खन्ना और मोंगा इसके कार्यकारी निर्माता है। खन्ना और मोंगा ने इस साल लघु वृतचित्र द एलीफेंट व्हिस्परर्स के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीता था। अमेरिकी मूल के पगड़ीधारी सिख विश्वजीत की सच्ची कहानी पर बनी अमेरिकन सिख , 10 मिनट से भी कम समय की है। खन्ना ने यहां अपने आवास पर लघु फिल्म के विशेष प्रदर्शन के मौके पर कहा, मैने सिखो मे हमेशा सुपरहीरो को देखा है।

## ब्रिटेन: सिख व्यक्ति पर किए गए हमले की जांच में सहयोग की फिर से अपील

**लंदन।** ब्रिटेन मे नफरत की भावना से एक सिख व्यक्ति पर किए गए हमले की जांच कर रही टेम्स वैली पुलिस ने घटना के बारे मे किसी भी तरह की सूचना देने के लिए लोगो से नए सिरे से अपील की है। यह घटना दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के स्लोग मे हुई थी। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि इंद्रजीत सिंह नाम के पीड़ित लेंगलली मेमोरियल पार्क से गुजर रहे थे तभी लड़को के एक समूह ने उन्हे रोका। एक हमलावर ने पीड़ित की दाढ़ी पकड़ने की कोशिश की और फिर सभी लड़को ने उन्हे घेर लिया, लातो से मारा तथा उन्हे जमीन पर गिरा दिया। पुलिस के अनुसार, 56-59 वर्ष की आयु के सिंह की तीन पसलियां टूट गईं और उनके हाथो मे चोट लगी।

## दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित

**इस्लामाबाद।** इस्लाम के दाऊदी बोहरा पंथ के प्रमुख डॉ सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को मंगलवार को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार निशान-ए-पाकिस्तान से नवाजा गया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट मे कहा,राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने ऐवान-ए-सद्र मे आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह मे दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को निशान-ए-पाकिस्तान पुरस्कार से सम्मानित किया। दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख डॉ. सैफुद्दीन (77) संप्रदाय के 53वें दाई अल-मुतलक है। बोहरा समुदाय का मुख्यालय मुंबई मे है।

## फ्रांसीसी सांसदों ने ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दी

**पेरिस।** फ्रांस की नेशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से एकल-उपयोग वाली ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने वाले एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। युवाओं को इसकी लत से बचाने और एक बार इस्तेमाल के बाद फेंके जाने वाले उत्पादो के पर्यावरणीय प्रभावो को कम करने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है।विधेयक को पारित करने के लिए सोमवार को हुए मतदान मे इसके पक्ष मे 104 और विपक्ष मे एक भी मत नही पड़ा।सरकार द्वारा समर्थित विधेयक अब सीनेट में जाएगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Krishan S/o Ratan Lal R/o : 5826, Gali No-8, Block-4B, Dev Nagar, Karol Bagh, Central Delhi - 110005 have changed my name Krishan to Krishan Rajput for all purpose in future.
PD(210)A

## ईयू की वरिष्ठ अधिकारी ने क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान आतंकी हमले होने की आशंका जताई

**भाषा।** ब्रसेल्स

**यूरोपीय संघ** की गृह मामलों की आयुक्त ने मंगलवार को चेतावनी दी कि इजराइल और फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के बीच युद्ध के परिणामस्वरूप, यूरोप क्रिसमस की छुट्टियों के समय आतंकी हमलों के बड़े खतरे का सामना कर रहा है। पेरिस के एफिल टावर के पास सप्ताहांत में हुए घातक हमले की फ्रांसीसी जांचकर्ताओं की जांच के बीच यह चेतावनी जारी की गई। संदिग्ध के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसने चरमपंथी इस्लामी समूह के साथ अपनी संबद्धता बताई है। उसने एक जर्मन-फिलीपीनी पर्यटक की चाकू मारकर हत्या कर दी और दो अन्य को हथौड़े से वार कर घायल कर दिया। ईयू की गृह मामलों की आयुक्त यल्वा जोहानसन ने संवाददाताओं से कहा, इजराइल और हमास के बीच युद्ध, और समाज में इसके द्वारा किए गए ध्रुवीकरण के कारण यूरोपीय संघ के देशों के अंदर आतंकी हमले होने का खतरा है।

# गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर और उसके आसपास इजराइल के हमले और बढ़े

**भाषा।** खान यूनिस (गाजा पट्टी)



**इजराइल ने** गाजा में युद्ध के नए खूनी चरण के तहत गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस में और उसके आस पास मंगलवार सुबह अपनी बमबारी और तेज कर दी, जिसके बाद एंबुलेंस और निजी कारें घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाते दिखीं। व्यापक जनहानि से बचने के अमेरिका के दबाव के तहत इजराइल ने कहा है कि हमला अधिक सटीकता से किया जा रहा है। इजराइल, उत्तर के अधिकांश हिस्से को नष्ट करने के बाद दक्षिणी गाजा में अपना आक्रमण बढ़ा रहा है। हवाई बमबारी और जमीनी हमले ने पहले ही क्षेत्र के 23 लाख लोगों में से तीन-चौथाई को अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। खान यूनिस के नासिर अस्पताल में एम्बुलेंस रात भर में दर्जनों घायल लोगों को लेकर पहुंची। एक स्थान पर एक कार रुकी और एक आदमी खून से लथपथ एक युवा लड़के को लेकर बाहर आया, जिसका हाथ बमबारी में उड़ गया था। आपातकालीन विभाग के बाहर एक महिला पूछती रही, रेड क्रॉस कहां है? ...संयुक्त राष्ट्र कहां है? उसने कहा, रात 10 बजे से मेरे बच्चे अब तक मलबे में हैं। रविवार को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में टैंक और सैनिकों को खान यूनिस के बाहर जमा होते देखा गया जो कि आक्रामक हमले का हालिया निशाना है और युद्ध से पहले 400,000 से अधिक लोगों का घर था। इजराइल ने जिस तरह से उत्तर के इलाकों से लोगों को जाने को कहा था वैसे ही उसने पूरे क्षेत्र के बजाय लगभग दो दर्जन आस पास के इलाकों से लोगों को बाहर करने का आदेश दिया है। गाजा की अधिकांश आबादी पहले ही दक्षिण में संयुक्त राष्ट्र आश्रयों और पारिवारिक घरों में सिमट चुकी है, इसलिए ऐसे कुछ ही स्थान बचे हैं जिन्हें खाली कराया जाना है। इजराइल ने युद्ध की शुरुआत में उत्तर से भागे लोगों को वहां लौटने से रोक दिया है। फलस्तीनियों ने कहा कि इजराइल के इस क्षेत्र में हमले जारी हैं, ऐसे में कोई क्षेत्र नहीं बचा है जहां वे सुरक्षित महसूस करते हों और कई लोगों को डर है कि अगर वे अपने घरों को छोड़ देंगे तो उन्हें कभी वापस लौटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इजराइल का कहना है कि सात अक्टूबर जैसे हमले की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए हमास के व्यापक सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करना होगा और उसे सत्ता से हटाना होगा।

## सऊदी अरब और यूएई की यात्रा के दौरान पुतिन इजराइल-हमास युद्ध पर चर्चा करेंगे

**भाषा।** मॉस्को

**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब की एक दिवसीय यात्रा करेंगे और इस सप्ताह मॉस्को में ईरान के राष्ट्रपति की मेजबानी करेंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि पुतिन बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब की यात्रा पर रहेंगे। पेसकोव ने कहा कि बातचीत द्विपक्षीय संबंधों, इजराइल और हमास के बीच युद्ध और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि पुतिन बृहस्पतिवार को क्रेमलिन में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मेजबानी करेंगे।

## चीन ने तालिबान सरकार को मान्यता प्रदान की

**बीजिंग।** चीन बीजिंग मे अफगानिस्तान के राजदूत के रूप मे तालिबान द्वारा नामित अधिकारी को राजनयिक दर्जा प्रदान करने वाला पहला देश बन गया है, जिससे तालिबान द्वारा संचालित प्रशासन को काबुल मे एक वैध सरकार के रूप मे औपचारिक रूप से मान्यता मिल गई है

# थाईलैंड में बस दुर्घटना में 14 की मौत, 30 से अधिक घायल



**भाषा।** बैंकॉक

पश्चिमी थाईलैंड में मंगलवार को तड़के एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 14 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी ।एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा प्रचुआप खिरी खान प्रांत में उस वक्त हुआ जब बस बैंकॉक से सुदूर दक्षिण में सोंगखला प्रांत की ओर जा रही थी। बस में 49 लोग सवार थे। अचानक बस सड़क से हटकर हाट वानाकोर्न नेशनल पार्क के पास एक पेड़ से टकरा गई ।प्रचुआप खिरी खान प्रांत थाईलैंड और म्यांमा की खाड़ी के बीच फैले तट पर स्थित है ।हुआय यांग पुलिस थाने के अधीक्षक कर्नल वीरापत केटेसा ने कहा, हमें संदेह है कि बस चालक सो गया होगा, जिससे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारी चालक के रक्त के परीक्षण के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। चालक हादसे में बच गया ।अधिकारी ने बताया कि पुलिस हादसे के वजह की जांच कर रही है ।वीरापत ने कहा कि अधिकतर पीड़ित थाईलैंड के निवासी हैं तथा कुछ लोग म्यामां के नागरिक हैं। सवांग रूंगरुएंग रेस्क्यू फाउंडेशन के अनुसार, लगभग 35 लोगों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

# इमरान की पार्टी पर कार्रवाई, कार्यालय सील

**भाषा।** लाहौर



**पाकिस्तान** तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के मध्य पंजाब मुख्यालय को अदालत के आदेश पर खोले जाने के एक दिन बाद अधिकारियों ने मंगलवार को सील कर दिया। आधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर जारी कार्वाई के तहत इसे सील किया। पुलिस ने लाहौर विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अधिकारियों के साथ मिलकर लाहौर स्थित पीटीआई के मध्य पंजाब मुख्यालय पर छापा मारा और उसे सील कर दिया। पुलिस ने वहां मौजूद पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में ले लिया। पार्टी के पंजाब सचिव (सूचना) शायन बशीर ने कहा, पुलिस और एलडीए ने पीटीआई के पंजाब कार्यालय को अवैध रूप से सील करके लाहौर उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया है। हम उनके खिलाफ अदालत के फैसले की अवमानना की याचिका दायर करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पीटीआई के समर्थकों के अनुसार उनकी पार्टी को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों को आठ फरवरी, 2024 के आम चुनावों से पहले अपनी राजनीतिक गतिविधियां शुरू करने की खुली छूट दी गई है। पीटीआई कार्यकर्ता देश में जहां भी कोई राजनीतिक कार्यक्रम करते हैं पुलिस उन पर कार्वाई करती है। पार्टी के किसी भी नेता या कार्यकर्ता को प्रेस वार्ता करने की भी अनुमति नहीं है। पंजाब प्रांत की पुलिस ने बीते कुछ दिनों के दौरान नौ मई की हिंसा के सिलसिले में लगभग 500 पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

## निर्वाचन आयोग ने इमरान को पार्टी का नेतृत्व करने से रोकने की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जो तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे दोषसिद्धि के कारण इमरान खान को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख पद से हटाने के लिए दायर की गई थी। मीडिया की एक खबर में यह कहा गया है। याचिका तीन अक्टूबर को दायर की गई थी और दो महीने बाद दो दिसंबर को, इमरान खान ने तोशाखाना मामले मे अयोग्य ठहराए जाने के कारण निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुरूप पार्टी अध्यक्ष पद के लिए आंतरिक चुनाव नही लड़ने का फैसला किया। जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान (71) ने इस महीने की शुरुआत मे बैरिस्टर गोहर अली खान को उस पार्टी का नेतृत्व करने के लिए चुना, जिसकी उन्होने स्थापना की थी। दो दिसंबर को पार्टी के आंतरिक चुनावो मे बैरिस्टर गोहर को आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का निर्विरोध प्रमुख चुना गया था।

## ईयू की वरिष्ठ अधिकारी ने क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान आतंकी हमले होने की आशंका जताई

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ की गृह मामलो की आयुक्त ने मंगलवार को चेतावनी दी कि इजराइल और फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के बीच युद्ध के परिणामस्वरूप, यूरोप क्रिसमस की छुट्टियों के समय आतंकी हमलो के बड़े खतरे का सामना कर रहा है। पेरिस के एफिल टावर के पास सप्ताहांत में हुए घातक हमले की फ्रांसीसी जांचकर्ताओं की जांच के बीच यह चेतावनी जारी की गई। संदिग्ध के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाए जा रहे है।

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that Mr. Dharminder S/o Mr. Suresh Ojha Who is Recorded Owner of the Freehold Residential Plot No. RZ-140-B, area measuring 25 Sq. Yards, Out of Khasra No. 13, Situated in the area of Village Khyala Delhi State Delhi, in Colony Known as Narsing Garden, New Delhi: vide Regd. GPA dated 24.04.2005., AlongWith ATS & WILL., Purchased by Mr. Anil Kumar And same to be finance & mortgage by Muthoot Homefin (India) Ltd. (MHIL)., To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/ interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. Lucem Legal LLP B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2 Noida, UP-201301, Contact # 0120-4269379

Public Notice

This is to inform the general public that **Sh. Ajay Mahawar** is the GPA Holder of Property No. 2 area measuring 250 sq. yds. out of Khasra No. 120 situated in Wazirabad Extn. Delhi. He acquired the above property through GPA, ATS, Will Deed dated 22.02.2021, executed by M/s Rajdhani Enterprises. **Sh. Ajay Mahawar** is now selling the above said property to **Sh. Mithilesh Kumar Jha & Smt. Neetu Jha** and further **Sh. Mithilesh Kumar Jha & Smt. Neetu Jha** are currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **SMFG India Home Finance Co., Our Client**. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

PUBLIC NOTICE

My client Mrs. Anju is the owner of Built-up property with Terrace/Roof rights, Bearing Property no. 325, Area measuring 75 sq. yds., (62.7 sq. mtrs.,) out of Khasra no. 322, Situated at the Area of Village Babarpur in the Abadi of Shiv Mandir, Gali West Babarpur, Illaqa Shahdara, Delhi-110032. Vide Registered Gift Deed Regd. no. 1490 Dated-28.02.2023 SR-IV-A Shahdara Executed by Mrs. Uma Devi alias Uma. This Above-mentioned Property is going to be mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If any person/bank/ financial institution having any claim/right, lien, any objection whatsoever in regard to above Property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
**Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

Public Notice

This is to inform the general public that **Mr. S. Harvinder Singh** is the GPA Holder of Property Bearing no. WZ-12E, built up on Plot no. L-22 A, Land area measuring 150 Sq. Yds. Part of Khasra no. 39, Situared at Village Nangli Jalab, Colony Known as Mahabir Nagar, New Delhi-110018. He acquired the above property through GPA, ATS, Will Deed dated 15.04.2005, executed by Mr. Harsimran Singh. **Mr. S. Harvinder Singh** is now selling the third floor (Back side), with roof rights of the above said property to **Ms. Yukta Gulati & Ms. Ruhi Gulati** and further **Ms. Yukta Gulati & Ms. Ruhi Gulati** are currently in the process of mortgaging the aforementioned floor with **SMFG India Home Finance Co., Our Client**. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

PUBLIC NOTICE

My Client Mrs. Shama w/o Mr. Saleem Mohammad is the Owner of Built Up Property Bearing no. A-68 with Roof / Terrace right out of Khasra no. 37/2 Total Area measuring - 50+54 = 104 sq yds alongwith right of construction from Ground Floor upto the last storey, Situated in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi-110051 Vide Two Registered Sale Deed 1) Executed by Smt. Hasina Begum w/o Sh. Salauddin Regd. no. 2028 dated-17.03.2022 SR-VIII Delhi & 2) Executed by Sh. Salauddin s/o Sh Bashir Ahmed Regd no. 4165 dated- 20.05.2022. SR-VIII Delhi. the Above-mentioned Property is going to be mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If any person/bank/financial institution having any claim/ right, lien, any objection whatsoever in regard to the above property, should notified to the undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered advt. within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
**Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

Public Notice

This is to inform the general public that **Ms. Indu Chadha** is the GPA Holder of Built-up Property Bearing no. 62, area measuring 33 Sq. Yds., Out of Khasra no. 67/1, Situated in the revenue estate of Village Hastsal, area Abadi known as Colony Om Vihar, Phase V Extn, Uttam Nagar, New Delhi-110059. She acquired the above property through GPA, ATS, Will Deed dated 19.08.2011, executed by Mr. Vijay Kumar. **Ms. Indu Chadha** is now selling the above said property to **Mr. Ateek & Ms. Sakila** and further **Mr. Ateek & Ms. Sakila** are currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **SMFG India Home Finance Co., Our Client**. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I Vidya Sagar S/o Late Shri. Behari Lal Aggarwal contact. 7048915921 Email Id:- vidyasagarn257@gmail.com R/o DDA MIG FLAT NO. 297, second floor Prasad Nagar (Karol Bagh) New Delhi-110005. Has applied for the conversion of aforesaid property. The original documents i.e. water & electric Noc and DDA Possession Letter of DDA MIG FLAT NO. 297, second floor Prasad Nagar (karol Bagh) New Delhi-110005 issued by DDA in my favour i.e. name Vidya Sagar has been lost. An FIR to this effect has been lodged online dated 02/12/2023 Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice or can personally
**Contact- Deputy Director (Lab Housing) MIG, D Block 3rd Floor ,DDA Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023**

# गर्भाशय से जुड़ी बीमारी पीड़ित होती हैं लाखों महिलाए

## एंडोमेट्रियोसिस: नही है कोई ठोस इलाज

**भाषा।** वाटरलू (कनाडा)



**एंडोमेट्रियोसिस** एक ऐसी बीमारी है, जिससे लगभग 10 लाख कनाडाई प्रभावित होते हैं। इसमें एंडोमेट्रियल ऊतक असामान्य रूप से बढ़कर गर्भाशय से बाहर फैलने लगते हैं। एंडोमेट्रियल ऊतक आम तौर पर मासिक धर्म के दौरान खत्म हो जाता है और प्रजनन में सहायता के लिए दोबारा उत्पन्न हो जाता है। एंडोमेट्रियोसिस के दौरान एंडोमेट्रियल ऊतक गर्भाशय के अंदर और बाहर दोनों जगह अत्यधिक बढ़ता है, जिससे गर्भाशय के पैल्विक नामक हिस्से में दर्द होता है और मासिक धर्म व गैर-मासिक धर्म के दौरान अत्यधिक ऐंठन, थकान होने के साथ-साथ प्रजनन क्षमता कम हो सकती है। कनाडा सरकार ने हाल ही में एंडोमेट्रियोसिस रोगियों और अनुसंधान के लिए 16 लाख डॉलर से अधिक के पैकेज की घोषणा की है, जो पिछले 20 वर्षों में कनाडा में एंडोमेट्रियोसिस देखभाल में सबसे बड़ा एकल निवेश है। इस बहुत जरूरी, बहुप्रतीक्षित अनुदान से एंडोमेट्रियोसिस रोगियों के सामने आने वाली कई चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिलेगी। इलाज नहीं होने पर एंडोमेट्रियोसिस केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर सकता है, जिससे रोगियों को असामान्य और पुराना दर्द लौटने का खतरा बढ़ जाता है, जो अक्सर उनके जीवन की समग्र गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। वास्तव में, एंडोमेट्रियोसिस रोगियों की रोजमर्रा की गतिविधियों में भाग लेने की क्षमता अकसर कम हो जाती है। टोरंटो विश्वविद्यालय की प्रसूति-स्त्री रोग विशेषज्ञ (ओबीजीवाईएन) योलांडा किर्कम ने बताया कि लड़कियां अपने लक्षणों के कारण हर महीने कुछ दिन के लिए स्कूल नहीं जा पातीं, जबकि इस बीमारी से पीड़ित अन्य लोग मतली और उल्टी के कारण अक्सर काम पर नहीं जा पाते। इन रोगियों की दैनिक गतिविधियों में हिस्सा लेने की क्षमता ही कम नहीं हो जाती बल्कि आर्थिक नुकसान भी होता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि कनाडा में औसत एंडोमेट्रियोसिस महिला रोगी को प्रति वर्ष लगभग 3,400 डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है।

### शराब की वजह से लीवर ट्रांसप्लांट बढ़ा

लिवर ट्रांसप्लांट के विशेषज्ञ डॉ. पुनित सिंगला,शराब का सेवन वास्तव में सबसे बड़ा कारण है जिसकी वजह से ज्यादातर मरीजों को ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, और इसी वजह से मरीज लिवर से संबंधित बीमारियों के अंतिम चरण में पहुंच जाते हैं। शराब का सेवन करना सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह होने के साथ-साथ लिवर की क्षति का एक प्रमुख कारण है। लिवर हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर से टॉक्सिक को निकालने, मेटाबॉलिज्म, और प्रोटीन के निर्माण जैसे कई तरह के काम करता है। लंबे समय तक शराब के सेवन से लिवर में कई तरह की समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें फैटी लिवर, अल्कोहलिक हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस जैसे रोग शामिल हैं। क्लिनिकल डायरेक्टर, लिवर ट्रांसप्लांट एवं सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स, संभाल रहे हैं डॉ. पुनित सिंगला कहते हैं, शराब का अनियमित तौर पर सेवन करना, लिवर को गंभीर नुकसान होने और बीमारी के अंतिम चरण में पहुंचने की सबसे बड़ी वजह है। फैटी लिवर की बीमारी लिवर को होने वाले नुकसान का शुरुआती है, जिसमें लिवर की कोशिकाओं में फैट यानी वसा जमा होने लगता है। फैटी लिवर को ठीक किया जा सकता है, लेकिन लगातार शराब के सेवन की वजह से उस स्थिति गंभीर हो जाती है और इसे ठीक करना असंभव हो सकता है। इसके बाद मरीज के पास ट्रांसप्लांट के अलावा और कोई भी दूसरा विकल्प नहीं रह जाता है। अल्कोहलिक हेपेटाइटिस की वजह से भी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अत्यधिक शराब के सेवन से होने वाली सूजन के चलते लिवर पूरी तरह खराब हो सकता है। मरीज को पीलिया, पेट दर्द और बुखार हो सकता है, जो लिवर फेल्योर की शुरुआत का संकेत हो सकता है। वायरल संक्रमण (हेपेटाइटिस बी और सी), नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग, ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस, सिरोसिस और कुछ जेनेटिक कारणों की वजह से भी लिवर को नुकसान हो सकता है।

# मिगजॉम आंध्र प्रदेश के तट से टकराकर आगे बढ़ा

भाष। अमरावती



**गंभीर** भीषण चक्रवाती तूफान मिगजॉम मंगलवार को दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से दो बजकर 30 मिनट के बीच 90-100 किमी प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार के साथ बापटला जिले के निकट दक्षिण आंध्र प्रदेश तट से टकराकर आगे की ओर बढ़ गया। अमरावती मौसम विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके उत्तर की ओर बढ़ने और अगले दो घंटों में कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना मौसम तंत्र, पिछले छह घंटे में दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के पास 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ते हुए दोपहर 12.30 बजे से अपराह्न 2.30 बजे के बीच आंध्र प्रदेश तट से टकराने के बाद आगे की ओर बढ़ गया।अपराह्न 2.30 बजे यह बापटला से लगभग 15 किमी दक्षिण पश्चिम और ओंगोल से 40 किमी उत्तर पूर्व में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश पर केंद्रित था। मिगजॉम ने दक्षिणी राज्य के प्रभावित जिलों में भारी तबाही मचाई। सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, नदियां, नहरे और तालाब उफान पर हैं, जिससे राज्य में हजारों एकड़ फसलें डूब गई हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को चक्रवाती तूफान के कारण पैदा हुए हालात का जायजा लेने के लिए एक समीक्षा बैठक की और इसके प्रभाव तथा राहत उपायों का आकलन किया। अधिकारियों ने प्रभावित जिलों में किए जा रहे राहत प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों को चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में बिजली बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने और हताहतों या मवेशियों के नुकसान को लेकर मुआवजा राशि वितरित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वार्ड और ग्राम स्वयंसेवक को तैनात करके भोजन वितरित करने का निर्देश दिया। तत्काल राहत प्रयासों के लिए 22 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।अनकापल्ली जिले में 52 पुनर्वास केंद्र स्थापित किए गए हैं और 60,000 से अधिक लोगों को रहने की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार ने चार लाख टन अनाज को भीगने से बचाने के लिए भी कदम उठाए हैं। एलुरू जिले के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।चक्रवाती तूफान के चलते नेल्लोर जिले के सर्वपल्ली में धान के कई खेत जलमग्न हो गए। विशेष पदाधिकारी हरि किरण ने सर्वपल्ली जलाशय का निरीक्षण किया। उन्होंने नेल्लोर शहर में कुछ प्रभावित स्थानों का भी सर्वेक्षण किया।

## तमिलनाडु की द्रमुक सरकार चक्रवात के प्रभाव से निपटने में नाकाम रहीः अन्नाद्रमुक

**नई दिल्ली।** अन्नाद्रमुक ने मंगलवार को तमिलनाडु की द्रमुक सरकार पर आरोप लगाया कि वह मिगजॉम चक्रवात के प्रभाव से निपटने में नाकाम रही है। अमरावती मौसम विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने कहा कि चक्रवाती तूफान दोपहर साढ़े 12 से दोपहर ढाई बजे के बीच 90-100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति वाली हवाओं के साथ बापटला जिले के पास आंध्र प्रदेश तट को पार कर गया। चेन्नई और उसके आसपास चक्रवात मिगजॉम के कारण हुई बारिश संबंधी विभिन्न घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई है। मछली पकड़ने वाली नौकाओं और कई ट्रैक्टर पर सवार कर्मी मंगलवार को फंसे हुए लोगों को बचाने में जुटे हुए थे। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अन्नाद्रमुक नेता और राज्यसभा के सदस्य एम थंबीदुरई ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में द्रमुक सरकार चक्रवात से उपयुक्त रूप से नहीं निपट सकी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चेन्नई के प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी प्रयास करेगी। थंबीदुरई ने कहा, द्रमुक सरकार चक्रवात से उपयुक्त रूप से नहीं निपट सकी। यह (एमके स्टालिन नीत) मौजूदा सरकार की अक्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक इस मामले को संसद में उठाएगी। अन्नाद्रमुक तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल है। अधिकारियों ने कहा कि बारिश संबंधी घटनाओं में घायल हुए 11 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है। दिन की शुरुआत में चेन्नई कॉर्पोरेशन मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। स्टालिन ने उल्लेख किया कि चेन्नई सहित तमिलनाडु के नौ प्रभावित जिलों में 61,666 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं और भोजन के लगभग 11 लाख पैकेट और एक लाख दूध के पैकेट वितरित किए गए।

## भारतीय तटरक्षक बल ने केरल के समुद्री तट पर 14 मछुआरों को डूबने से बचाया

**कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के पोत समुद्र पहरेदार ने एक मछली पकड़ने वाली कोच्चि की नौका को डूबने से बचा लिया जिसपर 14 मछुआरे सवार थे। समुद्र में क्षतिग्रस्त होने और पानी के अनियंत्रित प्रवाह के कारण नौका डूबने के कगार पर थी। साराह पुथिन नामक मछली पकड़ने वाली नौका को पोत की मदद से बचा लिया गया। बयान में कहा गया कि मरम्मत करने के बाद इस नौका को कोच्चि बंदरगाह पर लाया गया। आईसीजी ने कहा, नौका से पानी के अंदर रहने वाले हिस्से के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली थी और पानी के अनियंत्रित प्रवाह के कारण इसके डूबने का खतरा था।

## सिक्किम में आत्महत्या दर देश में सबसे अधिक : एनसीआरबी

**गंगटोक।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट में बताया गया कि सिक्किम में आत्महत्या की दर देश में सर्वाधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, सिक्किम में प्रति एक लाख आबादी पर आत्महत्या की दर 43.1 प्रतिशत दर्ज की गई, इसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप में 42.8 प्रतिशत, पुडुचेरी में 29.7 प्रतिशत, केरल में 28.5 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 28.2 प्रतिशत है। देशभर में 2022 में कुल।,70,924 आत्महत्याओं के साथ राष्ट्रीय औसत दर 12.4 प्रतिशत रही। सिक्किम में 2022 में आत्महत्या के 293 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 की तुलना में 27 अधिक हैं और आत्महत्या दर में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सिक्किम में कुल 226 पुरुषों और 67 महिलाओं ने आत्महत्या की। पिछले साल राज्य में इन घटनाओं की सबसे बड़ी वजह बेरोजगारी (83 आत्महत्याएं) रही।

# केन्या को 25 करोड़ डॉलर की ऋण देगा भारतः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए केन्याई राष्ट्रपति विलियम समोई रूतो के साथ व्यापक वार्ता के बाद मंगलवार को केन्या को उसके कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए 25 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा देने के भारत के फैसले की घोषणा की। रूतो दोनों देशों के बीच समग्र संबंधों का विस्तार करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे।मोदी ने वार्ता के बाद मीडिया को जारी बयान में कहा कि अपनी विदेश नीति में भारत ने हमेशा अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है और पिछले करीब एक दशक में मिशन मोड पर इस महाद्वीप के साथ अपने समग्र संबंधों का विस्तार किया है।उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति रूतो की भारत यात्रा से न केवल द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे बल्कि अफ्रीका के साथ हमारे संबंधों को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि अफ्रीकन यूनियन के जी20 में शामिल होने के कुछ समय बाद ही रूतो की भारत यात्रा हो रही है। उन्होंने कहा, भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता का स्थान दिया गया है। पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत केन्या को उसके कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए 25 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा उपलब्ध कराएगा।उन्होंने कहा, एक प्रगतिशील भविष्य की नींव रखते हुए आज हमने सभी क्षेत्रों में अपना सहयोग सुदृढ़ करने पर विचार किया। और कई नई पहल की पहचान भी की। भारत और केन्या के बीच आपसी व्यापार और निवेश में लगातार प्रगति हो रही है। हमारे आर्थिक सहयोग के पूरी क्षमता के दोहन के लिए हम नए अवसरों की तलाश जारी रखेंगे। भारत केन्या के लिए एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध विकास साझेदार रहा है। मोदी ने कहा कि दो कृषि प्रधान अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत और केन्या ने अपने अनुभव साझा करने पर सहमति जताई।



केन्या के कृषि क्षेत्र का आधुनिकिकरण करने के लिए हमने ढाई सौ मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा प्रदान करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय की जरूरतों के अनुसार दोनों देश प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष में अपना सहयोग बढ़ा रहे हैं तथा डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) में भारत की उपलब्धियों को केन्या के साथ साझा करने के लिए भारत पूरी तरह से तैयार हैं। इस महत्वपूर्ण विषय पर आज किए जा रहे समझौते से हमारे प्रयासों को बल मिलेगा। स्वच्छ ऊर्जा दोनों ही देशों की मुख्य प्राथमिकता है। केन्या द्वारा अफ्रीका जलवायु सम्मेलन की पहल एक बहुत ही सराहनीय कदम है। हिंद-प्रशांत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि क्षेत्र में भारत और केन्या के बीच करीबी सहयोग साझा प्रयासों को आगे बढ़ाएगा।उन्होंने कहा कि भारत और केन्या का मानना है कि आतंकवाद मानवता के सामने सबसे गंभीर चुनौती है और दोनों पक्षों ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष भारत-केन्या आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखेंगे।

# आतंकी साजिश मामला : एनआईए ने जम्मू कश्मीर के सात जिलों में छापे मारे

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से उत्पन्न समूहों द्वारा रची गई कथित आतंकी साजिश के मामले में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। केंद्रीय एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि तलाशी के दौरान कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए जिनमें अपराध में संलिप्तता का संकेत करने वाले डेटा और दस्तावेज बड़ी मात्रा में शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि एनआईए ने प्रतिबंधित पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों--लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन, अल-बद्र, अल-कायदा, आदि से उत्पन्न समूहों द्वारा रची गई आतंकी साजिश के मामले में जम्मू-कश्मीर के कई स्थानों पर छापेमारी की। विज्ञप्ति के मुताबिक एनआईए की टीम ने जम्मू-कश्मीर के सात जिलों पुंछ, शोपियां, पुलवामा, बारामूला, गांदेरबल, कुपवाड़ा और श्रीनगर के आठ स्थानों पर छापेमारी की कार्वाई की। आज जिन स्थानों पर छापेमारी की गई उनमें प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के नए सहयोगी और इकाइयों से जुड़े हाइब्रिड आतंकवादियों, उनकी सहायता करने वाले लोगों के आवासीय परिसर शामिल थे। एनआईए ने कहा, इन नवगठित समूहों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के परिसरों पर भी व्यापक तलाशी ली गई, जिनमें द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू एंड कश्मीर (यूएलएफ जे एंड के), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), कश्मीर ऐंड कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर्स, पीएएफ सहित अन्य संगठन शामिल हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, तलाशी के दौरान एनआईए ने बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। एजेंसी के मुताबिक, हिंसक आतंकवादी हमलों और गतिविधियों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से उत्पन्न नए समूहों द्वारा कथित साजिश रची गई थी, जिसकी जांच की जा रही है। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में आतंक, हिंसा और तोड़फोड़ के लिए धन, मादक पदार्थ और हथियारागोला-बारूद और चुंबकीय बम, आईईडी एकत्र करने और वितरण में नव गठित समूहों के सदस्यों, आतंकियों की मदद करने वाले लोगों और अन्य संदिग्धों की संलिप्तता की जांच के लिए 21 जून 2022 को स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामला दर्ज किया था। एनआईए की अब तक की जांच में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के आका आतंक को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर रहे थे, और कश्मीर घाटी में अपने सदस्यों को हथियार व गोला-बारूद, विस्फोटक और नशीले पदार्थ पहुंचाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे थे।

## बंगाल सरकार, राजभवन के बीच विवाद नही सुलझने पर जेयूटीए ने दी आंदोलन की धमकी

**कोलकाता।** यादवपुर विश्वविद्यालय में शिक्षकों का प्रतिनिधि करने वाले निकाय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल उच्च शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच विवाद नहीं सुलझने पर 20 दिसंबर से आंदोलन शुरू करने की धमकी दी। यादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेयूटीए) ने कहा कि दोनों के बीच विवाद से संस्थान का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। जेयूटीए के महासचिव पार्थ प्रतिम रॉय ने कहा, बढ़ते विवाद के कारण यादवपुर विश्वविद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हुआ है जिससे सामान्य वैधानिक गतिविधियां रुक गई हैं। अगर इस स्थिति में कोई सुधार नहीं दिखता है तो हम 20 दिसंबर से एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। रॉय ने आरोप लगाया कि कार्यवाहक कुलपति बुद्धदेव साव ने विश्वविद्यालय के विभिन्न वैधानिक निकायों को निष्क्रिय कर दिया है और अन्य हितधारकों से बातचीत किए बिना एकतरफा निर्णय लिया है। अगस्त में रैगिंग के कारण स्नातक पाठ्यक्रम के एक छात्र की मौत की घटना पर रॉय ने आरोप लगाया,"विश्वविद्यालय के अधिकारी उन वरिष्ठ छात्रों के खिलाफ त्वरित कार्वाई करने के मामले में पीछे हट रहे हैं जिनकी संलिप्ता का उल्लेख रैंगिग रोधी समिति की रिपोर्ट में किया गया था। उन्होंने कहा हमारी मांग है कि 12 दिसंबर तक कार्वाई शुरू की जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो शिक्षक 20 दिसंबर के आंदोलन से पहले विरोध में 14 दिसंबर को 14 घंटे तक धरना देंगे। जहां छह वरिष्ठ छात्रों को रैगिंग रोधी समिति के निष्कर्षों के आधार पर परिसर में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी, इसपर महसचिव ने कहा कि यह बहुत छोटी सजा है। राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच राज्य द्वारा संचालित कई विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर खींचतान चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग का दावा है कि कुलपतियों की नियुक्ति के आदेश अवैध हैं क्योंकि राज्यपाल ने नियुक्तियां करने से पहले विभाग से परामर्श नहीं किया था।

## मिजोरम : एमएनएफ ने लालछंदमा राल्ते को विधायक दल का नेता चुना

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने वाले मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने मंगलवार को निवर्तमान शिक्षा मंत्री लालछंदमा राल्ते को अपने विधायक दल का नेता चुना। निवर्तमान मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा के आवास पर आयोजित एक बैठक में डम्पा विधानसभा क्षेत्र से चुने गए एमएनएफ के सलाहकार लालरिंतलुआंगा सेलो को विधायक दल का उप-नेता चुना गया। यह कदम एमएनएफ को 40 सदस्ईय विधानसभा में केवल 10 सीट मिलने के बाद उठाया गया है। एमएनएफ प्रमुख के पद से इस्तीफा देने वाले ज़ोरमथांगा भी अपनी आइजोल पूर्व-प्रथम सीट जेडपीएम के उपाध्यक्ष लालथानसांगा से 2,101 मतों से हार गए। पार्टी के एक नेता ने कहा कि एमएनएफ कोर कमेटी के सदस्य और थोरांग से विधायक आर रोहमिंगलियाना को विधायक दल का सचिव नियुक्त किया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया

नई दिल्ली

**दिव्यांग** व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित अग्रणी संस्थान सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकारद्वारा सर्वश्रेष्ठ निजी संगठन, एनजीओ श्रेणी दिव्यांग सशक्तिकरण हेतु श्रेष्ठ संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने समारोह की अध्यक्षता की। जबकि सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले, ए नारायणस्वामी और सुश्री प्रतिमा भौमिक ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक और सीईओ डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने पूरे संगठन की ओर से आभार व्यक्त किया और कहा कि हम भारत सरकार से इस राष्ट्रीय पुरस्कार को प्राप्त कर के बहुत सम्मानित और आभारी महसूस कर रहे हैं।

यह सम्मान दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अधिक समावेशी और सशक्त समाज बनाने के लिए हमारे समर्पण की पुष्टि करता है। हम प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति को सक्षम और सशक्त बनानेए समाज में उनके समग्र विकास और एकीकरण को सुनिश्चित करने के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध हैं। संगठन ने पिछले 15 वर्षों से देश भर में चूक्के लिए शिक्षाए कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न पहलोंए कार्यक्रमों और हिमायत अभियानों का लगातार समर्थन किया है।

## हमें कोई बांट नही सकता, हम अपने देश से प्यार करते हैः ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि कोई भी ताकत देश को विभाजित नहीं कर सकती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी धर्मों, जातियों और पंथों के लोग मातृभूमि के प्रति प्रेम की सामूहिक अभिव्यक्ति के रूप में एकजुट रहेंगे। बनर्जी ने कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआईएफएफ) के 29वें संस्करण के उद्घाटन सत्र के दौरान ए टिप्पणी की। टीएमसी सांसद और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने अच्छे लोगों से राजनीति में आने का आग्रह किया। उनकी टिप्पणी पर बनर्जी ने भी सहमति व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, शत्रुघ्न सिन्हा कह रहे थे कि हमें किसी से नहीं डरना चाहिए। हां, हमें किसी से नहीं डरना चाहिएअ कोई भी ताकत हमें विभाजित नहीं कर सकती। सभी धर्म, जाति और पंथ एकजुट रहेंगे, क्योंकि हम सभी देश से प्यार करते हैं। बनर्जी ने बिना किसी का नाम लिए वैचारिक संघर्ष जारी रखने के महत्व पर जोर दिया।

# प्रणब मुखर्जी ने पुत्री से कहा थाः सोनिया मुझे प्रधानमंत्री नही बनाएंगी

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व राष्ट्रपति** प्रणब मुखर्जी ने 2004 में केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनने के समय अपनी पुत्री शर्मिष्ठा मुखर्जी से कहा था कि सोनिया गांधी मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनाएंगी। शर्मिष्ठा ने अपनी आने वाली पुस्तक इन प्रणब, माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स में सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हटने के फैसले के बाद अपने पिता के साथ फोन पर हुए संवाद का उल्लेख किया है। इस पुस्तक में वह लिखती हैं कि जब उन्होंने अपने पिता से प्रधानमंत्री पद के संदर्भ में सवाल किया, तो उनका जवाब था कि नहीं, वह (सोनिया गांधी) मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनाएंगी। कांग्रेस की प्रवक्ता रह चुकीं शर्मिष्ठा ने इस पुस्तक में अपने पिता के राजनीतिक जीवन के नए, अब तक अज्ञात रहे कुछ पहलुओं को उजागर किया है। पुस्तक का प्रकाशन रूपा प्रकाशन ने किया है। मुखर्जी ने भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया। वह विदेश, रक्षा, वित्त और वाणिज्य मंत्री बने। वह भारत के 13वें राष्ट्रपति (2012 से 2017) थे। प्रणब मुखर्जी का 31 अगस्त, 2020 को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी। पार्टी अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद थी और उन्हें गठबंधन सहयोगियों का पूरा समर्थन भी प्राप्त था, लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री नहीं बनने का फैसला किया। इस निर्णय ने उनकी अपनी पार्टी के सहयोगियों और गठबंधन सहयोगियों सहित देश को आश्चर्य चकित कर दिया था। द पीएम इंडिया नेवर हैड शीर्षक वाले अध्याय में शर्मिष्ठा यह भी लिखती हैं, प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हटने के सोनिया गांधी के फैसले के बाद, मीडिया और राजनीतिक हलकों में तेज अटकलें थीं। इस पद के लिए प्रबल दावेदारों के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह और प्रणब के नामों पर चर्चा हो रही थी। उनका कहना है, मुझे कुछ दिनों तक बाबा (प्रणब मुखर्जी) से मिलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि वह बहुत व्यस्त थे, लेकिन मैंने उनसे फोन पर बात की। मैंने उनसे उत्साहित होकर पूछा कि क्या वह प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनका दो टूक जवाब था, नहीं, वह मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनाएंगी। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह होंगे।

## यूको बैंक के ग्राहकों के खाते में अचानक आए 820 करोड़ रुपए, सीबीआई कर रही जांच

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक ऐसे मामले में प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें 10 से 13 नवंबर के बीच यूको बैंक के 41,000 खाताधारकों के खातों में अचानक 820 करोड़ रुपए की राशि जमा हो गई। एक तरफ जहां खातों में यह राशि जमा हो गई, वहीं दूसरी ओर उन खातों से कोई डेबिट दर्ज नहीं हुआ जहां से यह राशि मूल रूप से अंतरित हुई थी। मंगलवार तक चली छापेमारी में कोलकाता तथा मंगलूर सहित कई शहरों में 13 परिसरों पर छापेमारी की गई। तीन दिन के भीतर तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) के जरिए 8.53 लाख से अधिक लेनदेन हुए, जिसमें निजी बैंकों के 14,000 खाताधारकों से 820 करोड़ रुपए यूको बैंक के खाताधारकों के 41,000 खातों में पहुंचे। आश्चर्यजनक रूप से मूल बैंक खातों से कोई भी राशि डेबिट दर्ज नहीं हुई कई खाताधारकों ने अपने खातों में अचानक आई राशि को निकाल लिया। यूको बैंक की शिकायत पर बैंक में काम करने वाले दो सहायक इंजीनियरों और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# खालिस्तानी आतंकवादी रोडे का सहयोगी पंजाब मे गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मृत खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह रोडे के एक सहयोगी को अमृतसर हवाई अड्डे से गिरफ्तार करने का दावा किया। वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए ब्रिटेन के लिए उड़ान में सवार होने जा रहा था। रोडे का सहयोगी परमजीत सिंह उर्फ ढाडी आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और अन्य अवैध गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल है। भारत के सर्वाधिक वांछित अपराधियों में शामिल और जरनैल सिंह भिंडरावाले के भतीजे रोडे की पाकिस्तान में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए बताया कि एसएसओसी (राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ) अमृतसर ने ब्रिटेन में रहने वाले परमजीत सिंह उर्फ ढाडी को अमृतसर हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल कर ली। यादव ने कहा, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसवाईएफ (इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन) के प्रमुख लखबीर रोडे का सहयोगी ढाडी पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण एवं अन्य विनाशकारी गतिविधियों में शामिल रहा है। पुलिस प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी नेटवर्क का पता लगाने और उसे बेनकाब करने के लिए जांच चल रही है। उन्होंने ढाडी की गिरफ्तारी को क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे आतंकवादी मॉड्यूल के लिए एक बड़ा झटका बताया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि भारतीय कानून के तहत घोषित आतंकवादी रोडे की हाल ही में पाकिस्तान में मौत हो गई। 1984 में सेना की कार्वाई में अपने चाचा जरनैल सिंह भिंडरावाले के मारे जाने के बाद रोडे ने पाकिस्तान में शरण ली थी।रोडे का पैतृक गांव मोगा जिले के रोडे में है। उसकी दिल का दौरा पड़ने से रावलपिंडी के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। कुछ खबरों में कहा गया है कि उसकी मौत सोमवार को हुई(

## वर्कइंडिया से बढ़ेगा रोजगार का अवसर

**नई दिल्ली।** वर्कइंडिया ने टियर 3 और टियर 4 शहरों में रोजगार तलाश रहे लोगों के सामने आने वाली ऐसी ही चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नया फ ीचर लॉन्च किया है। वर्कइंडिया के नए फीचर से अलग-अलग जगहों पर रहने वालों के लिए जॉब सर्च की प्रक्रिया ज्यादा सरल हो सकेगी। प्लेटफॉर्म पर रोजगार की तलाश करने वाले करीब 40 प्रतिशत लोग छोटे कस्बों से होते हैं। इसे ध्यान में रखकर ही नया फीचर लॉन्च किया गया है। वर्कइंडिया इस फीचर को दिसंबर के आखिर तक भारत के 570 से ज्यादा शहरों में उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। इस फीचर से विशेषरूप से ऐसे शहरों के उम्मीदवारों को लाभ होगा। जहां लाइव जॉब के विकल्प 100 से कम रहे हैं और जहां के लोग रोजगार के लिए ऑफ लाइन तरीकों और रेफरल पर ज्यादा निर्भर रहते हैं।इस मौके पर वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा कि वर्कइंडिया में हमारा मिशन हमेशा हर रोजगार चाहने वाले को सशक्त करना रहा है, चाहे वह कहीं से भी हो।

## कर्नाटकः सत्तारूढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक ने अध्यक्ष के साथ बहस के बाद विधानसभा से बहिर्गमन किया

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक विधानसभा में प्रश्नकाल की कार्यवाही तय समय से अधिक समय तक चलने को लेकर मंगलवार को सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य और विधानसभा अध्यक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। प्रश्नकाल लंबा खिंचने से नाखुश कांग्रेस विधायक बसवराज रायरेड्डी ने कहा कि अगर अध्यक्ष नियम पुस्तिका का पालन नहीं कर रहे हैं तो उन्हें नियम पुस्तिका को फाड़ देना चाहिए। देर से आने के लिए अध्यक्ष द्वारा टोके जाने और कार्यवाही में बाधा न डालने के लिए कहे जाने पर रायरेड्डी गुस्से में सदन से बाहर चले गए। यह घटना तब हुई जब परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की ओर से कांग्रेस विधायक एन.ए. हारिस के ब्रांड बेंगलुरु से संबंधित सवाल का जवाब दे रहे थे। इस विशिष्ट प्रश्न पर चर्चा थोड़ी लंबी अवधि तक चली, जिसमें भाजपा और सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायक ब्रांड बेंगलुरु के तहत पहल पर बहस में उलझे रहे। सी.एन. अश्वथ नारायण और सतीश रेड्डी जैसे विपक्षी विधायकों ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के तहत शहर में कोई काम नहीं हुआ है। भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल ने शहर और इसके आसपास बड़ी संख्या में स्कूलों में हाल ही में बम रखे होने की अफ्वाहों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि बेंगलुरु "बम सिटी" बन गया है। उनकी टिप्पणी से दोनों पक्षों के बीच एक बार फिर तीखी नोकझोंक हुई। जब दोनों पक्षों के बीच चर्चा और बहस कुछ देर तक चलती रही तो वरिष्ठ कांग्रेस विधायक बसवराज रायरेड्डी ने कहा, मैं आपसे (अध्यक्ष) आग्रह करता हूं, यह प्रश्नकाल है...इस सदन में कोई नियम दिखाई नहीं दे रहा है। नियम पुस्तिका को फाड़कर फेंक दें...माननीय अध्यक्ष आप अध्यक्ष हैं, कृपया नियमों का पालन करें। इससे नाराज विधानसभा अध्यक्ष यू.टी. खादर ने रायरेड्डी से कहा, आप 12 बजे (एक घंटे की देरी से) आए हैं और यहां आकर उपदेश दे रहे हैं।

# उच्चतम न्यायालय ने सरोगेसी कानून के प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मंगलवार को सरोगेसी कानून के उस प्रावधान को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया जो एकल अविवाहित महिलाओं को सरोगेसी के माध्यम से बच्चे पैदा करने से रोकता है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता और पेशे से वकील नेहा नागपाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ कृपाल ने कहा कि मौजूदा सरोगेसी नियमों में बड़े पैमाने पर खामियां हैं जो अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन हैं। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ को सूचित किया कि एकल अविवाहित महिलाओं द्वारा सरोगेसी (किराए की कोख) का विकल्प चुनने का मुद्दा एक बड़ी पीठ के समक्ष लंबित है। कृपाल ने कहा कि मामले की सुनवाई की जरूरत है क्योंकि इसमें एक बड़ा संवैधानिक प्रश्न शामिल है। इसके बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी किया। वकील मलक मनीष भट्ट के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता अपने निजी जीवन में सरकार के हस्तक्षेप के बिना सरोगेसी का लाभ उठाने और अपनी शर्तों पर मातृत्व का अनुभव करने का अपना अधिकार सुरक्षित करना चाहती है। याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता को विवाह के बिना भी बच्चा पैदा करने और मातृत्व का अधिकार है।

याचिकाकर्ता को मधुमेह की बीमारी है और वह करीब 40 साल की है और यह सूचित किया जाता है कि 36 वर्ष से अधिक आयु में गर्भधारण को ज्यादा उम्र की गर्भावस्था कहा जाता है और इसमें विशेष रूप से मधुमेह के रोगियों में जटिलताएं शामिल होती हैं। शीर्ष अदालत के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए नागपाल ने अपनी याचिका में कहा कि प्रजनन और मातृत्व के अधिकार को शीर्ष अदालत ने मान्यता दी है और यह केवल प्राकृतिक तरीके से गर्भधारण तक सीमित नहीं है। याचिका में कहा गया है कि इसके दायरे में वैज्ञानिक और चिकित्सा प्रगति तक स्वतंत्र रूप से पहुंचने का अधिकार भी शामिल होना चाहिए जो गर्भधारण और मातृत्व के अधिकार को साकार करने में मदद कर सकता है, जैसे कि सरोगेसी और सहायक प्रजनन तकनीकें, ऐसा न करने पर यह अधिकार अर्थहीन हो जाएगा। याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता के लिए अपने बच्चे और परिवार के लिए सरोगेसी एकमात्र व्यवहार्य विकल्प उपलब्ध है, लेकिन वह सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 और सरोगेसी (विनियमन) नियम, 2022 के विभिन्न प्रावधानों के माध्यम से इस वैज्ञानिक और चिकित्सा उन्नति का लाभ उठाने से खुद को बाहर पाती है।

